सुप्रभात
रांची, गुरुवार
10.11.2022
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

SURJABASHA

epaper.khabarmantra.net | मार्गशीर्ष , कृष्ण पक्ष, द्वितीया, संवत 2079 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 117

12 भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरा सेमीफाइनल मैच आज




## मसलिया-रानीश्वर सिंचाई कमांड एरिया को टूरिस्ट हब बनायेंगे, शिलान्यास के बाल बोले सीएम

**बेहद खास है योजना**

# न विस्थापन, न ही कोई गांव डूबेगा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/पाकुड़।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा है कि मसलिया-रानीश्वर मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना सिंचाई के लिहाज से बेहद खास है। यह झारखंड की पहली ऐसी सिंचाई योजना है, जिसमे ना कोई विस्थापन होगा और ना ही कोई डूब क्षेत्र होगा। मसलिया-रानीश्वर सिंचाई कमांड एरिया को टूरिस्ट हब के रूप में विकसित किया जायेगा। इसके लिए योजना बनायी जायेगी। श्री सोरेन बुधवार को मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना के शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस महत्वाकांक्षी योजना का भूमि पूजन करने के साथ मॉडल का अवलोकन भी किया। उन्होंने कहा कि भूमिगत पाइपलाइन के जरिये 22383 हेक्टेयर खेत मे पटवन का पानी पहुंचेगा और फसलें लालहायेंगी।

**रोजगार और पर्यटन बढ़ेगा :** मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे स्थानीय लोगों को रोजगार के मौके मिलेगा। इस इलाके को पर्यटन के लिहाज से अलग पहचान भी मिलेगी। उन्होने कहा कि मसानजोर डैम से दुमका को अपेक्षित फायदा नहीं मिल सका। इस डैम के निर्माण के दौरान यहां के कई गांव डूब क्षेत्र में आ गये। इसी बात को ध्यान में रखकर सरकार ने मसलिया-रानीश्वर मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना को जमीन पर उतारने का संकल्प लिया है।

**1313.25 करोड़की लागत, तीन साल का लक्ष्य :** सीएम ने कहा कि मसलिया-रानीश्वर मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना के तहत भूमिगत पाइप लाइन के माध्यम से सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी। इस योजना पर 1313.25 करोड़ रुपए खर्च होंगे। निर्माण कार्य तीन वर्ष में पूरा करने का लक्ष्य है। दुमका जिले के मसलिया प्रखंड के 204 और रानीश्वर प्रखंड के 72 समेत कुल 276 गांव इस योजना से लाभान्वित होंगे। इस परियोजना के चालू होने से 22,83 हेक्टेयर कृषि भूमि में पटवन की सुविधा उपलब्ध होगी। इसमें मसलिया प्रखंड की 17066 हेक्टेयर और रानीश्वर प्रखंड की 5217 हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि शामिल है। उन्होंने कहा कि सिद्धेश्वरी नदी पर मुरगुनी गांव के पास एक बराज भी बनेगा।



**मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना की सीएम ने रखी आधारशिला, 276 गांवों को पटवन की सुविधा**

### आदिवासी, दलित, अल्पसंख्यकों को बना रहे सशक्त : हेमंत सोरेन

सीएम ने कहा कि सरकार, राज्य के आदिवासी, दलित, पिछड़ा, अल्पसंख्यक को सशक्त बनाने के लिए पूरी संवेदनशीलता। उनके लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चल रही हैं। योजनाओं का लाभ देकर इन वर्गों के लोगों को सशक्त स्वावलंबी बनाया जा रहा है। इस अवसर पर मंत्री आलमगीर आलम, सत्यानंद भोक्ता, विधायक स्टीफन मरांडी, नलिन सोरेन, सीता सोरेन, बसंत सोरेन, दिनेश विलियम मरांडी, जिला परिषद अध्यक्षा जॉयस बेसरा, दुमका जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, प्रशांत कुमार और जिला प्रशासन के कई अधिकारी मौजूद थे।

### पाकुड़ में बोले सीएम-केंद्र बकाया दे दे तो राज्य की दशा बदल जायेगी

## अपना हक मांगो तो इडी और सीबीआइ पीछे लगा देता है

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची, पाकुड़।** मुख्यमंत्री सीएम हेमंत सोरेन बुधवार को पाकुड़ में केंद्र सरकार पर जम कर हमला बोला। उन्होंने कहा, जब भी हम केंद्र सरकार से अपना हक मांगते हैं तो हमारे पीछे इडी और सीबीआई लगा दी जाती है। उन्होंने कहा कि यदि केंद्र सरकार राज्य का बकाया अंश दे दे तो झारखंड की दिशा और दशा दोनों ही ही बदल जायेगी। सीएम बुधवार को पाकुड़ में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के बाद समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने पाकुड़ को 750 करोड़ की सौगात भी दी।

**सरकार को अस्थिर करने की साजिश :** सीएम ने कहा कि सरकार ग्रामीण अर्थ व्यवस्था को मजबूत करने में लगी है, वहीं राज्य की प्रमुख विपक्षी दल सरकार को अस्थिर करने में जुटी हुई है। विकास कार्यों का देखकर विपक्षी दल को पेट दर्द हो रहा है। सीएम हेमंत सोरेन ने सरकार की उपलब्धियां भी गिनायी और आने वाले दिनों में किये जाने वाले विकास कार्यों का खाका लोगों के सामने रखा। उन्होंने कहा, सरकार ग्रामीण इलाकों के लोगों को लाभ दिलाने के साथ गरीबी उन्मूलन के लक्ष्य को हासिल करने की कोशिश कर रही है। इससे गरीबों, मजदूरों, किसानों का उत्साह भी बढ़ा है। आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की वजह से गरीबी उन्मूलन को बल मिला है।

आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सीएम ने यहां 53 हजार 946 लाभुकों के बीच 158 करोड़ 35 लाख 5 हजार रुपये की परिसंपत्ति बांटी। 545 करोड़ रुपये लागत की 27 योजनाओं का शिलान्यास एवं 21 करोड़ की राशि की 42 योजनाओं का ऑनलाइन उदघाटन भी किया।

### गुमानी नदी का कायाकल्प करेंगे

सीएम ने कहा कि गुमानी नदी के कायाकल्प के लिए 331 करोड़ की योजना को स्वीकृति दी जायेगी। क ार्यक्रम को राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम, श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग के मंत्री सत्यानंद भोक्ता, 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष प्रो स्टीफन मरांडी ने भी संबोधित किया।

## न्यूज डायरी

### योग गुरु बाबा रामदेव रांची पहुंचे

**रांची।** बुधवार की देर शाम योग गुरु बाबा रामदेव रांची पहुंचे। रांची एयरपोर्ट पर उनके प्रशंसकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे से पूरा एयरपोर्ट गूंज उठा। बाबा रामदेव ने कहा कि विपरीत परिस्थिति में भारत बेहतर दशा में है। पिछले कुछ वर्षों में कोरोना और विभिन्न समस्याएं आई हैं, वैसे में सरकार बेहतर कार्य करते हुए अच्छी स्थिति में है।

### ऑटो में लगी आग ड्राइवर जिंदा जला

**पाकुड़।** हिरणपुर थाना क्षेत्र के तोड़ाई गांव में उस समय अफरा-तफरी मच गयी जब एक ऑटो में अचानक आग लग गयी। उस समय चालक अपनी सीट पर ही बैठा था। उसे भागने का भी समय नहीं मिला और वह आग की चपेट में आ गया। वह उसी में जिंदा जल गया। सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची और शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। आग कैसे लगी इसकी जांच पुलिस कर रही है।

### नीरव मोदी को भारत लाने का रास्ता साफ

**लंदन।** भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी को भारत लाने का रास्ता साफ होता दिख रहा है। उसे वापस लाने के लिए भारतीय एजेंसियों ने सरकारी और कानूनी स्तर पर अर्जी दायर की थी। इनमें कहा गया था कि नीरव ने भारत के बैंकिंग सिस्टम के साथ फ्रॉड किया है, इसलिए उसे कानूनी प्रक्रिया के लिए भारतीय एजेंसियों के हवाले किया जाये। लंदन में ऐश-ओ-आराम की जिंदगी गुजार रहे इस भगोड़े ने अपने बचाव में कई तर्क दिए। नीरव ने यहां तक कहा कि वो भारतीय कानून का सामना करने को तैयार है, लेकिन उसे भारतीय एजेंसियों के हवाले न किया जाए। जब निचली अदालत ने उसे भारत को सौंपने का फैसला किया तो उसने हाईकोर्ट का रुख किया और अब हाईकोर्ट ने भी उसकी पिटीशन खारिज कर दी है।

### कोयला की नीलामी, प्री-बिड मीटिंग 16 नवंबर को

**रांची।** झारखंड के 17 कोल ब्लॉक सहित देश भर के कुल 141 कोल ब्लॉक की नीलामी का छठा चरण अगले वर्ष 10 फरवरी तक पूरा कर लिया जायेगा। इसके लिए भारत सरकार के कोयला मंत्रालय ने टेंडर शेड्यूल जारी कर दिया है। झारखंड में 17 कोल ब्लॉक्स की नीलामी होने से राज्य सरकार को सिक्योरिटी मनी और अन्य मद में एकमुश्त 1500 करोड़ का राजस्व हासिल होने की संभावना है। तय शेड्यूल के अनुसार कोयला खदान नीलामी में भाग लेने की इच्छुक पार्टियों के साथ प्री-बिड मीटिंग 16 नवंबर को होगी। बिड जमा करने की आखिरी तारीख 30 दिसंबर तय की गई है। इसके बाद तकनीकी और वित्तीय बिड आयोजित की जायेगी और इसमें सफल कंपनियों को अगले वर्ष 24 जनवरी से लेकर 6 फरवरी तक आयोजित होने वाले ई-ऑक्शन में भाग लेने का मौका मिलेगा।

### टी-20 वर्ल्ड कप : भाग्य भरोसे पाकिस्तान पहुंचा फाइनल में

**नयी दिल्ली।** शुरूआती मैचों में हारते-हारते अंक तालिका में सबसे नीचे रहनेवाला पाकिस्तान भाग्य भरोसे टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंच गया। बाबर आजम की कप्तानी में पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने टी-20 वर्ल्ड कप के पहले सेमीफाइनल में केन विलियमसन की अगुआई वाली न्यूजीलैंड 7 विकेट से हरा कर फाइनल में जगह बना ली। इस जीत के साथ कीवी टीम का लगातार दूसरी बार टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंचने का सपना टूट गया। एडिलेड में हुए इस मैच में पहले खेलते हुए न्यूजीलैंड की टीम ने डेरिल मिलेच के नाबाद अर्धशतक के दम पर 20 ओवर में 4 विकेट पर 152 रन बनाये। पाकिस्तान को जीत के लिए 153 रन का टारगेट मिला। पाकिस्तान की टीम ने 7 विकेट शेष रहते 19.1 ओवर में 3 विकेट पर 153 रन बनाते हुए जीत दर्ज की।

**फाइनल में भिड़ंत भारत या इंग्लैंड से**

**तीसरी बार फाइनल में पहुंचा पाकिस्तान :** पाकिस्तान की टीम ने टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल में तीसरी बार जगह बनायी। पहली बार ये टीम साल 2007 में फाइनल में पहुंची थी जहां से हार मिली थी और उसे उप-विजेता बनकर संतोष करना पड़ा था।

## आर्मी जमीन घोटाले में विष्णु अग्रवाल से पूछताछ जारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के बड़े कारोबारियों में से एक न्यूक्लियस मॉल के मालिक विष्णु अग्रवाल से इडी की पूछताछ बुधवार को भी जारी रही। आर्मी की जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री मामले में छापेमारी के बाद विष्णु अग्रवाल को इडी ने समन देकर पूछताछ के लिए बुलाया था। बुधवार को विष्णु अग्रवाल ईडी के जोनल दफ्तर पहुंचे थे, जहां उनसे ईडी के अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार उनसे सेना की जमीन खरीद-बिक्री मामले समेत अन्य मामलों से जुड़े सवाल पूछे गये। पूरे मामले में विष्णु अग्रवाल की भूमिका संदिग्ध मानी जा रही है। 4 नवंबर को इडीी ने विष्णु अग्रवाल के रांची स्थित दो ठिकानों पर छापेमारी की थी। श्री अग्रवाल समेत कई अन्य के ठिकानों पर छापेमारी में कई दस्तावेज बरामद किये थे।



**पूर्व में खरीदी गयी सभी प्रापर्टी जांच के दायरे में :** सूत्रों के अनुसार विष्णु अग्रवाल द्वारा पूर्व में किये गये सभी भूमि सौदे अब इडी की जांच के दायरे में हैं। इसमें सर्कुलर रोड स्थित एक एकड़ से अधिक भूमि भी शामिल है। जहां रांची महिला कॉलेज का छात्रावास था। विष्णु अग्रवाल ने फरवरी 2018 में महुआ मित्रा और संजय कुमार घोष से 3.75 एकड़ जमीन खरीदी थी। 24. 37 करोड़ रुपये का भुगतान किया था।

### इडी ने सीएम को जारी किया दूसरा समन

सीएम हेमंत को प्रवर्तन निदेशालय ने 17 नवंबर को हाजिर होने के लिए नोटिस भेजा है। इडी की टीम उनसे पूछताछ करेगी। इस नोटिस के बाद सियासत गरमा गयी है। इडी ने समन में कहा है कि पूछताछ के लिए रांची क्षेत्रीय कार्यालय में आयें। ऐसा नहीं करने पर उनके खिलाफ कार्रवाई हो सकती है। इडी ने यह भी कहा है कि उसे इस मामले में किसी से अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं है। कुछ दिन पहले भी इडी ने सीएम को समन जारी किया था। तब श्री सोरेन ने रायपुर में आयोजित आदिवासी महोत्सव में शामिल होने जाने के लिए तीन-चार हफ्ते का समय मांगा था। बुधवार को इडी ने पुनः समन जारी कर 17 नवंबर को हाजिर होने के लिए कहा है। यह इडी का यह दूसरा समन है।

## कैबिनेट में आज संविदाकर्मियों को मिल सकती है सौगात

**रांची।** कैबिनेट की बैठक गुरुवार को होगी। बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों की स्वीकृति मिलने की संभावना है। इसमें संविदाकर्मियों को स्थायीकरण की सौगात मिल सकती है। इसके अलावा 1932 खतियान आधारित स्थानीयता में संशोधन पर फैसला हो सकता है। विवि-कॉलेज के कर्मियों को सातवें वेतनमान का लाभ देने पर निर्णय हो सकता है। इस संबंध में उच्च शिक्षा विभाग के प्रस्ताव पर वित्त विभाग की सहमति मिल गयी है। सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में बैठक झारखंड मंत्रालय में शाम 4 बजे से होगी। संविदाकर्मियों के मामले को यदि मंजूरी मिल जाती है तो लंबे समय से चल रही संविदाकर्मियों की मांग पूरी हो जायेगी। सरकार के इस फैसले से झारखंड के करीब डेढ़ लाख संविदाकर्मियों को लाभ मिलेगा। इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट और झारखंड हाई कोर्ट का भी समयसमय पर फैसला आया है। सीएम भी घोषणा कर चुके हैं और सरकार ने सर्वे भी कराया था।

**विशेष सत्र को ले आज दोनों पक्षों की बैठक:** वहीं झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र 11 नवंबर को होगा। इससे पहले गुरुवार शाम सत्तारूढ़ दल झामुमो , कांग्रेस और राजद की बैठक मुख्यमंत्री आवास पर होगी। वहीं प्रमुख विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी ने भी विधायक दल की बैठक 10 नवंबर को बुलायी है। भाजपा कार्यालय में गुरुवार को शाम भाजपा विधायक दल की बैठक होगी जिसमें बाबूलाल मरांडी सहित सभी विधायक रहेंगे।

### डीवाइ चंद्रचूड़ बने 50वें सीजेआइ राष्ट्रपति ने दिलायी शपथ



**नयी दिल्ली।** जस्टिस धनंजय वाई चंद्रचूड़ देश के 50वें प्रधान न्यायाधीश बन गये। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को सुबह उन्हें शपथ दिलायी। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ 10 नवंबर 2024 तक इस पद पर रहेंगे। उनके पिता लगभग सात साल और चार महीने तक प्रधान न्यायाधीश रहे थे, जो शीर्ष अदालत के इतिहास में किसी सीजेआई का सबसे लंबा कार्यकाल रहा है। वह 22 फरवरी 1978 से 11 जुलाई 1985 तक प्रधान न्यायाधीश रह थे। न्यायमूर्ति डीवाइ चंद्रचूड़ 10 नवंबर 2024 तक दो साल के लिए इस पद पर रहेंगे। वह न्यायमूर्ति उदय उमेश ललित का स्थान लेंगे, जिन्होंने 11 अक्टूबर को उन्हें अपना उत्तराधिकारी बनाये जाने की सिफारिश की थी।

## जोशी,आडवाणी, कल्याण समेत सभी आरोपी बरी

### अयोध्या मामला : सीबीआइ कोर्ट के खिलाफ दायर याचिका खारिज

**एजेंसी**

**लखनऊ।** अयोध्या में विवादित ढांचा विध्वंस मामले में पूर्व डिप्टी पीएम आडवाणी समेत सभी 32 आरोपियों के खिलाफ दाखिल याचिका को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने खारिज कर दी। इन सभी को सीबीआइ की विशेष अदालत ने 30 सितंबर 2020 को ही बरी कर दिया था। बुधवार को आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, कल्याण सिंह, उमा भारती समेत अन्य आरोपियों को बरी करने के खिलाफ दाखिल याचिका को हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने खारिज कर बड़ी राहत दी। न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा की अध्यक्षता वाली दो सदस्यीय खंडपीठ ने अपना निर्णय 31 अक्टूबर को सुरक्षित कर लिया था। अयोध्या निवासी हाजी महबूब अहमद और सैयद अखलाख अहमद की ओर से कोर्ट में सीबीआइ कोर्ट के फैसले के खिलाफ पुनरीक्षण याचिका दाखिल की गयी थी।



इसे न्यायालय ने आपराधिक अपील में परिवर्तित करने का आदेश दिया था। मामले में सीबीआई की तरफ से भी आपत्ति दाखिल की गयी थी।

**कोई पूर्व योजना नहीं थी :** सीबीआई की विशेष अदालत ने आदेश में कहा गया था कि मस्जिद गिराने की कोई भी योजना नहीं थी। इसको लेकर पहले से साजिश भी नहीं की गयी थी। इसी फैसले के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट में एक याचिका दाखिल की गयी थी। जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया है। जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस सरोज यादव की पीठ ने याचिका पर सुनवाई के बाद 31 अक्टूबर को फैसला सुरक्षित रख लिया था।

### 28 साल बाद आया था फैसला

6 दिसंबर 1992 को अयोध्या में विवादित ढांचा ढहाए जाने के मामले में 28 साल बाद फैसला आया था। सीबीआइ की विशेष अदालत ने आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, कल्याण सिंह, उमा भारती, साक्षी महाराज, लल्लू सिंह और बृजभूषण शरण सिंह समेत सभी को बरी कर दिया गया था। सभी आरोपियों को बरी करते हुए कहा था कि विध्वंस सुनियोजित नहीं था। घटना अचानक हुई।

## जमादार पिटाई मामले में 49 गिरफ्तार, 300 पर केस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** जमादार की पिटाई, पुलिस वर्दी फाड़ना पुलिस टीम से उलझना ग्रामीणों को महंगा पड़ा। पुलिस पर पथराव, सरकारी काम में बाधा डालने और मारपीट के आरोप में 12 घंटे के अंदर 49 उपद्रवियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं 90 नामजद समेत 300 अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। पुलिस की ओर से दर्ज प्राथमिकी में इन सभी पर ऑन ड्यूटी पुलिस अधिकारियों- जवानों पर जानलेनवा करने और वाहनों को क्षतिग्रस्त कर लूटपाट करने का आरोप है। सिंहपुर गांव में सदर थाना के जमादार शशिकांत ठाकुर को ग्रमीणों ने मंगलवार को बंधक बना लिया था। मारापीट और उनकी वर्दी फाड़ दी थी। बचाव के लिए पहुंची पुलिसकर्मियों पर पथराव किया गया था। एसपी का कहना है कि इस मामला में पुलिस किसी उपद्रवी को नहीं छोड़ेगी। पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन बुधवार को घायल पुलिस जवानों से मिलने अस्पताल पहुंचे। उन्होंने कहा कि उपद्रवियों की पहचान की गयी है। उसी के आधार पर उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

**चतरा एसपी बोले, किसी भी उपद्रवी को नहीं छोड़ेंगे**

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 48,800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 64,500 रु./प्रति किलो |

# प्रेशर पॉलिटिक्स करने वाली कांग्रेस बोर्ड-निगम के बंटवारे को लेकर खुद प्रेशर में

### तीन साल तक झारखंड के गठबंधन सरकार में रहने के बाद भी बोर्ड निगम का बंटवारा नहीं करा पायी कांग्रेस

**सत्येन्द्र**

**रांची।** प्रेशर पॉलिटिक्स के बल पर गठबंधन के सहारे देश की सत्ता पर लगभग तीन दशक तक काबिज रहनेवाली देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस और उनके नेता झारखंड की गठबंधन सरकार में बोर्ड एवं निगम के बांटवारे को लेकर खुद प्रेशर में है। झामुमो के साथ झारखंड की सत्ता में रहते हुए कांग्रेस पार्टी को लगभग तीन साल से ज्यादा हो गया है। इसके बावजूद अब तक बोर्ड, निगम और बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति (15 जिलों को छोड़कर) का गठन कांग्रेस पार्टी नहीं कर पायी है। गठन नहीं होने की नाराजगी प्रदेश कांग्रेस कार्यकताओं के साथ विधायकों में भी है। हालांकि विधायकों ने अपनी नाराजगी के लिए कभी भी बोर्ड, निगम बंटवारा का नहीं होना स्वीकार नहीं किया है।

### अब तक केवल डेडलाइन पर ही जोर

बीस सूत्री और बोर्ड -निगम बंटवारे को लेकर कांग्रेसी नेताओं द्वारा अबतक केवल डेडलाइन ही दी जाती रही है। पूर्व प्रदेश प्रभारी रहे (अभी भाजपा में) आरपीएन सिंह ने जनवरी 2021 तक की डेडलाइन दी थी। काफी प्रेशर के बाद दिसंबर 2021 में बीस सूत्री पर काम शुरू हुआ लेकिन केवल 15 जिलों तक ही सीमट कर रह गया है। साहेबगंज, पाकुड़, जामताड़ा, गढ़वा, लातेहार, खूंटी, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, पश्चिम सिंहभूम, सरायकेला-खरसांवा, रामगढ़, गिरिडीह, बोकारो और चतरा जैसे जिलों और प्रखंडों में उपाध्यक्ष, सदस्य की नियुक्ति कर ली गयी। वहीं दूसरी बार में सिर्फ रांची एवं दुमका को छोड़कर शेष जिलों में गठन कर दिया गया है। इसके बावजूद राजधानी रांची एवं उप राजधानी दुमका जैसे अहम माने वाले जिलों में बीस सूत्री का पद आज तक खाली है। इन जिलों में बीस सूत्री का गठन जल्द हो इस पर विचार भी नहीं किया गया।

### को-ऑर्डिनेशन कमिटी की पहली बैठक में भी चर्चा नहीं




को-ऑर्डिनेशन कमिटी की गठन के बाद बोर्ड-निगम बंटवारे के लिए 2 जून को झामुमो, कांग्रेस और आरजेडी के बीच 9 सदस्यीय को-ऑर्डिनेशन कमेटी का गठन किया गया। कमेटी की पहली बैठक 17 जून को भी हुई। बैठक के बाद विधायक दल के नेता आलमगीर आलम द्वारा यही बताया गया कि यह पूरी तरह से मांडर उपचुनाव और लॉ एंड ऑर्डर पर केंद्रित थी। यानी पहली बैठक में भी बोर्ड-निगम बंटवारे पर चर्चा नहीं हुई। इसके बाद को-ऑर्डिनेशन कमिटी की बैठक दोबारा हुआ ही नहीं। पहल भी हुआ लेकिन चुनाव आयोग द्वारा राजयपाल को भेजा गया पत्र ने सारे अरमानों पर पानी फेर दिया।

**बहुत जल्द होगा बीस सूत्री और बोर्ड -निगम का बंटवारा :** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने कहा कि को-ऑर्डिनेशन कमेटी का गठन हो गया है। कमेटी की पहली बैठक भी हो चुकी है। पहली बैठक में विशेष चर्चा नहीं हो पायी है। बांटवारे को लेकर सारा मामला गठबंधन सरकार में शामिल सहयोगी दलों के संज्ञान में है। बहुत जल्द ही रांची और दुमका जिले में बीस सूत्री का गठन कर लिया जाएगाा। वहीं बोर्ड एवं निगम के बांटवारे को लेकर गठबंधन की सरकार गंभीर है। इसका भी बंटवारा जल्द कर लिया जाएगा।

## होटवार जेल में डीसी और एसएसपी के नेतृत्व में हुई छापेमारी,बरामद कुछ नहीं

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राजधानी रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बुधवार की सुबह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा और एसएसपी किशोर कौशल के नेतृत्व में बुधवार को छापेमारी की गयी। छापेमारी दल में एसडीएम, सिटी एसपी, सिटी डीएसपी और सदर डीएसपी सहित कई अन्य डीएसपी और थानेदार शामिल रहे। जेल सूत्रों के अनुसार पूरे जेल की तलाशी ली गई पर आश्र्यजनक रूप से जेल से किसी भी तरह का आपत्तिजनक सामान नहीं मिला।

**दो घंटे तक चली रेड :** रांची जेल में बंद वीआईपी कैदियों की संदिग्ध गतिविधियों की खबर मिल रही थी। रांची में आपराधिक घटनाओं के मद्देनजर रांची पुलिस ने छापेमारी की। होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में पुलिस की टीम लगभग 2 घंटे तक रही इस दौरान जवानों ने जेल में बंद कुख्यात अपराधियों के वार्ड को खंगाला। कुख्यात अपराधियों के आसपास की जगह की भी तलाशी ली गई लेकिन पुलिस को खैनी, ताश और सब्जी काटने वाला चाकू के अलावा कुछ नहीं मिला।

**जेल में बंद हैं मनी लॉड्रिंग के कई बड़े अपराधी :** झारखंड में ईडी और आयकर विभाग की कार्रवाई के बाद कई लोगों पर शिकंजा कस रहा है। झारखंड के मनी लाउंड्रिंग केस के कई प्रमुख आरोपी भी इसी जेल में बंद हैं। इस छापेमारी को लेकर कई तरह की चर्चाएं हैं। जेल में निलंबित खान सचिव पूजा सिंघल, पंकज मिश्रा, प्रेम प्रकाश और बच्चू यादव इस समय इसी जेल में बंद हैं।

**पंकज मिश्रा को लेकर हुआ था बड़ा खुलासा :** आयकर और ईडी के शिकंजे में आए इनमें से ज्यादातर लोग इलाजरत हैं और रिम्स के पेइंग वार्ड में अपना इलाज करा रहे हैं। पंकज मिश्रा कई लोगों के संपर्क में थे। ईडी ने इसे लेकर खुलासा भी किया था। जेल के अंदर से भी कई लोगों के बाहर से संपर्क रहने की खबरें आती रही है। ईडी ने हाल में ही 2 लोगों को हिरासत में लिया था। इनसे पूछताछ में खुलासा हुआ था कि पंकज मिश्रा न्यायिक हिरासत में रहने के बावजूद फोन के जरिए कई वरीय अधिकारियों के संपर्क में था।

**एक्टिव मोबाइल है छापेमारी की बड़ी वजह :** जेल में छापेमारी के पीछे सबसे बड़ी वजह होती है मोबाइल फोन। इससे पहले भी 14 जून को छापेमारी हुई थी। रांची के साथ- साथ धनबाद और हजारीबाग स्थित जेलों में बंद गैंगस्टर्स मोबाइल-सेलफोन के जरिए गिरोह ऑपरेट करने की खबर आयी थी। इसके बाद छापेमारी की गयी थी। रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल के भीतर 150 से भी ज्यादा मोबाइल सिम एक्टिव पाए गये थे। पुलिस मुख्यालय ने जेल के भीतर सक्रिय सिमकार्ड नंबर, व्हाट्सएप नंबर, आईईएमईआई नंबर और वर्चुअल नंबर के ब्योरे के साथ ये रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंपी थी।

## पुलिस की कार्रवाई अवैध बालू लदा सात हाइवा जब्त

**रांची।** अवैध बालू माफियाओं के खिलाफ रांची पुलिस ने कार्रवाई की है। एसएसपी किशोर कौशल को मिली गुप्त सूचना के आधार पर ग्रामीण एसपी नौशाद आलम के निर्देश पर रांची पुलिस जिले के सिल्ली थाना क्षेत्र से अवैध बालू लदा सात हाइवा जब्त किया है। हालांकि इस दौरान माफिया दो हाइवा को लेकर भागने में सफल रहे। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया कि पुलिस की टीम ने सात बालू लदा हाइवा को जब्त किया है, दो हाईवा भागने में सफल रहा। सभी जब्त वाहनों को सिल्ली थाना परिसर में रखा गया है।

**रारो नदी से हो रहा है अवैध रूप से बालू का उठाव :** एसएसपी किशोर कौशल को गुप्त सूचना मिली थी की रारो नदी से अवैध रूप से बालू का उठाव हो रहा है। एसएसपी के द्वारा सिल्ली पुलिस को कार्रवाई का आदेश दिया गया। सिल्ली थाना और मुरी ओपी की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए रारो नदी से अवैध बालू लोड कर आ रहे सभी वाहनों को जब्त कर लिया है।

### विदेशी सिक्कों सहित कई कीमती सामान बरामद

# दो दर्जन से अधिक घरों में चोरी करने वाला शातिर चोर धराया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी के चुटिया थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। इस चोर के पास से सोना, चांदी और हीरे के गहनों के साथ-साथ पीतल के बर्तन और दर्जनों मोबाइल, एलईडी के साथ विदेशी सिक्का समेत नगदी बरामद हुआ है। यह शातिर चोर उत्तर प्रदेश का रहने वाला बताया जा रहा है और लंबे समय से रांची के अलग-अलग इलाकों में चोरी की वारदात को अंजाम दे रहा था।

**गोरखपुर, यूपी का रहने वाला है शातिर चोर :** शतिर चोर का नाम रवि शर्मा उर्फ सुद्दू शर्मा है। यह मूलरूप से यूपी के गोरखपुर जिले के देवरिया का रहने वाला है। आरोपी ने बताया कि इसने दो दर्जन से अधिक घरों में चोरी की है। आरोपी चुटिया स्थित द्वारिकापुरी रोड नंबर-8 में किराये के मकान में रहता था। वह ऐसे जगहों की तलाश में रहता था जहां आसानी से चोरी की जा सके।




**पुलिस कर रही है पुछताछ, होंगे कई खुलासे :** छठ की रात में भी चोर ने द्वारिकापुरी रोड नंबर 2 में चोरी की थी। डेढ़ महीने पहले इसने कृष्णापुरी रोड नंबर 1बी में कई घरों में चोरी की थी। पुलिस इससे चोरी के दूसरे ठिकानों का भी पता लगा रही है। एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि आरोपी को चोरी के समान के साथ पकड़ा गया है। चोरी के कई कीमती सामान भी बरामद किये गये हैं जिसमें भारी मात्रा में ज्वेलरी सहित अन्य सामान भी हैं।

### अकेले करता था चोरी

अबतक वह दो दर्जन से ज्यादा घरों में चोरी कर चुका है। यह शातिर चोर इसलिए भी नहीं पकड़ा गया क्योंकि यह किसी गिरोह के लिए काम नहीं करता था। आरोपी अकेले ही घटना को अंजाम दिया करता था। जहां भी चोरी करनी हो उस जगह की रेकी करता था, आसपास के इलाके की पूरी छानबिन के बाद ही वह घटना का अंजाम देता था।

**हाथ में दस्ताने और चेहरे पर नकाब लगाकर करता था चोरी :** चोरी करने के लिए चोर शातिर तरीके अपनाता था। औजार, दस्ताने, मास्क बरामद किये गये, जिनका इस्तेमाल घटना को अंजाम देने के समय किया करता था। यह पहली बार नहीं है जब इसे गिरफ्तार किया गया हो इससे पहले भी वह पकड़ा गया था।

## द्वितीय छात्र संसद में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित हो : स्पीकर

**रांची।** स्पीकर रबीन्द्र नाथ महतो ने बुधवार को विधायी शोध संदर्भ एवं प्रशिक्षण कोषांग द्वारा आयोजित होने वाली द्वितीय छात्र संसद के निमित्त विभिन्न विश्वविद्यालयों से चयनित छात्र छात्राओं को वेबिनार से संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत युवाओं का देश है, हर क्षेत्र में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। विश्वविद्यालय के माध्यम से कुल 111 छात्र एवं छात्राओं का चयन किया गया है। इनका अगला परीक्षण दिनांक 12 नवंबर को 4 पैनल के जजों के माध्यम से होगा। प्रत्येक पैनल में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े चार जज होंगे। अंतिम 24 छात्र-छात्राओं का चयन 23 एवं 24 नवंबर को होने वाली द्वितीय छात्र संसद के लिए होगा। इस वेबिनार के को-आर्डिनेशन रवि कुमार थे।

## कोटक म्यूचुअल फंड ने निवेश के लिए एसआईपी को दिया बढ़ावा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** कोटक म्यूचुअल फंड के लिए यह वित्त-वर्ष बेहद उत्साहजनक रहा है। कंपनी ने परिसंपत्ति की सभी श्रेणियों में एसेट अंडर मैनेजमेंट में शानदार वृद्धि दर्ज की है। वर्तमान में कोटक म्यूचुअल फंड में एसआईपी खातों की संख्या 29 लाख से अधिक (30 सितंबर, 2022 तक) है। कोटक म्यूचुअल फंड के निवेशकों के बीच कोटक फ्लेक्सीकैप फंड, कोटक ब्लूचिप, कोटक इमर्जिंग इक्विटी और कोटक इक्विटी अपॉर्चुनिटीज जैसे उत्पाद लोकप्रिय हैं। मनीष मेहता, नेशनल हेड ने कहा, पिछले कुछ सालों में भारतीय म्यूचुअल फंड उद्योग का बड़ी तेजी से विकास हुआ है। जिससे युवा पीढ़ी निवेशकों ने म्यूचुअल फंड के क्षेत्र में एसआईपी जैसे निवेश के नए साधनों में काफी दिलचस्पी दिखाई है। एसआईपी का सक्रियतापूर्वक प्रचार-प्रसार कर रहे हैं, जिसने बीते कुछ सालों में काफी लोकप्रियता हासिल की है। उतार-चढ़ाव के दौर में भी एसआईपी ने नियमित और अनुशासित निवेशकों के निवेश को संतुलित बनाए रखा है। निवेशक हमारी मौजूदा योजनाओं में से किसी एक को चुन सकते हैं और एसआईपी के जरिए निवेश शुरू कर सकते हैं।

## वैश्य मोर्चा ने राज्यपाल, विस अध्यक्ष और सीएम को सौंपा मांग-पत्र

**रांची।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा द्वारा बुधवार को राज्यपाल रमेश वैस और सीएम समेत अन्य मंत्रियों को मांग पत्र सौंपा। मोर्चा ने स्पीकर रवीन्द्रनाथ महतो, संसदीय कार्यमंत्री आलमगीर आलम, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी, आजसू विधायक दल के नेता सुदेश महतो एवं भाजपा विधायक दल के सचेतक विरंची नारायण को तीन सूत्री मांग-पत्र सौंपा है। इसमें कहा है कि झारखंड अलग राज्य के आंदोलन में वैश्य समाज के लोगों का भरपूर योगदान रहा है। कई लोग शहीद हुए और हजारों लोग जेल गये, पुलिसिया जुल्म का शिकार हुए तथा आज भी केस का सामना कर रहे हैं। इनके संघर्ष और कुर्बानियों को दरकिनार करने का प्रयास किया गया है। मोर्चा ने मांग की है कि झारखंड आंदोलन में अहम योगदान देने वाले पूर्व मंत्री स्व. पूरनचंद, डॉ. वी.पी. केशरी एवं शहीद मणींद्रनाथ मंडल की आदमकद प्रतिमा विधानसभा परिसर में लगायी जाये। वैश्य झारखंड आंदोलनकारियों को मान-सम्मान दिलाने के लिए वैश्य आंदोलनकारियों की सूची बनाई जाए और उनके हितों की रक्षा एवं समस्याओं के निराकरण के लिए वैश्य आयोग का गठन की जाये।

## मनी लॉड्रिंग के आरोपी अधिवक्ता राजीव कुमार को हाई कोर्ट से मिली जमानत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मनी लाड्रिंग के आरोप में जेल में बंद अधिवक्ता राजीव कुमार को झारखंड हाईकोर्ट ने जमानत देने का फैसला लिया है। अदालत ने उन्हें एक-एक लाख के दो निजी मुचलके पर रिहा करने का निर्देश दिया है। अधिवक्ता राजीव कुमार को कोलकाता पुलिस ने गिरफ्तार किया था। अधिवक्ता राजीव कुमार पर गंभीर आरोप है कि उन्होंने पीआईएल से नाम हटाने के एवज में कोलकाता के एक व्यवसायी से एक करोड़ रुपये की रकम मांगी थी। पहली किश्त के रूप में 50 लाख रुपये लेते हुए कोलकाता पुलिस ने गिरफ्तार किया था। अधिवक्ता राजीव कुमार पर वहां हेयर स्ट्रीट थाने में व्यवसायी अमित अग्रवाल ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। अमित अग्रवाल ने दावा किया था कि उनके विरुद्ध झारखंड उच्च न्यायालय में दायर जनहित याचिका मैनेज करने के नाम पर अधिवक्ता ने 10 करोड़ रुपये मांगे थे। 10 करोड़ देने में असमर्थता जाहिर करने के बाद बात एक करोड़ रुपये पर तय हुई थी।

## 34 हजार भाजपा कार्यकर्ताओं ने 19 जिलों में निकाला आक्रोश मार्च

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा ने कहा है कि राज्य के 19 जिलों में हेमंत हटाओ, झारखंड बचाओ कार्यक्रम चलाया गया। श्री सिन्हा बुधवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बताया कि झारखंड बचाओ कार्यक्रम के तहत 19 जिलों के 31 प्रखंडों में कार्यक्रम चलाया गया। इसमें 34 हजार से अधिक कार्यकर्ताओं ने शिरकत की। पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी, पूर्व मंत्री रणधीर सिंह, विधायक ढुलू महतो, पूर्व विधायक कुणाल षाडंगी समेत कई प्रमुख नेताओं ने राज्य में अलग-अलग जगहों पर इसका नेतृत्व किया। उन्होंने कहा कि राज्य में हर ओर फैले भ्रष्टाचार के खिलाफ अब जनता के बीच से भी आवाज उठने लगी है। राज्यभर में सड़कों की स्थिति खराब है। सरकार रांची और इसके आसपास की ठीकठाक सड़कों को ही फिर से बनवा रही है। इससे भ्रष्टाचार के प्रमाण प्रत्यक्ष तौर पर सामने आ रहे हैं। 10 नवंबर को पार्टी की ओर से 53 स्थानों पर विरोध कार्यक्रम चलाया जायेगा।

उन्होंने कहा कि श्री मरांडी ने पीरटांड़ में सरकार संरक्षित भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज बुलंद किया। उन्होंने कहा कि इस भ्रष्ट सरकार के विरुद्ध सड़कों पर अब जनसैलाब उतरने लगा है। इससे पता लगता है कि वर्तमान सरकार से आज हर कोई त्रस्त है। जाति, आय या आवासीय प्रमाण पत्र या कोई भी सरकारी काम बिना चढ़ावे के नहीं होता है। मौके पर मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, सूरज शाहदेव भी उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### सीएमपीडीआई में सांस्कृतिक प्रतियोगिता शुरू

रांची। सीएमपीडीआई के क्षेत्रीय संस्थान-3, रांची के तत्वावधान में संस्थान के मयूरीहॉल में तीन-दिवसीय अंतर क्षेत्रीय संस्थान सांस्कृतिक प्रतियोगिता-2022-23 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन सीएमपीडीआई के सीएमडी की धर्मपत्नी रूपाली गुप्ता, निदेशक आरएन झा की धर्मपत्नी सीमा झा, निदेशक एसके गोमास्ता की धर्मपत्नी नीरजा गोमास्ता, निदेशक शंकर नागाचारी की धर्मपत्नी प्रीती नागाचारी, क्षेत्रीय निदेशक जयंत चक्रवर्ती की धर्मपत्नी सुदर्शना चक्रवती ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जविलत कर किया।

### स्कूल ऑफ योगा में पुरस्कार वितरण समारोह

रांची। रांची विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ योगा सभागार में बुधवार को पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा और विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो वीसी डॉ कामिनी कुमार उपस्थित थे। इनके अलावा विवि के रजिस्ट्रार डॉ मुकुंद चंद्र मेहता तथा टीवीएस के उपनिदेशक डॉ स्मृति सिंह उपस्थित होकर बच्चों का हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम का संचालन स्कूल ऑफ योगा के शिक्षक मनोज सोनी तथा स्कूल ऑफ योगा की निर्देशिका डॉक्टर मधुलिका वर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया।

### सरना धर्म कोड की मांग के लिए दिल्ली रवाना

रांची। केन्द्रीय सरना संघर्ष समिति और आदर्श सरना समिति के लोग बुधवार को केन्द्र सरकार से सरना धर्म कोड मांग को लेकर दिल्ली रवाना हुए। रवानगी के पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत ने कहा कि आदिवासी, आदि काल से रहने वाले को उनके धर्म का पहचान न मिलना एक षड्यंत्र है, जब तक धर्म की आजादी नही मिल जाती तब तक संघर्ष जारी रहेगा। केन्द्रीय सरना संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष शिवा कच्छप ने कहा कि आजादी के बाद भी अब तक सरना धर्म कोड नही दिया गया ,इसका खामियाजा पूरे आदिवासी को भुगतना पड़ रहा है।

### पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास

**रांची।** रांची के डोरंडा के वार्ड 49 अंतर्गत के जी एन 2 के विभिन्न गलियों में बुधवार को वार्ड पार्षद जमीला खातून के द्वारा पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। पथ निर्माण कार्य की कुल लंबाई लगभग 600 फीट है। मौके पर वार्ड पार्षद जमीला खातून ने जनता के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। मौके पर हाजी अकबर, शाहिद आलम,राजू, ऐजाज, नूरूल, कैलाश शर्मा, शमा परवीन,नूरजहा खातून,हदीसन खातून, जीनत परवीन समीना खातून और वहां के सम्मानित नागरिकगण उपस्थित थे।

### 1026 मामलों का वार्ड स्तर पर हुआ निबटारा


**रांची।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बुधवार को रांची नगर निगम द्वारा वार्ड 39 तथा वार्ड 40 में शिविर लगाकर स्थानीय लोगों को निगम द्वारा प्रद्त्त सेवाओं की जानकारी दी गयी। शिविर में वार्ड 39 में कुल 797 तथा वार्ड 40 में कुल 229 मामलों का निपटारा वार्ड स्तर पर किया गया। यह भी बताया गया कि वार्ड 41 एवं 42 में शिविर लगाया जाएगा।

### जिलास्तरीय अनुकंपा समिति ने 10 सामान्य और चौकीदार से संबंधित 05 अभ्यावेदन को दी स्वीकृति

**रांची।** उपायुक्त सह अनुकंपा समिति के अध्यक्ष राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में जिलास्तरीय अनुकंपा समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में समिति द्वारा सामान्य एवं चौकीदार से संबंधित अभ्यावेदनों की समीक्षा की गई। समिति द्वारा कुल 20 अभ्यावेदनों की समीक्षा की गयी। इनमें चौकीदार के 05 एवं सामान्य के 15 अभ्यावेदन थे। सामान्य अभ्यावेदनों पर विचार विमर्श के बाद समिति ने 15 में से 10 अभ्यावेदनों को स्वीकृत किया जबकि एक अभ्यावेदन को अस्वीकृत किया गया। समिति द्वारा 01 अभ्यावेदन पर कार्मिक विभाग से मार्गदर्शन का निदेश दिया गया। साथ ही तीन अभ्यावेदनों पर त्रुटि सुधार का निर्देश दिया गया। चौकीदार से संबंधित मामलों पर विचार विमर्श करते हुए सभी 05 अभ्यावेदनों को समिति द्वारा स्वीकृत किया गया। बैठक में अपर समाहर्त्ता रांची, जिला स्थापना उप समाहर्त्ता, उप समाहर्त्ता सामान्य शाखा, कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग, रांची एवं संबंधित विभाग के पदाधिकारी/प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# मतदाता सूची में नाम शामिल करायें या उसमें गलती सुधरवाएं : जिला निर्वाचन पदाधिकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** निर्वाचन आयोग 9 नवंबर 2022 से 8 दिसंबर 2022 तक मतदाता पहचान पत्र में सुधार या बदलाव के लिए मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम चला रहा है। इस संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा ने बताया कि मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 9 नवंबर 2022 से मतदाता सूची प्रारुप का प्रकाशन किया जा रहा है। दावा और आपत्ति दाखिल करने की तिथि 9 नवंबर 2022 से 8 दिसंबर 2022 है, दावों और आपत्तियों का निपटारा 26 दिसंबर 2022 तक किया जायेगा जबकि मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 05 जनवरी 2023 को किया जायेगा।

**रांची में कितने वोटर्स :** विशेष अभियान के तहत दिनांक 12,13,19 और 20 नवंबर 2022 को सभी बीएलओ अपने-अपने मतदान केन्द्र में 10.00 बजे से लेकर शाम के 5:00 बजे तक भरे हुए दावा आपत्ति आवेदन पत्र स्वीकार करेंगे। इसके अलावा आप एउक की वेबसाइट और ऐप पर भी ऑनलाइन दर्ज करने में सहयोग प्रदान करेंगे। रांची जिला के सभी सात विधानसभा क्षेत्र में कुल 2771 बूथ और 2327204 मतदाता हैं। इनमें 1190288 पुरुष, 1136850 महिला और 66 थर्ड जेंडर वोटर हैं, जबकि कुल पीडब्ल्यूडी वोटर 27639 हैं।

### कैसे ठीक कर सकते हैं

इस दौरान वाले लोग जिनकी उम्र 01-01।-2023 को जो 18 साल के हो जायेंगे वो भी प्रपत्र-6 में आवदेन भरकर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 के दौरान मतदाता सूची में दर्ज करा सकते हैं। इसके अलावा प्रपत्र 6 मतदाता सूची में नाम दर्ज करने हेतु, प्रपत्र-7 मतदाता सूची में सम्मिलित, मृत, स्थानान्तरित, दोबारा प्रविष्टि, योग्यता नहीं रखने वाले मतदाताओं का नाम हटाने हेतु, प्रपत्र-8 मतदाता सूची में गलत नाम, उम्र संबंधी का नाम, फोटो, पता आदि के सुधार हेतु एवं एक ही विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में एक मतदान केंद्र से दूसरे मतदान केंद्र पर स्थानान्तरित करने के लिए भरा जा सकता है।

### कहां करे आवेदन

सभी प्रपत्र निःशुल्क, बीएलओ संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी/अंचल अधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी या निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, राँची के कार्यालय से लिये जा सकते हैं। साथ ही भारत निर्वाचन आयोग के वेबसाइट से भी आवेदन पत्र डाउनलोड किये जा सकते हैं।

## आज से मौसम होगा साफ, ठंड का असर

**रांची।** राजधानी समेत पूरे झारखंड में आज से कनकनी बढ़ेगी। मौसम विभाग के अनुसार, बुधवार को सुबह कोहरे के बाद मौसम साफ होगा। आज से बादल छंटने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि रिकार्ड तोड़ने वाली ठंड 15 दिसंबर से लेकर 15 जनवरी के बीच में ही होती है। अभी फिलहाल हिमालयी क्षेत्र में बर्फबारी हो रही है। बादल भी छाए हैं। बादल छंटने के बाद यहां तापमान में गिरावट आएगी। उन्होंने बताया कि बादल छाये रहने से जितनी ठंड पड़नी चाहिए थी, उतनी ठंड अभी नहीं पड़ रही है। सुबह में कोहरे के कारण और शाम के बाद थोड़ी ठंड का अहसास हो रहा है। 13 नवंबर को न्यूनतम तापमान 13 डिग्री तक गिरने का पूवार्नुमान है।

# झारखंड में अवैध लॉटरी का बोलबाला, प्रतिबंधित खेल बन गया है व्यापार

हमारे देश में लॉटरी की प्रथा काफी पुरानी है। लॉटरी एक जुआ की तरह का खेल है। जिसमें रातों-रात लोग करोड़पति बन जाते हैं। कई लोग खाकपति बन जाते हैं और कई परिवार अमीर बनने की लालच में पूरी तरह से बर्बाद भी हो जाते हैं। भारत में लॉटरी को लेकर कोई स्पष्ट कानून या अधिनियम नहीं है। यदि है भी, तो उसे लागू करने का अधिकार राज्यों पर छोड़ दिया गया है। यही वजह है कि कई राज्य में लॉटरी का धंधा काफी फल-फूल रहा है, तो कई राज्यों ने इसपर प्रतिबंध लगा रखा है।

लॉटरी के ऑनलाईन संचालन में तो कानून का किसी भी राज्य में प्रभाव नही है। यहां तक की वैश्विक स्तर पर भी इसपर कोई नियंत्रण नहीं है। यही वजह है कि लॉटरी पर प्रतिबंध वाले राज्यों में यह खेल बे रोक-टोक चल रहा है। झारखंड इन्हीं राज्यों में से एक है। यहां लॉटरी पर प्रतिबंध तो है, लेकिन कानून के इसी लचीलापन का फायदा उठाकर पुलिस-प्रशासन के गंठजोड़ से यह धंधा काफी फल-फूल रहा है और व्यापार का रूप ले लिया है। एक तरफ इसके संचालनकर्ता मालामाल हो रहे हैं, तो दूसरी तरफ राज्य की भोली-भाली जनता अपनी गाढ़ी कमाई खोते जा रहे हैं और जमा पूंजी को दांव पर लगाकर बर्बाद हो रहे हैं। प्रस्तुत है इस पूरे प्रकरण पर हमारे हजारीबाग संवाददाता अभय सिंह की रिपोर्ट की पहली किश्त...

**धंधे का मास्टरमाइंड मालामाल, गरीब दिनोंदिन हो रहे हैं कंगाल**
**चौक-चौराहों पर खुलेआम बिक रहे हैं टिकटें, पुलिस कर रही है अनदेखी**



**हजारीबाग।** कहने के लिए तो राज्य में लॉटरी के धंधे पर प्रतिबंध है। लेकिन हजारीबाग जिले में हर दिन धड़ल्ले से अवैध लॉटरी के जरिए करोड़ों का खेल चल रहा है। इस खेल में गरीब कंगाल होते जा रहे हैं। वहीं इस खेल का मास्टरमाइंड मालामाल हैं। शहर के खई चौक-चौराहों पर लॉटरी की टिकटें धड़ल्ले से बिक रही है, परंतु जिला-प्रशासन इससे अनजान है। अथवा कह लें कि इसकी अनदेखी कर रही है। एक तरफ पुलिस कहती है कि न करेंगे न करने देंगे भ्रष्टाचार, लेकिन दूसरी तरफ लॉटरी के इन धंधेबाजों की अनदेखई अथवा नरमी गंठजोड़ के संकेतों की तरफ इशारा कर रही है।

लॉटरी की नकली टिकटें बेच लोगों को चूना लगा रही कंपनियां

रातों-रात लखपति और करोड़पति बनने का सपना देख रहे लोग अपनी गाढ़ी कमाई लॉटरी में गंवा रहे हैं। झारखंड में नागालैंड, सिक्किम और प्‍िम बंगाल की लॉटरी पूरी तरह से अवैध है। लेकिन हजारीबाग में यह धंधा चरम पर है। यही नहीं इन कंपनियों की नकली टिकट की लॉटरी छपवाकर लोगों को चूना लगाकर खुद हर दिन लाखों कमा रहे हैं। सिक्किम, नागालैंड और प्‍िम बंगाल की लॉटरी की टिकटों की बिक्री झारखंड में पूरी तरह प्रतिबंधित है। दिन में तीन बार लॉटरी की ड्रा की जाती है। इस प्रतिबंधित लॉटरी का फायदा हजारीबाग में शातिर उठा रहे हैं। इन शातिरों का पूरा एक गिरोह काम कर रहा है। प्रतिबंधित लॉटरी की डूप्लीकेट टिकट छपवाकर एजेंटों के माध्यम से गल्ली-मोहल्ले में बेची जा रही है। इसके लिए कोई एक इलाका नहीं है। हर इलाके में इस लॉटरी की धड़ल्ले से बिक्री की जा रही है।

**औरंगाबाद में छपती हैं नकली टिकटें :** जानकर बताते हैं कि बिहार के औरंगाबाद में नकली लॉटरी की छपाई की जाती है। उसके बाद इसे हजारीबाग जिले में सप्लाई की जाती है। गली-मोहल्ले में लॉटरी की बिक्री करने वाले को 5 से 8 फीसदी का कमीशन दिया जाता है। हर तबके को ध्यान में रखकर लॉटरी की टिकट का दर तय किया गया है। गरीब गुरबों व युवाओं के लिए 50, 100 व 200 की टिकट है। जबकि अन्य लोगों के लिए 300 से 500 की टिकटें भी उपलब्ध है।

**दीपावली में दो हजार की टिकट पर छह करोड़ का बंपर इनाम रखा था:** इस बार दीपावली में 2000 की एक टिकट भी बाजार में उपलब्ध थी जिसके इनाम की राशि 6 करोड़ की बताई जाती है। टिकट बेचने वाले की एक दिन में लाखों रुपए की आमदनी होती है। एक दिन की होलसेलर की आमदनी 20 से 25 लाख रुपए बताई जाती है। हजारीबाग जिले में हर दिन अवैध लाटरी के खेल में 3 से 5 करोड़ रुपये की वारे न्यारे किये जाते हैं।

**कैसे होता है खेल :** पश्चिम बंगाल में संचालित खेल के आधार पर यह खेल कराया जाता है। इस खेल का ऑनलाइन रिजल्ट आता है। उसी रिजल्ट को आधार बनाकर यहां पर पर भी इनाम का बंटवारा किया जाता है। पहला ड्रा दोपहर एक बजे, दूसरा ड्रा शाम के 6 बजे और तीसरा ड्रा रात के 8 बजे होता है। चुकीं यह ड्रा ऑनलाइन होता है तो टिकट लेने वाला अपने मोबाइल पर ही रिजल्ट देख लेता है।

**जाली टिकटों पर लिखा होता है कोड :** सूत्र बताते है कि शहर के अलग-अलग काउंटरों को तीन बड़े धंधेबाज जाली टिकट उपलब्ध कराते हैं। बबलू गुप्ता, रिंकू खान व दीपू केशरी इस खेल के बड़े खिलाडी हैं। इन सबके इलाके बंटे हुए हैं। सूत्रों ने बताया कि हर टिकट पर एक कोड लिखा होता है। हर कोड का टिकट अलग-अलग संचालक का होता है। सूत्रों के अनुसार डिअर लॉटरी सीसी कोड का संचालक कोई बबलू खान है। एसआर कोडः पिंकू खान, एसएस कोडः शशि कुमार, आरजे कोडः राजेश कुमार, एसएम कोडः सोनू मेहता, बीबी कोडः बड़का बाबू, डीडी कोड : देवा, यूपी कोडः उपेंद्र प्रसाद, एसपी कोड : सोनू खान, एबी कोडः अभय यादव द्वारा संचालित करने की बात सामने आ रही है।

## एस्क्लेपियस वैलनेस ने धूमधाम से मनायी आठवीं सालगिरह

**रांची।** एस्क्लेपियस वैलनेस ने बुधवार को अपनी आठवीं सालगिरह राजधानी रांची के मैथन मैरिज पैलेस में मनाया गया। बताते चलें कि संस्था स्वास्थ्य और उससे संबंधित क्षेत्र में काम करते हुए एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस विशेष आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि संस्था के ब्लैक डायमंड सत्यानंद पांडे रहे, जो जिला लातेहार मोगर के निवासी हैं। इस कंपनी में काम कर कीर्तिमान स्थापित किया है। यही वजह है कि आम आदमी होते हुए वे 75 लाख की ऑडी कार और करोड़ों की इनकम के साथ खड़े हैं। भारत के अलग-अलग जगहों से आए लोगों में से सूरज गोस्वामी, संजीव नाग, प्रवीण दुबे, आशीष देव, रत्ना शर्मा, मिची मोनिया, अबु साया, जयंता मंडल, मोहम्मद रियाज, राम शर्मा, सत्येंद्र कुमार, मनोज मोहंती, ऐनते एबोह आदि शामिल हुए। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मिलिट्री बैंड रहा जो कि बहुत ही कम देखने को मिलता है।

# टैक्स विशेषज्ञों का कांफ्रेंस 12 को

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ टैक्स प्रैक्टिशनर्स (एआईएफटीपी)के 46 वें वर्षगांठ पर झारखंड की राजधानी रांची के पुरुलिया रोड स्थित स्वर्णभूमि बैंक्वेट हॉल के सभागार में एक दिवसीय रांची टैक्स कॉन्फ्रेंस (आरटीसी) का आयोजन किया जा रहा है। झारखंड इनकम टैक्स बार एसोसिएशन (जेआईटीबीए) रांची और झारखंड कॉमर्शियल टैक्सेस बार एसोसिएशन (जेसीटीबीए) रांची के सहयोग से आयोजित इस रांची टैक्स कांफ्रेस का थीम होगा रोल ऑफ टैक्स प्रोफेशनल्स इन करेंट सिनारियो। इस एक दिवसीय कांफ्रेंस के मुख्य अतिथि झारखंड के राज्यपाल रमेशा बैस और विशिष्ट अतिथि झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूति डॉ रवि रंजन होंगे। उक्त जानकारी इस आरटीसी




के मीडिया प्रभारी एडवोकेट अजय कुमार ने बुधवार को प्रेस मीट में दी। उन्होंने कहा कि इस कांफ्रेंस में चार्टर्ड एकाउंटेंट्स, एडवोकेट्स तथा टैक्स रिलेटेड प्रैक्टिसनर्स या इस फील्ड में इच्छा रखने वाले तमाम लोग कांफ्रेंस में हिस्सा ले सकते है। अजय कुमार ने बताया कि आरटीसी का यह एक दिवसीय कांफ्रेंस दो सत्रों में संपन्न होगा। इसके प्रथम सत्र में इनडायरेक्ट टैक्स (अप्रत्यक्ष कर) पर चर्चा होगी। जिसके टेकनिकल सेसन में जीएसटी का विषम मुख्य होगा। इसमें दिल्ली के जाने माने सीए विमल जैन बतौर प्रमुख वक्ता अपने विचार रखेंगे। इस सत्र के चेयरमैन जमशेदपुर के अधिवक्ता केएल मित्तल तथा मॉडरेटर रांची से स्वयं एडवोकेट अजय कुमार होंगे। दूसरे सत्र में डायरेक्ट टैक्स (प्रत्यक्ष कर) के विषय पर चर्चा होगी जिसमें इम्पैक्ट ऑफ इडी एंड बेनामी प्रोपटी एक्ट ऑन इनकम टैक्स लॉ पर सर्वोच्च न्यायालय के वरीय अधिवक्ता तरुण गुलाटी एवं एडवोकेट किशोर कुणाल होंगे। जबकि इस सत्र के चेयरमैन मुख्य आयकर आायुक्त डॉ अमरवीर सिंह होंगे। बताया कि इस सत्र में सीए राजेश सिंघल एवं देवेश पोद्धार इसके मॉडरेटर होंगे। कांफ्रेंस में शामिल होने वाले प्रतिभागियों के सवाल पर एडवोकेट अजय ने बताया कि इसमें झारखंड की राजधानी रांची के अलावा अन्य दूसरे राज्य व प्रदेश यथा जमशेदपुर, धनबाद, बोकारो, हजारीबाग, पटना, देवघर गुवाहाटी, बनारस आदि को मिलाकर 400 से अधिक की संख्या में प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। कांफ्रेंस के चेयरमैन एडवोकेट हरिलाल पटेल, को-चेयरमैन बी पी सिन्हा, प्रेसिडेंट जेआईटीबीए एडवोकेट संदीप गाड़ोदिया, एडवाइजर एडवोकेट महेंद्र चौधरी, सीए आरके गाड़ोदिया, एडवोकेट सुरेश साबू, एडवोकेट आनंद पसारी प्रेसिडेंट जेसीटीबीए ,एडवोकेट सुबर्तो दास गुप्ता ,मास्टर ऑफ सेरेमनी एडवोकेट अमृता सिन्हा, एडवोकेट लावण्या गाड़ोदिया, एडवोकेट सलोना मित्तल, कान्फ्रेंस सचिव एडवोकेट ज्योति पोद्दार, एडवोकेट दिवेश पोद्दार चेयरमैन फूड कमिटी, पियूष गुप्ता चेयरमैन रजिस्ट्रेशन एडवोकेट, विजय कुमार वर्मा चेयरमैन किट कमेटी, एडवोकेट अजय कुमार चेयरमैन हॉल मैनेजमेंट, पीएल पाटोदिया मॉडरेटर, एडवोकेट मनोज कुमार जे आई टी बी ए ,चेयरमैन ट्रांसपोर्टेशन एंड एकोमडेशन एडवोकेट देवाशीष डे,को-चेयरमैन ट्रांसपोर्ट एंड एकॉमडेशन एडवोकेट जफर इकबाल, निहाल अहमद तथा अन्य शामिल थे।

**कांफ्रेंस में जमशेदपुर, धनबाद, बोकारो, हजारीबाग, पटना, देवघर, गुवाहाटी, बनारस से 400 से अधिक लोग हिस्सा लेंगे**

## एक नजर में

### कड़िया मुंडा ने शानदार गीत किया लांच



रांची। भाजयुमो कला एवं खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर के संयोजक सह झारखंड के उभरते युवा लोक गायक आशुतोष द्विवेदी का धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा पर आधारित एक शानदार गीत बिरसा के गांव में की लॉन्चिंग खुटी के पूर्व सांसद ,पद्मभूषण कड़िया मुंडा ने किया। पीएम केयर्स फंड बोर्ड के सलाहकार समूह के सदस्य सह 15 वी लोकसभा के डिप्टी स्पीकर रहे कड़िया मुंडा ने अपने गांव अनिगरा स्थित अपने आवास में गीत का पोस्टर का अनावरण एवं ऑनलाइन यूट्यूब पर गीत अपलोड कर के किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से रजत आनंद, मुकेश नायक, प्रवीण डे, प्रो डॉ सुभाष साहू, राजेश भगत,राजीव रंजन,अमित कुमार, नितेश कुमार समेत कई गणमान्य लोगों ने संयुक्त रूप से आशुतोष द्विवेदी के इस नए भोजपुरी लोक गीत का लोकार्पण किया। राजधानी वीडियो फिल्म्स स्टूडियो द्वारा निर्मित निर्मित इस एलबम में एक गीत है जिसका नाम -बिरसा के गांव में..है। इसके प्रोड्यूसर पार्श्व गायक व म्युजिक डायरेक्टर रजत आनंद, निमार्ता -प्रमोद राय, निर्देशक -वाटर एटीएम के डायरेक्टर नितेश कुमार, सह -निर्देशक - जोहर फर्मासियुटिकल के निदेशक अमित कुमार है। यह जानकारी पी आर वो संजय पुजारी ने दी।

### बीएयू ने सरसों के उन्नत बीज का किया वितरण

रांची। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय ने सरसों की उन्नत किस्म बिरसा भाभा मास्टर्ड-1 को प्रचारित करने के उद्देश्य से बुधवार को सोनाहातू प्रखंड के कुदियामू गांव में एक प्रशिक्षण सह बीज वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें किसानों के बीच 100 एकड़ क्षेत्र के लिए लगभग दो क्विंटल बीज वितरित किया गया। इस अवसर पर भाभा आणविक अनुसंधान केंद्र, मुंबई के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ संजय जाभोलकर ने किसानों को बताया कि उन्नत प्रभेद की उत्पादकता और गुणवत्ता का लाभ उठायें। बिरसा भाभा मस्टर्ड-1 की उत्पादन क्षमता प्रति हेक्टेयर 18 क्विंटल है। प्रधान अन्वेषक डॉ अरुण कुमार, पौधा प्रजनक डॉ नीरज कुमार और डॉ शीला बारला ने सरसों के इस उन्नत प्रभेद की उत्पादन, प्रबंधन और प्रसंस्करण तकनीक से किसानों को अवगत कराया।

### वैज्ञानिक सीख रहें प्राकृतिक खेती में तकनीकी प्रबंधन

रांची। प्राकृतिक खेती भारत की पौराणिक परंपरागत तकनीक है। इसे वर्तमान जरूरत के मुताबिक तकनीकी संसोधन के साथ बढ़ावा दिया जा रहा है। इस विषय पर शोध परिणाम की नितांत कमी है। भूमि की घटती उर्वरता और प्रदूषण एवं खाद्य सामग्री की गुणवत्ता में सुधार के लिए प्राकृतिक खेती पर लंबी अवधि तक गहन शोध की जरूरत है। प्राकृतिक खेती को आगे बढ़ाने में आबादी के मुताबिक खाद्यान उत्पादन को बनाये रखने और टिकाऊ खेती पर विशेष ध्यान रखनी होगी। उक्त बातें बतौर मुख्य अतिथि डीन एग्रीकल्चर डॉ एसके पाल ने प्राकृतिक खेती में तकनीकी प्रबंधन पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन के अवसर पर कही। मौके पर विशिष्ट अतिथि डीन वेटनरी डॉ सुशील प्रसाद ने प्राकृतिक खेती में पशुधन संसाधन की महत्ता पर प्रकाश डाला। भूमि प्रदूषण और खाद्य गुणवत्ता के संरक्षण एवं प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद डॉ रंजय कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में राज्य के सभी 24 जिलों में कार्यरत कृषि विज्ञान केन्द्रों के वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, वैज्ञानिक (उद्यान, शस्य, मृदा विज्ञान, कृषि अभियंत्रण, कृषि प्रसार) तथा विभिन्न कृषि महाविद्यालय के वैज्ञानिकों सहित 45 प्रतिभागी भाग ले रहे है।

### जेएन कॉलेज धुर्वा में जश्न ए उर्दू का आयोजन

राँची। विश्व उर्दू दिवस के अवसर पर जे एन कॉलेज उर्दू विभाग में जश्न ए उर्दू का आयोजन किया गया। प्रोग्राम की शुरूआत बी ए सेम वन के छात्र मो मुजीबुल्लाह की तिलावत ए कुरआन पाक से हुई। कार्यक्रम में जेबा यास्मीन ने उर्दू से संबंधित नज्में पढ़ी। वहीं शिफा मतीन ने उर्दू भाषा के विकास से संबंधित अपना मकाला पेश किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ अबरार अहमद ने की। संचालन डॉ हैदर ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ राजेश कुमार और विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रोफेसर एस एन उरांव उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में गालिब नश्तर ने धन्यवाद ज्ञापन पेश किया।

### मोराबादी बापू वाटिका के समक्ष सत्याग्रह शुरू

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष राजू महतो ने कहा है कि महागठबंधन सरकार उनकी समस्याओं के समाधान में दिलचस्पी नहीं ले रही है। श्री महतो बुधवार को मोराबादी के बापू वाटिका के समक्ष सत्याग्रह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आंदोलनकारियों के जेल जाने की बाध्यता समाप्त करते हुए मान-सम्मान पहचान, नियोजन पेंशन सहित 11 सूत्री लंबित मांगों को जल्द पूरा किया जाये। उन्होंने कहा कि आंदोलनकारियों की समस्याओं के समाधान में सरकार अभी गंभीरता नहीं दिखलाई है। इससे झारखंड आंदोलनकारियों में तीव्र आक्रोश पनप चुका है। उन्होंने कहा कि 15 नवंबर तक झारखंड आंदोलनकारियों की जेल जाने की बाध्यता को समाप्त करते हुये सभी समस्याओं का समाधान नहीं निकाला गया तो उग्र आंदोलन किया जायेगा। केन्द्रीय सचिव कयूम खान ने कहा कि आंदोलनकारियों के कारण ही अलग राज्य का निर्माण संभव हो सका। उन्होंने कहा कि 22 वर्षों के प›ात भी झारखंड आंदोलनकारियों की पहचान नहीं होना दुर्भाग्य की बात है। राम लखन महतो, इसरार अहमद, प्रफुल तत्वा, रूपलाल महतो, पार्वती चरण महतो, बेदेशी महतो ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर एरेन कच्छप, उषा रानी लकड़ा, सुमित्रा देवी, विन्दिया देवी, छत्रपति महतो, फागू महतो, जोहरन बीबी, सुरेश कुमार महतो, स्वानंद कोटवार, जितेन्द्र नाथ महतो आदि शामिल थे।

### विज्ञान ड्रामा में जिला स्कूल की टीम फर्स्ट

रांची। जिला स्तरीय विज्ञान ड्रामा में अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव जिला स्कूल की टीम प्रथम स्थान पर रही। सभी प्रकार के टीकों की कहानी विषयक प्रस्तुति के साथ प्रथम टीम गुरुवार को राज्य स्तरीय विज्ञान नाटक प्रतियोगिता में रांची का प्रतिनिधित्व करेगी। वहीं, दूसरे स्थान पर महामारी के सामाजिक एवं वैज्ञानिक प्रभाव विषयक प्रस्तुति करने वाली कस्तूरबा बालिका विद्यालय चान्हों की टीम रही, जबकि स्टोरी ऑफ वैक्सीन का नाटक मंचन करनेवाली कस्तूरबा बालिका विद्यालय कांके की टीम तृतीय स्थान पर रही। बताते चलें कि जिला स्तरीय विज्ञान ड्रामा में में जिले से कुल 19 चयनित टीमों ने भाग लिया। पुरस्कार वितरण एवं सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र का वितरण डीईओ कमला सिंह ने किया, जबकि डीएसई आकाश कुमार ने किया। मानव जाति के लाभ के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मूल विषय पर आयोजित ड्रामा का संचालन डॉली जयसवाल ने किया। कार्यक्रम परिचय अशोक प्रसाद सिंह ने किया। आयोजन में ओम प्रकाश उपाध्याय सहित शिक्षा विभाग के कर्मियों ने मुख्य भूमिका निभायी। जूरी के रूप में डॉक्टर जाकिर हुसैन, मुदित मिश्रा, सुपर्ण चप्तेर्जी ने अपनी सेवा दी है। गुरुवार 10 नवम्बर को दस बजे से राज्य स्तरीय विज्ञान ड्रामा ज़िला स्कूल में ही आयोजित है।

## 20 नवंबर को ब्रदर्स एकेडमी का ग्रैंड स्कॉलरशिप एडमिशन टेस्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। ब्रदर्स एकेडमी का नये सत्र के लिए ग्रैंड स्कॉलरशिप एडमिशन टेस्ट (जी-सैट - 22) 20 नवंबर 2022 को ऑफलाइन मोड में आयोजित किया जायेगा। जी-सैट आवेदन पत्र ऑनलाइन भरा जा सकता है। साथ ही, आवेदन पत्र रांची में हमारे लालपुर या डोरंडा कार्यालय परिसर से भी प्राप्त किया जा सकता है और भरा जा सकता है।

जी-सैट बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह परीक्षा ही आइआइटी-जेइइ और नीट कोचिंग के लिए ब्रदर्स ऐकेडमी में नामांकन कराने का एकमात्र तरीका है। जी-सैट के सभी प्रतिभागियों को हम पाठ्यक्रम शुल्क पर न्यूनतम 40 प्रतिशत छात्रवृत्ति देंगे और प्रत्येक पाठ्यक्रम में शीर्ष प्रदर्शन करने वालों को पूर्ण 100 प्रतिशत छात्रवृत्ति से पुरस्कृत किया जायेगा। वर्तमान में कक्षा 7, 8, 9 और 10 में पढ़ रहे छात्र नियमित स्कूली अध्ययन के साथ आइआइटी-जेइइ और मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं के लिए ओलंपियाड और बेसिक्स



फाउंडेशन का लक्ष्य मानते हुए एक साल / 3 साल / 4 साल / 5 साल : फाउंडेशन कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं। वर्तमान में कक्षा 10 में पढ़ने वाले और कक्षा 11 में जाने वाले छात्र आइआइटी-जेइइ / एनइइटी (मेडिकल) के लिए 2 साल के पाठ्यक्रम में प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। इसमें उन्हें कक्षा 10 पास करने के बाद 2 साल के लिए इन प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए सघन प्रशिक्षण के साथ कक्षा 11 और 12 के अपने नियमित स्कूल सिलेबस को भी पढ़ाया जायेगा।

## पेरालिंपिक कमेटी ने स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को दी बधाई

**रांची।** बीडब्ल्यूएफ पैरा बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप में भारत के पैरालंपिक चैंपियन प्रमोद भगत और उभरती हुई खिलाड़ी मनीषा रामदास के स्वर्ण पदक जीतने पर पेरालिंपिक कमेटी ऑफ झारखंड ने हर्ष व्यक्त करते हुए दोनों चैंपियन को बहुत- बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। पेरालिंपिक कमिटी ऑफ झारखंड के स्टेट मीडिया को-ऑर्डिनेटर संजय सर्राफ ने कहा की टोक्यो में आयोजित पैरा बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप में भारत ने 16 पदक जीते। जिसमें प्रमोद भगत ने शानदार खेलते हुए पुरुष एकल एसएल3 वर्ग का खिताब अपने नाम किया। 17 वर्षीय चेन्नई की मनीषा रामदास के लिए यह स्वर्ण पदक सपनों को साकार करने जैसा था। मनीषा ने जापान को हराकर महिला एकल 5 वर्ग का स्वर्ण पदक जीती। दोनों ने पैरा बैडमिंटन का वर्ल्ड चैंपियन बनकर सभी भारतीय को गौरवान्वित किया है। बधाई देने वालों में पेरालिंपिक कमेटी ऑफ इंडिया के चयन कमेटी के चेयरमैन डॉ शिवाजी कुमार व अन्य शामिल थे।

## श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में देवी व देवताओं को कराया गया महास्नान

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। चंद्रग्रहण के बाद हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में सभी देवी-देवताओं को गंगाजल से महास्नान करवाकर बुधवार को उन्हें शुद्ध वस्त्र (बागा) धारण करवाया गया। संपूर्ण मंदिर परिसर की साफ-सफाई की गयी। श्री श्याम मित्र मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया के नेतृत्व में गौरव अग्रवाल मोनू, पंकज गाड़ोदिया, अनिल नारनौली, संजय सराफ, सलज अग्रवाल सोनू, रतन शर्मा, रौनक पोद्दार, प्रदीप मोदी, निखिल नारनौल, किशन शर्मा, मयंक अग्रवाल ,अरविंद सोमानी, प्रवीण मंगल, मंदिर के आचार्यगण एवं मंदिर के सेवाधारी ने मंदिर परिसर में कार सेवा की। श्री बालाजी महाराज, श्री शिव परिवार दरबार, दोनों ही मंड को पूर्ण आस्था एवं नियम से शुद्ध गंगाजल से स्नान कराकर एवं संपूर्ण परिसर की साफ-सफाई कर वस्त्र बदलकर श्रृंगार आदि किया गया। इसके बाद



श्री सांवले सरकार का विधि पूर्वक मंदिर के आचार्य गण ने महास्नान करवा कर बागा श्रृंगार विधिपूर्वक किया गया। चंद्रग्रहण के महास्नान के बाद बाबा श्याम की विशेष आरती की गयी एवं मेवा और श्याम रसोई से भोग लगाया गया। बुधवार को प्रातः 5:00 बजे मंदिर के कपाट भक्तजनों के लिए खोल दिये गये थे। मंगला श्रृंगार विराम आरती व तीनों समय भोग लगाकर दोपहर में मंदिर के कपाट बंद करके खाटू के श्री श्याम मंदिर की परंपरा के अनुसार श्री खाटू नरेश का आज केसर चंदन तिलक श्रृंगार किया गया। नवीन वस्त्र बागा पहनाकर फूलों से सजाया गया। पंचमेवा का भोग अर्पित किया गया। सपरिवार श्री हनुमान जी महाराज, श्री लड्डू गोपाल जी, शालिग्राम, श्री गुरुजनों का भी श्रृंगार किया गया। संध्या समय गर्भगृह का पर्दा हटते ही सांवले सरकार की जय जयकारों से पूरा श्री श्याम मंदिर गूंज उठा। सैकड़ों भक्तों ने श्री श्याम दरबार में मत्था टेका। इस अवसर पर श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी सहित सैकड़ों भक्तजन उपस्थित थे। श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर शनिवार को हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 35वां श्री श्याम भंडारा होगा। राजीव रंजन मित्तल, श्रीमती कविता मित्तल, यशवर्धन मित्तल परिवार के साथ श्री श्याम भंडारे की सेवा निवेदित करेंगे। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने भक्तजनों को श्री श्याम भंडारे में आमंत्रित किया है।

# अग्रणी संस्थान बनेगा डीएसपीएमयू : डॉ भूषण

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन विश्वविद्यालय, नई दिल्ली, शैक्षिक योजना और प्रशासन की दिशा में केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा स्थापित भारत का प्रमुख संगठन है। इसी संदर्भ में इसने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची को अपने शोध अध्ययन का केंद्र चुना, ताकि इससे सबंधित आंकड़े आवश्यकतानुसार केंद्रीय मानव विकास मंत्रालय को दिया जा सके। इसके तहत डॉ सुधांशु भूषण, जो राष्ट्रोय शैक्षिक योजना और प्रशासन संस्थान, एनआईईपीए में



उच्च और व्यवसायिक शिक्षा विभाग में प्रोफेसर और प्रमुख है, ने बुधवार को विश्वविद्यालय में उच्च शिक्षा की वर्तमान स्थिति, शोध कार्य, आधारभूत संरचना की जानकारी प्राप्त की। गौरतलब है कि प्रो डॉ सुधांशु भूषण उच्च शिक्षा के अंतरराष्ट्रीयकरण, उच्च शिक्षा के नीतिगत मुद्दों और शैक्षिक योजनाओं की दिशा में काफी लंबी अवधि से कार्यरत है और अनुभवी शिक्षाविद माने जाते है। अपने शोध कार्य में गुणवत्ता और सटीकता के उद्देश्य से उन्होंने दो स्तरों पर विश्वविद्यालय प्रशासन से संवाद किया।

सर्वप्रथम उन्होंने कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य से विश्वविद्यालय से संबंधित उनकी दृष्टि, विशेषताओं और विश्वविद्यालय की वर्तमान और आनेवाली चुनौतियों और संस्थागत विकास से सबंधित योजनाओं की चर्चा की। डॉ शांडिल्य ने विस्तार से विश्वविद्यालय की भावी योजनाओं से उन्हें अवगत कराया और आश्वस्त किया कि आनेवाले कुछ समय में संसाधनों की कमियों को पूरा कर यह विश्वविद्यालय अपने अकादमिक, शोध और आधारभूत संरचना की दिशा में देश में एक अग्रणी संस्थान बनेगा। उन्होंने भविष्य में इस विश्वविद्यालय के तहत कई नए व्यवसायिक और रोजगारपरक पाठ्यक्रमों के प्रारंभ करने की बात कही। इसी संदर्भ में उन्होंने कहा कि रांची कॉलेज से विश्वविद्यालय बनने के उपरांत एक बड़ा परिवर्तन ग्रामीण छात्राओं की बढ़ती संख्या है जिनमें कई दूरस्थ स्थानों से अध्ययन के लिए आती है। उन्होंने कहा कि सरकार के सहयोग से अतिशीघ्र उनके लिए विश्वविद्यालय छात्रावास का निर्माण किया जाएगा। वर्तमान में यह विश्वविद्यालय विद्यार्थियों की संख्या, गुणवत्ता और शिक्षकों की अकादमिक गुणवत्ता के कारण प्रतिदिन प्रगतिशील है। उन्होंने आगे कहा कि विश्वविद्यालय संसाधनों के अभाव में अपनी प्रगति को अवरूद्ध नहीं कर सकता। आनेवाले वितीय वर्ष में विश्वविद्यालय कई ऐसे रोजगारपरक पाठ्क्रम शुरू करेगा जिसके माध्यम से राजस्व की प्राप्ति होगी और जो विश्वविद्यालय की आर्थिक ढांचे को मजबूती प्रदान करेगा।

## उर्दू के विकास के लिए गंभीरता से प्रयास करना होगा : बासित

**रांची।** अंजुमन फरोग ए उर्दू के तत्वावधान में विश्व उर्दू दिवस के अवसर पर बुधवार को अंजुमन प्लाजा मेन रोड में स्थित मौलाना आजाद स्टडी सेंटर में सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार की अध्यक्षता डॉ. अब्दुल बासित ने की। संचालन मो इकबाल ने किया। अपने अध्यक्षता भाषण में कहा कि उर्दू धर्म या क्षेत्र विशेष की भाषा नहीं है। हमारे इतिहास, सभ्यता और अहम कारनामों के साक्ष्य इसी भाषा में संरक्षित हैं। उर्दू भाषा की रक्षा और विकास के लिए गंभीरता से प्रयास करना होगा। उर्दू के विकास के लिए हमें अपने घरों से कोशिश करनी होगी, हमें अपने बच्चों को उर्दू पढ़ाना होगा।

स्पीड न्यूज

## 2 लाख 50 हजार नगद समेत 72 हजार के जेवरात की चोरी

**सिल्ली।** सिल्ली थाना क्षेत्र के सिल्ली निचे टोला निवासी राजु कुशवाहा ने अपने घर से मंगलवार की रात अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिए जाने को लेकर सिल्ली थाना में एक प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज शिकायत में भुक्तभोगी ने बताया कि 9 नवंबर कि रात परिवार के सभी लोग जब सोये हुए थे तभी रात लगभग 2:30 के आसपास उन्हें कुछ आहट सुनाई दी जिससे वे जग गए तभी उन्होंने उनके घर से एक अज्ञात व्यक्ति को भागते हुए देखा। वहीं उन्होंने अपने घर में नगद रुपए और जेवरात रखे बक्सा गायब पाया। बक्से में 2 लाख 50 हजार रुपए नगद एवं 72 हजार के जेवरात रखे थे। बक्से में एक जोड़ी सोने की कान की बाली, एक जोड़ी चांदी के पायल, एक सोने की मंगलसूत्र एवं एक सोने की अंगूठी रखा था। थाना प्रभारी ने आकाशदीप ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बेड़ो में भाजपा का धरना प्रदर्शन आज

**बेड़ो।** भाजपा का लूट व झूठ के खिलाफ प्रखंड कार्यालय परिसर में बुधवार को नरकोपी व बेड़ो मंडल द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जानकारी देते हुए मंडल महामंत्री बलराम सिंह ने बताया कि धरना प्रदर्शन दस नवंबर को अपराह्न एक बजे से शुरू होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला प्रदेश कार्य समिति सदस्य सहित दोनों मंडल के सभी भाजपाई मुख्य रूप से शामिल होंगे।

## आईपीएल का सितारा ने दिवड़ी मंदिर में मत्था टेक लिया मां का आशीर्वाद



**तमाड़।** आईपीएल के चेन्नई सुपर किंग्स टीम के खिलाड़ी करण शर्मा बुधवार रात्री 8 बजे प्रसिद्ध प्राचीनकालीन दिउड़ी मंदिर पहुंचे और माता के दरबार में मत्था टेका। करण शर्मा दोस्तो के साथ मंदिर पहुंचकर माता की पूजा अर्चना किए। मंदिर के वरिष्ठ पूजारी मनोज पंडा ने उनका पूजा अर्चना कराया। ज्ञात हो की भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धौनी जब छुट्टी में रांची आते है तो दिवड़ी मंदिर जरूर आते है। आईपीएल खिलाड़ी करण शर्मा के आने की खबर अचानक आने के कारण किसी भी प्रशंसकों को भनक तक नही लगी।

## भंते जैनेंद्र कुमार का 58 वां जन्मदिन मना

**रातू।** बिजुलिया के बुद्धा नर्सिंग कॉलेज परिसर में बुधवार को बुद्धिष्ट सोसाइटी महासंघ राष्ट्रीय अध्यक्ष भंते जैनेंद्र कुमार के 58 वें जन्म दिन पर उत्सवी माहौल रहा। उन्होंने श्री संबोधी भंते से धम्म दीक्षा की शपथ ली और केक काटा। हजारीबाग के राजकुमार दास, रामगढ़ जिले के पवन सिंह, कोडरमा के संजय रंजन, रांची के रवि साहू, गिरिडीह के कामेश्वर पासवान, गढ़वा जिले के रबीन्द्र पासवान, साहेबगंज के दीपक कुमार, तेलंगना के जय रत्नाकर, पश्चिम बंगाल के डॉ मानस, असम के नवीनचंद्र कलिता व विशाखापट्टनम के मुरलीकृष्णन इसके साक्षी बने। अध्यक्षता आंध्रप्रदेश अमरावती यशपेरू के भोजा अप्पा राव ने की। जबकि, संचालन डॉ मानस नाशकर ने किया। स्वागत भाषण कॉलेज के निदेशक प्रियांशु कुमार व धन्यवाद ज्ञापन सोसाइटी के प्रदेश अध्यक्ष राधाचरण सिंह ने दिया। समारोह में सीपीएम राज्य कमेटी सदस्य सुभाष मुंडा व राज्य सचिव मंडल सदस्य संजय पासवान, अमित मुंडा आदि ने भी हिस्सा लिया। इस दौरान कई लोगों ने स्वेच्छा से हिंदू धर्म का त्याग कर बुद्ध धर्म अपनाया। इसमें हजारीबाग जिला अध्यक्ष राजकुमार दास की पत्नी, पुत्र रोहित राज व दो पुत्री कुमारी रंजना राज व कुमारी शिवानी राज आदि प्रमुख हैं।

# रातू : विषाक्त भोजन खाने से पिता-पुत्र की मौत, पुत्री की हालत नाजुक

रानी बगीचा का है मामला
मंगलवार रात की है घटना

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** राजधानी रांची से सटे रातू रानी बगीचा स्थित राजेंद्र दुबे के मकान में बतौर किरायेदार रोहित कुमार उर्फ पिंटू समेत पुत्री अर्पणा कुमारी व पुत्र अनिकेत कुमार मंगलवार की रात विषाक्त भोजन खाने से बेहोश हो गये। तीनो को उल्टी होने लगी। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रिम्स में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान 30 वर्षीय रोहित और 5 साल के अनिकेत की मौत हो गयी। जबकि, 7 वर्षीया अर्पणा कुमारी की स्थिति गंभीर बनी हुयी है। हालांकि, वह खतरे से बाहर बतायी जा रही है। रोहित यहां रह ठेले में भूंजा बेचता था। सूचना मिलने ही थानेदार सपन महथा रिम्स पहुंचे। उन्होंने मृतक की पत्नी नीलम से घटना की जानकारी ली। इसमें उन्हें गोल-मटोल जवाब मिला। नीलम देवी के बयान पर रातू थाने में यूडी केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने पिता-पुत्र के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराने के बाद उनके परिजनों को सौंप दिया है।




मृतक रोहित और अनिकेत।

### बेसरा रिपोर्ट से होगा खुलासा : डीएसपी

डीएसपी प्रवीण सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने कमरे से बर्तन में बचे खाने-पीने की कई चीजों को जब्त कर जांच के लिये भेज दिया। श्री सिंह ने बताया कि घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है। वेसरा और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही इस बात का खुलासा हो सकेगा कि भोजन विषाक्त था या फिर उसमें जहर मिलाया गया है।

**गांव में है मातम**

मृतक रोहित कुमार ठाकुरगांव गुरुगाई निवासी कलिंद्र साहू का पुत्र था। उसके परिवार में मां पुष्पा देवी, भाई गोपाल साहू और बहन रिंकी कुमारी हैं। रो-रोकर उनका बुरा हाल है। गांव में मातम पसरा है। परिजनों ने बताया कि पारिवारिक कलह से रोहित और मासूम की जान चली गयी। उन्होंने आशंका जतायी कि नीलम ने खाने में जहर डाल दी।

# एक ही परिवार के दो लोगों की संदेहास्पद मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**ठाकुरगांव।** ठाकुरगांव इलाके में एक ही परिवार के दो लोगों की संदेहास्पद परिस्थितियों में मौत हो गई। जबकि दो की स्थिति गंभीर है। जानकारी के अनुसार गुरुगाईं निवासी कलिंदर साहु के पुत्र, बहू व दो बच्चे मंगलवार की देर रात अचानक बीमार हो गए। सभी को आनन-फानन में रिम्स में भर्ती कराया गया। जहां बुधवार की सुबह इलाज के दौरान कलिंदर साहू के पुत्र व पोता की मौत हो गई है। जबकि उनकी बहु और पोती की हालत गंभीर बनी हुई है। दो लोगों की मौत किस वजह से हुई है।अब तक इसकी सही जानकारी सामने नहीं आ पाई है। हालांकि बताया जा रहा है विषाक्त भोजन की वजह से इनकी तबियत बिगड़ी थी।



### रात का खाना खाने के बाद सभी हुए बीमार

जानकारी के मुताबिक कलिंदर साहु के पुत्र, बहू और उनके बच्चों ने बुधवार की रात खाना खाया। इसके कुछ ही देर बाद सभी की हालत बिगड़ने लगी। आनन-फानन में स्थानीय लोगों के द्वारा रिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां बुधवार की सुबह जहां बुधवार की सुबह तो लोगों की मौत हो गई। हालांकि स्थानीय सूत्रों के अनुसार पारिवारिक विवाद की बात सामने आई है। आशंका जतायी जा रही है कि परिवार ने खाने में जहर मिला लिया हो। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

# विदेशी सैलानियों ने किया बिरसा मुंडा को नमन

खबर मन्त्र संवाददाता

**मैकलुस्कीगंज।** धमधमिया बिरसा चौक पर दो विदेशी सैलानियों ने बुधवार को भगवान बिरसा मुंडा को नमन किया। ये दोनों सैलानी हर वर्ष बिरसा जयंती समारोह में शामिल होने आते हैं। बिरसा विस्थापित मंच के अध्यक्ष एव वीर बुधु भगत बिरसा मुंडा आदिवासी समिति करणपुरा खलारी के अध्यक्ष बहूरा मुंडा एव महेंद्र उरांव ने यह जानकारी देते हुए बताया कि धमधमिया बिरसानगर स्थित बिरसा जागृति मध्य विद्यालय के समीप मैदान में 15 नवंबर को बिरसा मुंडा जयंती समारोह पूर्वक मनाई जाएगी। बिरसा चौक पर केवल बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बुधवार को नार्वे से आए हुए दो विदेशी पर्यटक जो प्रत्येक वर्ष बिरसा जयंती के अवसर पर 15 नवंबर को आते थे। वे दोनों इंगर दइके एवं आदर्श दइके बुधवार को धमधमिया स्थित बिरसा मुंडा के प्रतिमा में माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा की 15 नवंबर को अतिथियों द्वारा बिरसा मुंडा की प्रतिमा को पूजा माल्यार्पण कर सभी अतिथियों को बिरसा जागृति विद्यालय के मैदान में कार्यक्रम समारोह पूर्वक मानने ले जाया जाएगा।



बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर नमन करते विदेशी सैलानी

# मार्केट कंपलेक्स का घटिया निर्माण एसडीओ ने किया औचक निरीक्षण

### कार्रवाई नहीं हुई तो ग्रामीण करेंगे विरोध

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** किसानों की बहुप्रतिक्षित योजना मार्केट कंपलेक्स निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तमाल किया जा रहा है। जिसे लेकर स्थानीय किसान व ग्रामीणों में काफी नाराजगी है। संवेदक अमित कुमार द्वारा कनीय अभियंता के मिलिभग से जिला परिसद योजना के तहत 3.65 करोड़ की राषि के मार्केट कंपलेक्स का निर्माण में बरती जा रही अनियमितता को लेकर स्थानीय ग्रामीणों द्वारा राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू व सांसद संजय सेठ से इसकी षिकायत भी की गई थी। वहीं विभाग को घटिया निर्माण की जानकारी होने पर बुधवार को विभागीय एसडीओ शेखर कुमार निरीक्षण करने पहुंचे। जिप सदस्य सरिता देवी, मुखिया दीपक बड़ाईक व उपमुखिया संतोष गुप्ता की उपस्थिति में एसडीओ ने छत ढलाई का निरीक्षण किया और कनीय अभियंता राहुल कुमार मिश्रा से निर्माण संबंधित जानकारी ली, बताया की निर्माण कार्य में कोई गड़बड़ी नही हुई है। इधर जैसे ही एसडीओ की आने व निरीक्षण करने की जानकारी मिली स्थानीय ग्रामीणों के साथ वार्ड सदस्य संघ के अध्यक्ष सत्यमराज कुषवाहा पहुंचे और घटिया निर्माण की जानकारी दी। एसडीओ को बताया गया कि रात-रात में किए जा रहे निर्माण कार्य में घटिया सामग्री इंटा, बालू, सिमेंट व छड़ आदि का उपयोग हो रहे हैं। वहीं समाजसेवी शंकर गुप्ता, भीम मुंडा, श्यामकिषोर महतो, सुरन सिंह, कृतिकांत सहित उपस्थित ग्रामीणों ने भी घटिया निर्माण की षिकायत की। जिसके बाद एसडीओ ने कहा मार्केट कंपलेक्स के निर्माण में किसी प्राकार की गड़बड़ी नही होने दिया जाएगा। जांच व ग्रामीणों की षिकायत से अवगत विभाग को किया जाएगा। मार्केट कंपलेक्स निर्माण का षिलान्याय विधायक राजेष कच्छप द्वारा की गई है। उस वक्त विधायक ने भी कही थी किसानों की यह वहुप्रतिक्षित योजना है। इसके निर्माण कार्य में गुणवता से कोई समझौता नही होना चाहिए। बावजूद निर्माण कार्य में अनियमितता बरते जाने से नाराज ग्रामीण निर्माण कार्य में गुणवता का पालन नही होने पर विरोध करने का निर्णय लिया गया है।



सहयक अभियंता को घटिया निर्माण की जानकरी देते ग्रामीण।

# सोशल मीडिया में आने के कारण लापता महिला परिवार से मिली

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिठोरिया।** कई दिनों से लापता महिला भटक कर बुधवार को पिठोरिया के ऊपर कोंनकी गांव पहुंची। जहां पर गांव की ही कुछ समाजसेवी लोगों एवं कांके प्रखंड आजसू अध्यक्ष इरशाद ने उक्त महिला का फोटो व्हाट्सएप जैसे सोशल मीडिया में डाल दिया। साथ ही पिठोरिया थाना को भी सूचना दे दी। लापता महिला अपना नाम बिरसी बता रही थी ,सोशल मीडिया में लापता महिला बारे में आने के बाद दो घंटे के अंदर राँची के हेहल से उसके परिजनों ने संपर्क कर पिठोरिया थाना से ले गए इस संबंध में लापता महिला बिरसी देवी के बारे में परिवार के लोगों ने बताया कि पिछले पाँच दिनों से लापता थीं ,परिवार के लोगों के द्वारा काफी खोजबीन कर रहे थे। बिरसी देवी को भूलने की बीमारी है ,परिवार की माली हालत खराब होने के कारण इलाज नहीं करा पा रहे हैं। किसी तरह मजदूरी करके परिवार चलाने को मजबूर हैं। बिरसी देवी के परिवार वालों ने पिठोरिया थाना के पुलिसकर्मियों एवं कौनकी गांव के ग्रामीणों के प्रति आभार व्यक्त किया।



# बेड़ो में मतदाता जागरूकता रैली निकाली का आयोजीत

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** झारखण्ड में मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम 9 नवंबर से 29 दिसंबर तक चलने वाले कार्यक्रम के प्रति मतदाताओं में जागरूकता व नए वोटर कार्ड के प्रति जागरूकता लाने के लिए बुधवार को सहायक निर्वाचक पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी सुमंत तिर्की व राकेश कुमार के नेतृत्व में जागरूकता रैली बेड़ो के विभिन्न सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों के द्वारा निकाली गई। जहां एस एस पल्स टू हाई स्कूल व मध्य विद्यालय बेड़ो बालक के लगभग बारह सौ बालक बालिकाओं ने जागरूकता अभियान में शामिल हुए। रैली अंचल कार्यालय परिसर से प्रारम्भ होकर लोहरदगा रोड, महावीर चौक, बाजार टांड, देवी मंडप, बिजली ऑफिस, जामटोली रोड होते हुए पुनः अंचल कार्यालय पहुंचकर समाप्त हो गई। मौके पर शिक्षक अरुण कुमार साहू, नीलम सिंह, मंगल उरांव, श्यामा कुमारी, जीवंती एक्का, सुमंती प्रसाद समेत कई शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।




मतदाता जागरूकता रैली निकालते बच्चे।

# आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**चान्हो।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को रोल पंचायत भवन में किया गया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से स्थानीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की एवम जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी उपस्थित हुए। इस शिविर के दौरान चान्हो प्रखण्ड अन्तर्गत योजनाओं से सबंधित आवेदन प्राप्त हुए । साथ ही परिसम्पतियों का वितरण किया गया। मनरेगा जॉब कार्ड, धोती साड़ी का वितरण, कंबल वितरण, नरेगा नई योजना, सेवा की गारटी, स्वास्थ्य जाँच, के सी सी, छात्रावृति, 15वे वित्त, ग्रीन राशन कार्ड वितरण, सर्वजन पेंशन योजना सहित अन्य मामले का निपटारा किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ हर हाल में जरूरतमंदों तक पहुंचे। साथ ही उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि संबंधित विभाग में जो ही मामले है उसका जल्द से जल्द निपटारा किया जाए।

### 75 लाख रुपये की परिसंपति का हुआ वितरण

**सिकिदिरी।** प्रखण्ड के कुच्चू पंचायत में बुधवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ उतम प्रसाद, सीओ पुष्पक रजक प्रखण्ड प्रमुख दीपा उरांव, विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुण्डा, सांसद प्रतिनिधि कामेश्वर महतो, उपमुखिया सहदेव बेदिया, पंसस जोन तिग्गा ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया, शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना, राशनकार्ड, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, कृषि ऋण माफी योजना, राज्य फसल राहत योजना, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, मनरेगा जॉब कार्ड, आदि से संबंधित आवेदन जमा किया गया शिविर में विभिन्न योजनाओं के लिए 1701 आवेदन आए। कुल 210 जरुरतमंदों के बीच कम्बल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में कुल 75 लाख रुपए की परिसम्पति का वितरण किया गया।

### रातू:लाभुकों के बीच बांटी गयी परिसंपत्ति

**रातू।** प्रखंड के पंडरा पंचायत की मुखिया स्मृति तिर्की की अध्यक्षता में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया। बीडीओ हरिशंकर बारिक व सीओ प्रदीप कुमार ने ग्रामीणों को पीएम आवास, मनरेगा, राजस्व, स्वास्थ्य, आपूर्ति, कन्यादान,सुकन्या, मातृत्व वंदना, पशुपालन, कृषि, नि:शक्त स्वावलंबन, शिक्षा, पेयजल व स्वच्छता, विद्युत, सहकारिता, 15 वें वित्त, बाल विकास परियोजना, कल्याण आदि विभाग की ओर से संचालित योजनायों की जानकारी दी। इस दौरान आवास, पेंशन, राशन कार्ड, पीसीसी रोड व पक्की नाली निर्माण को लेकर सैकड़ों अर्जियां पड़ी। अधिकांश का निपटारा किया गया। गरीबों के राशन कार्ड बनाये गये। धोती-साड़ी बांटी गयी। लाभुकों को योजना से संबंधित चेक दिया गया। मनरेगा मजदूरों के बीच जॉब कार्ड बांटे गये। संचालन तैय्यब अंसारी ने किया। जबकि, धन्यवाद ज्ञापन सरपंच स्वीटी शरण सिंह ने दिया। मौके पर प्रमुख संगीता तिर्की, सहकारिता पदाधिकारी देवानंद पांडेय व विनय कुमार, पशुपालन पदाधिकारी डॉ विजय कुमार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की चिकित्सक डॉ प्रीति लता, आपूर्ति पदधिकारी मनोज दीपक गुप्ता, किरण कुमारी, अनुराधा कच्छप व अमित कुमार मौजूद थे।

# अपनी संस्कृति जानने का माध्यम है मेला




खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** कार्तिक पुर्णिमा के अवसर पर ओरमांझी में भगवान कार्तिक महराज की पूजा व रास मेला मेला का आयोजन किया गया। रास मेला समिति ओरमांझी द्वारा राधाकृष्ण मंदिर परिसर में आयोजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू ने लोगों को कार्तिक पुर्णिमा की बधाई दी और कहा शुरू से ही भारत देवी-देवताओं का देश रहा है। यहां के लोग अपने पर्व त्योहार व उत्सव में भी अपने ईष्ट देव भगवान को याद करते हैं। मेला के संबंध में उन्होने कहा देष व झारखंड के मेला जतरा से हमें, अपनी संस्कृति व परंपरा को जानने का अवसर मिलता है। भागदौड़ के जीवन में अपने आचार व विचार को जानने व समझने के लिए मेला भी एक माध्यम है। इस अवसर पर समिति द्वारा नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पहुंची कलकता व जमशेदपुर की कलाकारों द्वारा शानदार नृत्य प्रस्तुत किया गया। वहीं मेला में बच्चों के झुले और मिठाई व झुला लगाया गया था। कार्यक्रम को देखने के लिए काफी संख्या में आसपास के लोग पहुंचे थें। कार्यक्रम की प्रस्तुती देख झुमते नजर आए। कार्यक्रम को सफल आयोजन में समिति के अध्यक्ष सत्यनारायण तिवारी, सचिव दिलीप मेहता, कोषाध्याक्ष संतोष कुषवाहा, कोषाध्यक्ष रवि वर्मा, उपाध्यक्ष सुरेष कुमार मेहता, उपसचिव प्रयाग महतो के उल्लेखनीय भुमिका रही।

## एक नजर में

### अवैध बालू कारोबारियों पर कार्रवाई, सात हाइवा जब्त

**सिल्ली।** सिल्ली में बुंडू रोड पर से अवैध बालू से लदे सात हाइवा को जप्त कर सिल्ली थाने परिसर में रखा गया है। अंचलाधिकारी धर्मेंद्र दुबे के नेतृत्व में मंगलवार की रात करीब 11 बजे के बाद अवैध बालू कारोबारियों के विरुद्ध किये गए कारवाई में ये वाहन पकड़े गये है। अंचल कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक इनमें से चार हाइवा सिल्ली बुंडू मार्ग पर सिल्ली डेली मार्केट के पास से एवं तीन हाइवा टुटकी के पास से पकड़ा गया है। बुधवार को सीओ धर्मेंद्र कुमार दुबे ने सभी हाइवा को खनन विभाग को जांच के लिये सौंप दिया है।

### सीआइपी में अंतर्राष्ट्रीय रेडियोलॉजी दिवस का आयोजन



**कांके।** रेडियोलॉजी विभाग केंद्रीय मनश्चिकित्सा संस्थान रांची ने एक्स-रे की खोज की वर्षगांठ को चिह्नित करते हुए अंतर्राष्ट्रीय रेडियोलॉजी दिवस मनाया अंतर्राष्ट्रीय रेडियोलॉजी दिवस आधुनिक स्वास्थ्य देखभाल में चिकित्सा इमेजिंग की भूमिका को बढ़ावा देने वाला एक वार्षिक कार्यक्रम है यह हर साल 8 नवंबर को मनाया जाता है 8 नवंबर, 1895 को विल्हेम कॉनराड रॉन्टगन ने कैथोड किरणों की जांच करते हुए संयोग से एक्स-रे की खोज की जिससे रेडियोलॉजी के चिकित्सा अनुशासन की नींव प्रभावी ढंग से पड़ी यह खोज इमेजिंग के विभिन्न तरीकों को शामिल करने और खुद को आधुनिक चिकित्सा के एक महत्वपूर्ण तत्व के रूप में स्थापित करने के लिए विकसित होगी। 8 नवंबर को अंतत उन समारोहों को चिह्नित करने के लिए उपयुक्त दिन के रूप में चुना गया था जो दुनिया भर में रेडियोलॉजिकल सोसायटी द्वारा मनाए जाते हैं समारोह की शुरूआत माननीय प्रोफेसर डॉ बासुदेव दास निदेशक सीआईपी के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने रेडियोलॉजी के आई सी डॉ इंदुभूषण कुमार ऑनलाइन के माध्यम से डॉ अनीश चौधरी प्रशासनिक आई सी डॉ ए शर्मा डॉ ए मुखर्जी एसएनओ वरिष्ठ प्रौद्योगिकीविद् श्रीकांत चक्रवर्ती श्री भैरब माजी हमारे रेडियोलॉजी विभाग के कर्मचारी और एलेंजर्स स्टाफ। डॉ अनीश चौधरी ने मशीन के नए कार्यों जैसे घनत्व मानचित्रण नरम ऊतक लक्षण वर्णन एकल फ्रेम में पूर्ण क्षेत्र पैनो ग्राफिक एक्सरे छवि अधिग्रहण का प्रदर्शन किया डॉ बी दास सर ने इस अवसर पर केक काटा डॉ बी दास सर की उपस्थिति में मशीन का लाइव पेशेंट प्रदर्शन किया गया इसके अलावा नई मशीन उन्नयन का भी विभाग को आश्वासन दिया गया।

### भाजपा ने सरकार के खिलाफ किया धरना प्रदर्शन



**पिपरवार।** भारतीय जनता पार्टी पिपरवार मंडल के अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकताओं ने बुधवार को टंडवा प्रखंड कार्यालय में झारखंड में पदस्थापित भ्रष्टाचारी सरकार के खिलाफ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। सबसे पहले पिपरवार मंडल के सैकड़ों कार्यकर्ता कल्याणपुर में सुबह उपस्थित हुए जहां से उन्होंने विरोध रैली निकाली भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता ने टंडवा प्रखंड कार्यालय परिसर पहुंचे। जिसके बाद प्रदेश की हेमंत सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी करते हुए सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी प्रखंड कार्यालय परिसर में धरना प्रदर्शन में बैठे। जहां पर सिमरिया विधानसभा के विधायक किशुन कुमार दास मार्गदर्शन से टंडवा मंडल एवं पिपरवार मंडल के कार्यकताओं को झारखंड में हो रहे लूट घसूठ की सरकार की गंदी राजनीति के बारे में बताया।झारखंड भाजपा के कार्यकताओं ने इस भ्रष्टाचारी सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकने का आवाहन किया। विरोध प्रदर्शन के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन भी सौंपा गया।

# खबर मन्त्र

रांची. गुरुवार. 10 नवंबर 2022

अभिव्यक्ति

epaper.khabarmantra.net


# मोदी की चुनौती

गुजरात और हिमाचल प्रदेश चुनावों में मुद्दों और परिस्थितियों में कई समानताएं हैं। दोनों राज्यों में भाजपा की सत्ता है और मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस है, जो इस बार भाजपा को कड़ी चुनौती दे रही है, जबकि मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने के लिए आम आदमी पार्टी भी मैदान में है। पिछले 27 सालों से यहां भाजपा की सरकार है, जिसमें से 12 साल मुख्यमंत्री रहने का रिकार्ड नरेन्द्र मोदी के नाम है। चुनावों की घोषणा के एक दिन पहले तक वे गुजरात में ही थे। और इस दौरान ट्रेन को हरी झंडी दिखाने से लेकर सरदार पटेल की जयंती मनाने और आदिवासियों को संबोधित करने जैसे सारे काम उन्होंने किए। लेकिन इस बीच ही मोरबी में झूलते पुल के गिरने का हादसा भी हो गया।आप को भाजपा की बी टीम कहा जा रहा है। यानी उसे चुनाव में इतना बढ़ावा इसलिए मिल रहा है ताकि वह कांग्रेस के वोट काट सके और इससे भाजपा की जीत का रास्ता तैयार हो जाए। लेकिन इस बार एंटी इन्कमबेंसी यानी सत्ता विरोधी लहर दोनों राज्यों में महसूस की जा सकती है। तो इससे ऐसा भी हो सकता है कि आप और भाजपा दोनों की उम्मीदों के विरुद्ध कांग्रेस को ही जीत मिल जाए। हिमाचल प्रदेश में तो वैसे भी हर पांच साल में सत्ता बदलने का रिवाज है और भाजपा इस बार रिवाज बदलने का आग्रह लोगों से कर रही है। गुजरात में कांग्रेस की वर्तमान विधानसभा में 77 सीटें हैं। इस स्थिति में कांग्रेस को बुहत कमजोर नहीं कहा जा सकता है। वैसे भाजपा का चेहरा मोदी ही है लेकिन मोदी के चेहरे पर जीत रही भाजपा की मजबूरी भी मोदी है जो दिल्ली सहित कई राज्यों में सत्ता दिलवाने में कामयाब नहीं हो सके हैं। बेरोजगारी, कोरोना के बाद के हालात निश्चित ही चुनौती से भरे हैं। आखिर सिर्फ मोदी फैक्टर से भाजपा कब तक टिकी रहेगी यह जबाव 8 दिसंबर को मिलेगा।

# श्रेष्ठ महिलाएं

अमेरिकी पत्रिका फोर्ब्स के नवंबर अंक में प्रकाशित 20 एशियाई महिला उद्यमियों की सूची में तीन भारतीयों को शामिल किया गया है। इस सूची में उन महिलाओं को शामिल किया गया, जिन्होंने कोविड-19 महामारी के चलते पैदा हुई अनिश्चितता के बीच अपने कारोबार को बढ़ाने में उल्लेखनीय सफलता हासिल की। इस सूची में स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड की चेयरपर्सन सोमा मंडल, एमक्योर फार्मा की कार्यकारी निदेशक नमिता थापर और होनासा कंज्यूमर की सह-संस्थापक तथा मुख्य नवाचार अधिकारी गजल अलघ के नाम शामिल हैं। फोर्ब्स ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि सूची में शामिल कुछ महिलाएं शिपिंग, रियल स्टेट और निर्माण जैसे क्षेत्रों में काम कर रही हैं, जबकि अन्य प्रौद्योगिकी, दवा और जिंस जैसे क्षेत्रों में नवाचार कर रही हैं। सूची में शामिल अन्य महिलाएं ऑस्ट्रेलिया, चीन, दक्षिण कोरिया, इंडोनेशिया, जापान, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, ताइवान और थाईलैंड से हैं।

निश्चित तौर पर तीन भारतीय महिलाओं का दुनिया के शीष 20 एशिआई महिलाओं में शामिल होना गर्व की बात है। वैसे तीन दशकों में जब से वैश्विक स्तर पर भारतीय बाजार खोले गये हैं तब से महिलाओं ने नये आसमान को चूमा है। सरकारी की नीतियों में भी महिलाओं को लेकर लगातार प्रयास जारी है और दूसरे शब्दों में कहें तो महिलाओं ने हर क्षे में जिस प्रकार के प्रयत्न किये हैं उससे महिलाओं को आगे आने देने की मजबूरी ने सरकार को इसके लिये विवश किया है। वैसे भारतीय समाज के मूल में स्त्री सम्मान तो है ही स्त्री शासन भी पूरे शिद्दत से जुड़ा है। आज औद्योगिक विकास में जिस प्रकार वैश्विक स्तर पर भारतीय मूल की महिलाओं ने अपना परचम लहराया है उनके साथ भारतीय महिलाओं का शामिल होना बढ़ते भारत का संकेत है।

# चेतना में निवेश

विचार-प्रवाह

**जग्गी वासुदेव**

**कुछ** भी करना है तो उसके लिए मानवीय ऊर्जा, समय व साधनों की कुछ मात्रा सर्मिपत करनी पड़ती है। इसलिए हमें चेतना में निवेश करना चाहिए। अब तक हम सिर्फ जीवित रहने के लिए प्रयास करते रहे हैं। लेकिन जब तकनीकें यथार्थ बन जाएंगीं, तब अपना अस्तित्व बनाए रखना कोई मुद्दा ही नहीं रहेगा।

जब अस्तित्व कोई मुद्दा ही नहीं होगा तो हम जरूर ही चेतना में निवेश करना शुरू करेंगे। लेकिन जितना जल्दी हम यह शुरू करेंगे, उतना ही उन नई संभावनाओं की ओर आगे बढऩे पर समस्याएं कम होंगीं, जो तकनीकों द्वारा प्रदान की जाएंगी। क्या आप की पहचान और आप के अनुभव आपको दूसरों से अलग रखते हैं, या आप की पहचान और आप के अनुभव दूसरों को आपमें शामिल करते हैं- इसी से ये तय होगा कि तलवार किस तरफ से वार करेगी। तकनीक हमेशा दुधारी तलवार होती है-यह दोनों तरफ से काट सकती है।

आप किस तरफ इसका इस्तेमाल करेंगे यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप कौन हैं? क्या आप की पहचान और आप के अनुभव आपको दूसरों से अलग रखते हैं, या आप की पहचान और आप के अनुभव दूसरों को आपमें शामिल करते हैं- इसी से ये तय होगा कि तलवार किस तरफ से वार करेगी। तो फिर हमें क्या करना चाहिए, जिससे मानव समाज में चेतना बड़े स्तर पर प्रकट हो? प्रत्येक पीढ़ी में अत्यंत जागरूक मनुष्य होते रहे हैं। लेकिन कुछ पीढ़ियों और कुछ समाज में उनकी बातें सुनी गई हैं, जबकि अन्य कुछ समाज में उनकी तरफ ध्यान नहीं दिया गया, तो अब समय आ गया है।

कार्टून वर्ल्ड

नारी शक्ति बनाम कट्टरपंथी



साभार : कार्टून मूवमेंट

लेटर टू एडिटर

### साझे प्रयास हों

जहरीली शराब के उत्पादन और बिक्री को रोकने में पुलिस और आबकारी विभाग की नाकामी शर्मनाक है। यह ठीक है कि शराब का कारोबार करने वाले तस्करों को पकड़ने के लिए सरकार व प्रशासन द्वारा छापामारी की जानी चाहिए, लेकिन आमजन को भी स्वयं जागरूक होने की जरूरत है। समाज और सरकार साझे प्रयास से ही इस कारोबार पर नकेल कस सकता है। **– रवि किशन, रांची**

### सामंजस्य से प्रगति

लोकतांत्रिक देश में शिक्षा, रोजगार, सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक नेतृत्व के क्षेत्र में महिलाओं को समान अधिकार प्राप्त हैं। लैंगिक असमानता महिलाओं के खिलाफ हिंसा को बढ़ावा देती है। महिलाओं के साथ सम्मान के साथ सही व्यवहार किया जाना चाहिए। पुरुष वर्ग को इसके लिए अपनी संकीर्ण सोच से बाहर निकलने की जरूरत है।

**– तनूजा सिंह, रांची**

# अन्नदाता नहीं हो पाये समृद्ध, दबी रहीं फाइलें

**झारखंड स्थापना दिवस पर विशेष**

**राज्य** गठन के बाद से किसानों की दुर्दशा में अपेक्षित सुधार नहीं हो सका, किसानों के विकास के लिये हेमंत सरकार ने रूफटॉप फार्मिंग की कुल 375 इकाइयां स्थापित करने का लिया था निर्णय, जो अब तक लंबित है। 22 सालों में कृषि विकास की अधिक योजनायें फाइलों में दबी रही। हालांकि, कर्जमाफी के बाद किसानों की आमदनी में हुई बढ़ोतरी



झारखंड अलग राज्य की स्थापना के साथ ही यहां के अन्नददाताओं की दुर्दशा दूर होने की उम्मीद जगी थी। झारखंड गठन के 22 वर्षों बाद भी किसानों की स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हो सका। हांलाकि, हेमंत सरकार ने कृषि विकास के लिये कई योजनायें शुरू की है। इस सरकार के कर्जमाफी के बाद किसानों की आमदनी में बढ़ोतरी हुई। बावजूद इसके महंगाई के कारण खर्च में भी इजाफा हुआ है। हालांकि खेती के पैटर्न और रकबे में कोई खास बढ़त देखने को नहीं मिली है। सरकार की कोशिश है कि कर्जमाफी का लाभ किसानों को मिल रहा है या नहीं।

जानकारी है कि राज्य का वर्ष 2022-23 का कृषि बजट 4092.37 करोड़ रुपए है। इसमें कृषि के विकास पर फोकस किया गया है। राज्य के किसानों की बेहतरी को प्राथमिकता मानकर सरकार कार्य कर रही है। इस सरकार ने किसानों की ऋण माफी से लेकर सिंचाई सुविधा और कृषि में नई तकनीक का इस्तेमाल करने का भरोसा दिया है।वहीं, संकट के दौर में किसानों को हुए आर्थिक नुकसान के लिए कॉर्पस फंड बनाने का जिक्र है। कोरोना महामारी के दौरान राज्य के किसानों को राहत देने के लिए राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही कृषि ऋण माफी योजना के तहत अबतक दो लाख 11 हजार पांच सौ किसानों के खाते में आठ सौ 36 करोड़ रुपए ट्रांसफर किये गये हैं। फिलहाल यह योजना राज्य में जारी है। इस योजना का लाभ किसानों को मिल रहा है। बावजूद इसके हजारों किसानों को इस योजना का लाभ अब तक नहीं मिला है। इसके कारण किसानों की स्थिति में सकारात्मक सुधार संभव नहीं हो सका है।



- उदय चौहान

> जानकारी है कि राज्य का वर्ष 2022-23 का कृषि बजट 4092.37 करोड़ रुपए है। इसमें कृषि के विकास पर फोकस किया गया है। राज्य के किसानों की बेहतरी को प्राथमिकता मानकर सरकार कार्य कर रही है। इस सरकार ने किसानों की ऋण माफी से लेकर सिंचाई सुविधा और कृषि में नई तकनीक का इस्तेमाल करने का भरोसा दिया है।वहीं, संकट के दौर में किसानों को हुए आर्थिक नुकसान के लिए कॉर्पस फंड बनाने का जिक्र है।

जलनिधि योजना के सफल होने पर मिलेगा लाभ

झारखंड में प्रतिवर्ष पर्याप्त बारिश होती है। इसके बावजूद यहां के किसानों को कृषि में सिंचाई की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। कई ऐसे इलाके हैं जहां पर सिंचाई की सुविधा नहीं हो पाने के कारण किसान साल में सिर्फ एक फसल ही उगा पाते हैं। हालांकि सिंचाई सुविधाओं में पहले की अपेक्षा काफी सुधार हुआ है। इस बार के बजट में जलनिधि योजना के तहत राज्य के सभी जिलों में विशेष सिंचाई सुविधा अंतर्गत एक हजार सात सौ 66 डीप बोरिंग और नौ हजार 63 परकोलेशन टैंक निर्माण की योजना है।

एग्री स्मार्ट ग्राम योजना से विकसित किये जा रहे 100 गांव

कृषि बजट के तहत वित्तीय वर्ष 2022-23 में एग्री स्मार्ट ग्राम योजना के तहत पहले चरण में राज्य के 100 गांवों का चयन किया जा रहा है। गांवों का चयन स्थानीय विधायक की अनुशंसा पर की जा रही है। राज्य उद्यान विकास योजना में गो धन न्याय योजना के अंतर्गत आगामी वित्तीय वर्ष में पशुपालकों एवं किसानों की आय में बढ़ोतरी करने के उद्देश्य से उनसे उचित मूल्य पर गोबर की खरीदारी की जायेगी। इसके बाद गोबर से बॉयोगैस और जैविक खाद तैयार किया जायेगा। सीएम पशुधन योजना से भी किसानों को लाभान्वित किया जा रहा है। चालू वित्तीय वर्ष में अनुदान पर पशुधन वितरित किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2021.22 में प्रति दिन 80 लाख लीटर दूध का उत्पादन हो रहा है। जो वर्ष 2022-23 में कुल 85 लाख लीटर दूध प्रतिदिन उत्पादन हो रहा है। कृषि उत्पादों के बेहतर भंडारण और विपणन के उद्देश्य से अलग-अलग जिलों में पांच हजार मीट्रिक टन क्षमता के मॉडल का कोल्ड स्टोरेज बनाया जा रहा है। चालू वित्तीय वर्ष में कोल्ड स्टोरेज के निर्माण के लिए 30 करोड़ रुपए का बजटीय उपबंध है।

उधर, वित्तीय वर्ष 2021-22 में कृषि और किसानों के विकास के लिए बनी दर्जन भर से ज्यादा योजनाएं फाइलों में ही रह गयीं। इसमें किसान समृद्धि योजना, कटाई के बाद सब्जियों, फलों व फूलों को बर्बाद होने से बचाने की योजना, कृषि उपकरण वितरण सहित कई योजनाएं शामिल हैं। इनके लिए बजट में प्रावधान किया गया और वित्तीय वर्ष के अंतिम दिनों में योजनाओं की स्वीकृति हुई। इससे सिर्फ ट्रेजरी से पैसा निकला। लेकिन योजनाएं लागू नहीं हो सकीं। दरअसल, बजट तैयार करते समय योजना की रूपरेखा तैयार नहीं थी। इसलिए योजना स्वीकृति तक कई बदलाव किये गये। बाद में यह फैसला किया गया कि इस योजना के तहत 300 ग्रामीण हाटों के दायरे में 10-10 किसानों को एक-एक साइकिल और सब्जी,फल-फूल आदि लाने के लिए कैरेट दिया जायेगा। पिछले साल शहरी क्षेत्र में खेती को बढ़ावा देने की योजना बनायी गयी थी। रूफ टॉप फार्मिंग की योजना बनी थी। इसके तहत रूफटॉप फार्मिंग की कुल 375 इकाइयां स्थापित होनी थी, जो अब तक लंबित है। किसान विकास क ी दुर्दशा के उदाहरण देखी जा सकती है। इसके तहत कृषि विकास के लिये ट्रेजरी से सिर्फ पैसा निकाला गया, योजनाएं लागू नहीं हो पायीं। फसल क्षति में किसानों का सहायता शून्य रहा।इसी प्रकार, एक हजार किसानों को डोलोमाइट का वितरण शून्य, किसानों को ऊर्जा संचालित उपकरण देना शून्य,राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत 25 हजार किसानों को लाभान्वित करना शून्य रहा। वहीं, 1500 हेक्टेयर जमीन में एकीकृत खेती और मूल्य संवर्धन शून्य, 5054 किसानों का प्रशिक्षण शून्य, 18 हजार पंप सेट, 849 मिनी ट्रैक्टर, पावर टिलर का वितरण जीरो, 100 कृषि उपकरण बैंक की स्थापना जीरो,1000 मधु बक्से का वितरण जीरो,झारखंड बागवानी सोसाइटी का गठन जीरो, 150 लाभुकों के बीच जोड़ा बैल वितरण जीरो रहा। किसानों को सोलर एनर्जी से चलनेवाला पंप सेट योजना भी लंबित है। (लेखक खबर मन्त्र के ब्यूरो चीफ हैं।)

समस्त प्रदेशवासियों को कार्तिक पूर्णिमा की अनंत शुभकामनाएं। मां गंगा एवं भगवान विष्णु की कृपा सभी पर बनी रहे।

**– सुदेश महतो, आजसू सुप्रीमो**

### आपके ट्वीट

संताल समाज के अटूट आस्था का प्रतीक, पवित्र स्थल लुगु बुरु घंटाबाड़ी धोरोम गाढ़ पहुंच कर अंतर्राष्ट्रीय संताल सरना धर्म महासम्मेलन में शामिल होने का सौभाग्य मिला।

जय जोहार ! जय झारखण्ड !

**–हेमंत सोरेन, सीएम**





भारतीय लोकतंत्र सदेव विविधिता को समर्पित रही है। हमारी विचार धारा हमारे संपूर्ण पृथ्वी और इसके ग्रहों की सुरक्षा और इनके बेहतर पर्यावरण को समर्पित है।

**–नरेन्द्र मोदी**

खास बात

## मोरबी का सच

**जीवीएस शास्त्री**

मोरबी कांड में भी कुछ पत्रकार ऐसे वीडियो दिखाने में लग गए, जिसमें कुछ लोग पुल को हिलाते नजर आ रहे हैं। कुछ क्षणों के ऐसे वीडियो दिखाकर यह साबित किया जा रहा है कि गलती जनता की थी, जिसने पुल को हिला-हिला कर गिरा दिया। दो सौ के करीब लोग अकाल मौत का शिकार हो गए, और इसके लिए सरकार से सवाल पूछने की जगह मृतकों को ही दोषी बताने की संवेदनहीनता देश में दिखाई जा रही है। अब शायद यह सवाल समाज को खुद से करना चाहिए अंधभक्ति में आखिर किस हद तक नैतिक पतन हो सकता है।

मोरबी कांड में एक बात शीशे की तरह साफ है कि रविवार को पुल पर क्षमता से कम से कम पांच गुना लोग मौजूद थे। और अब ये बात भी सामने आई है कि 17 रूपए का पास लोगों को बेचा गया, इसे टिकट की जगह पास क्यों लिखा गया, यह भी विचारणीय है। मोरबी नगरपालिका के मुताबिक पुल को उसकी अनुमति के बिना खोला गया, तो क्या पुल के रख-रखाव की ठेकेदार कंपनी ओरेवा इतनी रसूखदार है कि वह अपनी मर्जी से फैसले ले और क्या प्रशासन इतना कमजोर है कि वह इस मनमानी पर सवाल न कर सके। गौर करें कि पुल खुलते साथ ही नहीं टूटा, बल्कि 26 तारीख से खुला पुल 30 तारीख को टूटा, तो इन चार दिनों तक आखिर नगरपालिका या सरकार को खबर क्यों नहीं हुई।

इस पुल का ठेका 15 वर्षों के लिए ओरेवा ट्रस्ट को दिया था। तो सवाल ये है कि क्या घड़ी और मच्छरमार रैकेट जैसे उपकरण बनाने वाली इस कंपनी को पुल के रख-रखाव का कितना अनुभव था और किस आधार पर उसे यह ठेका मिला। क्या इसमें सत्ता और पूंजी का दूषित गठजोड़ है। इस कांड के बाद ओरेवा कंपनी के प्रबंधक और टिकट क्लर्क समेत 9 लोगों की गिरफ्तारियां हुई हैं, मगर क्या केवल ये लोग ही दोषी हैं, या इसके तार कहीं ऊपर जुड़े हैं। सवाल प्रधानमंत्री श्री मोदी से भी होने चाहिए कि मोरबी कांड के फौरन बाद वे घटनास्थल न जा सके, तो भी क्या विभिन्न कार्यक्रमों में उनकी भागीदारी जरूरी थी। निश्चित तौर पर आपदा में कैसे अवसर की तलाश है।

# कौन हैं इसुदान गढ़वी, जिन्हें आपने बनाया सीएम उम्मीदवार

**जीवीएस शास्त्री**

इसुदान के नाम का एलान होते ही हर कोई उनके बारे में जानने की कोशिश करने लगा है। सवाल यह है कि आखिर इसुदान गढ़वी को ही क्यों आम आदमी पार्टी ने मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार बनाया है? गढ़वी की उम्मीदवारी से आप को क्या फायदा हो सकता है? भाजपा और कांग्रेस पर इसका क्या असर पड़ेगा? .. आम आदमी पार्टी (अअढ) ने इसुदान गढ़वी को गुजरात में पार्टी की ओर से मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार बनाया है। आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने खुद इसका एलान किया। इसुदान गुजरात के गढ़वी समाज से आते हैं। पहले कयास लगाए जा रहे थे कि आप के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल इटालिया को सीएम का फेस बनाया जा सकता है। आप ने पंजाब की तरह यहां भी सीएम पद के उम्मीदवार के लिए सर्वे कराया था। सर्वे में गढ़वी को 73 फीसदी लोगों का वोट मिला।

इसुदान के नाम का एलान होते ही हर कोई उनके बारे में जानने की कोशिश करने लगा है। सवाल यह है कि आखिर इसुदान गढ़वी को ही क्यों आम आदमी पार्टी ने मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार बनाया है? गढ़वी की उम्मीदवारी से आप को क्या फायदा हो सकता है? भाजपा और कांग्रेस पर इसका क्या असर पड़ेगा? आइए जानते हैं...

पहले इसुदान गढ़वी के बारे में जान लीजिए

इसुदान गढ़वी ने पत्रकारिता से राजनीति में कदम रखा है। गढ़वी का जन्म गुजरात के देवभूमि द्वारका जिले के

सामयिक

पिपलिया में हुआ। उन्होंने अपनी शुरूआती पढ़ाई जाम खंभालिया में पूरी की। कॉमर्स से स्नातक करने के बाद 2005 में गढ़वी ने गुजरात विद्यापीठ से पत्रकारिता की पढ़ाई की। इसके बाद दूरदर्शन से जुड़ गए और वहां पर एक शो करने लगे। इसुदान ने पोरबंदर की एक स्थानीय चैनल में बतौर रिपोर्टर काम किया। 2015 में इसुदान अहमदाबाद आए और यहां वह एक गुजराती चैनल के एडिटर बन गए। उस वक्त इसुदान की उम्र महज 32 साल थी। इसुदान ने इस दौरान 'महामंथन' नाम से एक कार्यक्रम की शुरूआत की। इसकी वह एंकरिंग करते थे। गुजराती भाषा में होने वाले इस कार्यक्रम ने इसुदान को काफी पहचान दिलाई। खासतौर पर किसानों के बीच इसुदान काफी लोकप्रिय हो गए।

अपने इस कार्यक्रम में गढ़वी किसानों के मुद्दों को उठाते थे। सौराष्ट्र में इस कार्यक्रम को सबसे ज्यादा देखा जाता था। इसुदान खुद किसान परिवार से ताल्लुक रखते हैं। पिता खेराजभाई गढ़वी अभी भी खेती करते हैं। इसुदान ने पत्रकार रहते हुए वापी, पोरबंदर, जामनगर, अहमदाबाद और गांधीनगर में काम किया। पिछले साल जब आदमी पार्टी ने गुजरात में संगठन विस्तार की कवायद शुरू की तो इसुदान पत्रकारिता छोड़कर राजनीति में आ गए। इसुदान गढ़वी ने जून 2021 की शुरूआत में नौकरी से इस्तीफा दे दिया और कहा कि वे पत्रकारिता छोड़कर जनता के लिए काम करेंगे। जून में जब अरविंद केजरीवाल गुजरात पहुंचे तो इसुदान आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए।

गढ़वी को ही क्यों बनाया सीएम का उम्मीदवार?

इसे समझने के लिए हमने गुजरात के वरिष्ठ पत्रकार वीरांग भट्ट से बात की। उन्होंने कहा, 'इसुदान ओबीसी वर्ग से आते हैं। गुजरात में करीब 48 प्रतिशत से ज्यादा ओबीसी वोटर हैं। इसुदान की जाति गढ़वी है। गुजरात के राजकोट, जामनगर, कच्छ, बनासकांठा, जूनागढ़ समेत कुछ अन्य जिलों में गढ़वी समाज की अच्छी संख्या है।' वीरांग आगे कहते हैं, 'टीवी कार्यक्रम के जरिए गढ़वी ने किसानों के बीच अच्छी लोकप्रियता हासिल की है। वह किसानों के मुद्दों को लेकर आक्रामक रहे हैं।

# सुधार की सिर्फ बात हो रही है या सुधार भी...

**पी चिदंबरम**

**सुधार** की असली परीक्षा तो यह है कि क्या उससे जीडीपी की वृद्धि दर में कोई इजाफा होता है। मैं डॉ. पनगड़िया को सुधारों के उच्च मानकों की याद दिला रहा था, मैंने मुद्दा नहीं बदला है, जैसा कि उन्होंने दावा किया है। उस विषयांतर से निपटने के बाद आइए, अब डॉ. पनगड़िया के तर्कों पर बात करें। किसने सबसे ज्यादा सुधार किए? शब्द सबसे ज्यादा पर गौर कीजिए। डॉ. पनगड़िया के अनुसार इसके नायक पीवी नरसिंहराव और अटल बिहारी वाजपेयी थे। दुनिया के ज्यादातर अर्थशास्त्रियों, जिनमें डॉ. पनगड़िया के गुरु प्रोफेसर जगदीश भगवती भी शामिल हैं, इस नतीजे से उन्हें भी झटका लगेगा।

फिर भी, चूंकि डॉ. पनगड़िया ने शब्द सबसे ज्यादा उपयोग किया है, जो मात्रा को बताता है, इसलिए हमें हर प्रधानमंत्री के कार्यकाल के सुधारों की सूची बनानी होगी और किए गए सुधारों को देखना होगा। डॉ. पनगड़िया ने मोदी को जिन पांच सुधारों का श्रेय दिया है, वे मेरे पास पहले से दर्ज हैं- 1- दिवाला और दिवालियापन संहिता

2- कृषि कानून

3- श्रम सुधार

4- चिकित्सा शिक्षा सुधार

5- एफडीआइ को उदार बनाना

कुछ कारणों से डॉ. पनगड़िया

सामयिक

जीएसटी की गड़बड़ियों पर कुछ नहीं बोले और नोटबंदी से हुई तबाही को भी छिपा गए। इसे पूर्णरूप देने के लिए हमें दो से पांच सुधार और जोड़ने चाहिए, ताकि ये कम से कम सात सुधार हो जाते।

एक बार फिर, मैं इस बहस में नहीं जाऊंगा कि राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग का गठन करके क्या ह्यचिकित्सा शिक्षा सुधारह्न किया गया है, या एफडीआइ को उदार बनाने का श्रेय अकेले मोदी को दिया जा सकता है, जैसे कि उन्होंने पहली बार एफडीआइ की इजाजत दी हो। याद रखें, हम मात्रात्मक गिनती कर रहे हैं, न कि गुणवत्ता का आकलन कर रहे हैं। अंक सात है।

अब मैं प्रधानमंत्री के रूप में डॉ. सिंह के कार्यकाल (2004-2014) में हुए सुधारों की सूची बना कर उन्हें गिनाता हूं। आप इस सूची को पढ़ें, उससे पहले कुछ जानकारियां यहां दी जा रही हैं। मैंने यहां उन सुधारों को छोड़ दिया है, जो पहले से चल रहे थे, उदाहरण के लिए बैंकिंग नगदी लेनदेन कर, जो बड़ी निकासियों और जमाओं पर लगाया गया था। मैंने राष्ट्रीय विनिर्माण प्रतियोगी परिषद और निवेश आयोग जैसे सुधारों को भी छोड़ दिया है जो बहुत ही व्यक्ति-केंद्रित थे। कुछ सुधार यूपीए ने शुरू किए थे, लेकिन उन्हें अलग-अलग नामों से जाना जाता है और उन्हें शामिल कर लिया गया है। मैं सुधारों के कदमों की दीर्घावधि और स्थायित्व के परीक्षण पर गौर करता हूं।

डॉ पनगड़िया ने वृद्धि दर के जो आंकड़े दिए हैं, मैं उन्हें मानूंगा- नरसिंहराव 5.1 फीसद, वाजपेयी 5.9 फीसद, डॉ. मनमोहन सिंह 7.7 फीसद और मोदी 6.8 फीसद। अंकों के हिसाब से देखें तो डॉ. सिंह के पांच-पांच साल के दो कार्यकाल किसी भी अन्य प्रधानमंत्री की तुलना में काफी अच्छे रहे हैं। (ऐसे कई शुरूआती सुधार जो नरसिंह राव के कार्यकाल में हुए, उनका श्रेय भी डॉ. सिंह को दिया जाना चाहिए।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# शिविर के माध्यम से समस्याओं का हो रहा समाधान : अंबा प्रसाद

**आपकी योजना आपकी सरकार-आपके द्वार के तहत देवरिया पंचायत में लगा विशेष शिविर**

**दर्जनों ग्रामीणों ने सौंपा आवेदन, कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट हुआ समाधान**


दिव्यांग को ट्राइ साइकिल देती विधायक अंबा प्रसाद

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** देवरिया पंचायत भवन में बुधवार को आपकी योजना आपकी सरकार-आपके द्वार के तहत विशेष शिविर का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया विकास नायक व संचालन जितेंद्र नायक ने किया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक अंबा प्रसाद, रामगढ़ डीसी माधवी मिश्रा, पतरातू बीडीओ हलधर कुमार सेठी व सीओ शिव शंकर पांडेय व विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। शिविर में विभिन्न समस्याओं से संबंधित ग्रामीणों द्वारा दर्जनों आवेदन सौंपा गया। जिसमें कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान किया गया। शिविर में स्टॉल के माध्यम पशुधन विकास योजना, कृषि, पशुपालन, मनरेगा, कार्ड बनाने, विधवा, वृद्धा, विकलांग पेंशन, जन्म, मृत्यु प्रमाण-पत्र, बाल विकास परियोजना, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार, श्रम योजना, राज्य समाजिक सुरक्षा पेंशन, मुद्रा लोन आदि के तहत कई समस्याओं का समाधान किया गया। साथ ही दो दिव्यांगों के बीच ट्राइ साइकिल का वितरण किया गया। वहीं दर्जनों लड़कियों को किशोरी समृद्धि योजना का लाभ दिया गया। इस दौरान चिकोर पैक्स द्वारा छह किसानों का केसीसी आवेदन प्रखंड षि पदाधिकारी को सौंपा गया। मौके पर मुख्य अतिथि विधायक अंबा प्रसाद ने परिसंपत्ति का भी वितरण किया। जिसमें फूलो-झानो योजना के तहत महिला समूहों को 10-10 हजार का चेक दिया। अंबा प्रसाद ने कहा कि शिविर का उद्देश्य ही ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करना है। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जन समस्याओं का समाधान तो हो ही रहा है, इससे ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी देकर उन्हें इसका लाभ दिलाने का भी काम किया जा रहा है। इधर पैक्स अध्यक्ष शैलेश कुशवाहा ने बताया कि सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं का लाभ किसानों को दिलाने के प्रति चिकोर पैक्स कटिबद्ध है। 6 किसानों का केसीसी आवेदन दिया गया। साथ ही 22 किसानों का अधिप्राप्ति हेतु आईडी बनाया गया।

# अवैध बालू खनन पर विभाग की कार्रवाई

खबर मंत्र संवाददाता


मौके पर उपस्थित अधिकारी

**हजारीबाग।** उपायुक्त हजारीबाग नैंसी सहाय के निर्देश पर जिला खनन पदाधिकारी अजित कुमार एवं खान निरीक्षक सुनिल कुमार द्वारा आज 9 सितंबर को अवैध बालू खनन के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए ज़िला पुलिस बल एवं बडा बाजार थाना के मदद से जिले मे कुल 17 ट्रैक्टरो को जब्त किया गया। जब्त सभी ट्रैक्टरो को बडा बाजार, कटकमदाग एवं ईचाक थाना मे रखा गया है। जिला खनन पदाधिकारी अजित कुमार ने बताया कि बड़कागांव के नवाटांड बालू घाट को विधिवत रूप से चालू करा दिया गया है, जिसकी क्षमता लगभग 23,98,000 घनफीट प्रतिवर्ष है। सरकार द्वारा बालू का प्रति ट्रैक्टर निर्धारित मुल्य 750 रुपए व 5 प्रतिशत जीएसटी है। जिले के सभी संवेदक एवं ट्रैक्टर चालक उक्त घाट से बालू बुकिंग कर खरीद बिक्री कर सकते है। बिना चलान के बालू बिक्री करते पकडे जाने पर वाहनो पर कार्रवाई की जायेगी। जिला खनन निरीक्षक सुनिल कुमार ने बताया कि बीते दो दिनो मे बालू पत्थर एवं मिट्टी लदे कुल 21 वाहनो को पकडा गया है तथा उदय मेहता के क्रशर एवं प्रकाश मेहता के पुर्व में संचालित पत्थर खदान की भी जॉच की गई है। जिले मे अवैध बालू परिवहन पर लगातार सख्त कार्रवाई की जायेगी। वैध रूप से बालू खनन व परिवहन से राज्य सरकार के राजस्व में वृद्धि के साथ कानून का भी अनुपालन सुनिश्चित होता है।

## स्पीड न्यूज

### केरेडारी प्रशासन मौन, कब होगा आरोपी गिरफ्तार

**केरेडारी।** केरेडारी प्रखंड क्षेत्र के पचड़ा पंचायत के सीटन भुइयां हत्या का अभी तक कोई इंसाफ नहीं मिला इस समस्या को लेकर युवा समाजसेवी शाहिद उर्फ सोनू ने झारखंड सरकार श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता से मिले सरकारी आवास रातू रोड में मिलकर केरेडारी थाना प्रभारी के द्वारा अभी तक किसी आरोपी को गिरफ्तार नहीं की काफी दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक कोई एक्शन में नहीं प्रशासन नही आया है। इसी को लेकर युवा समाजसेवी शाहिद उर्फ सोनू ने झारखंड सरकार श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता से मिलकर अवगत कराएं मंत्री जी ने आशवासन देते हुए कहा इस विषय को लेकर में हजारीबाग एसपी से बात करके जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कराने का काम करेंगे।

### आग सुरक्षा के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**बड़कागांव।** एनटीपीसी द्वारा संचालित माइनिंग एंड आईटीआई में आग सुरक्षा से बच बचाओ संबंधित जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। जिसमें तकरीबन 130 छात्र-छात्राओं एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों एवं कर्मचारियों के बीच जागरूकता एवं बच बचाव के उपाय की जानकारी प्राप्त करना था। आग सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन एनटीपीसी सुरक्षा विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान एनटीपीसी आग एवं सुरक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। अग्नि सुरक्षा टीम ने छात्रों एवं कर्मचारियों के बीच आग से बच बचाओ एवं आग पर काबू पाने की विस्तृत जानकारी दी एवं साथ ही साथ छात्रों एवं कर्मचारियों से फायर फाइटिंग इक्विपमेंट के प्रयोग का प्रैक्टिकल भी कराया। मौके पर प्राचार्य मिथिलेश उपाध्याय ने आईटीआई का प्रतीक चिन्ह अपर महाप्रबंधक को भेंट किया।

### नि:शुल्क परामर्श व रजिस्ट्रेशन चिकित्सा शिविर का आयोजन

**बड़कागांव।** निसंतान की समस्या निजात को लेकर बड़कागांव शांति सेवा सदन में बुधवार को ओएसिस फर्टिलिटी रांची के द्वारा निशुल्क परामर्श व रजिस्ट्रेशन चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ सरबाजया सिंह द्वारा 50 से अधिक लोगों का रजिस्ट्रेशन करवा कर परामर्श दिया गया और उनके उचित इलाज की प्रबंध की गई । मौके पर सहयोगी आनंद सिंह कंचन झा,सर्वेश कुमार सिंह,रेणु कुमारी,अल्पना टोपो आदि का सराहनीय योगदान रहा।

### आत्मा द्वारा किसानों के बीच बांटा गया सरसों का बीज

**दारू।** प्रखंड मुख्यालय में आत्मा संस्था के द्वारा बुधवार को किसानों के बीच सरसो के बीज बांटे गए। प्रखंड मुख्यालय में आत्मा की कार्यालय में सुबह से ही महिला किसानों की काफी भीड़ जमा रही। इस बारे में एटीएम निहारिका सिन्हा और बीटीएम बिलास कुमार ने बताया कि पूरे प्रखंड के 225 परिवारों के बीच 450 किलो सरसो के बीज का बितरण करना है। बुधवार को रामदेव खैरिका, हरली और मेड़कुरी खुर्द पंचायत के किसानों के बीच बितरण किया गया।एक पंचायत के 25 किसानों के बीच दो दो किलो का बीज पैकेट का दिया गया हालांकि बीज लेने को बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे उनमें से काफी लोगों को बीज नही मिल पाया जिस कारण वे काफी निराश नजर आये।

### धान बीज कंपनी द्वारा फसल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया

**टाटीझरिया।** प्रखंड क्षेत्र धर्मपुर पंचायत में कोरटेवा पायनियर बीज कंपनी के द्वारा विशाल फसल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें पायनियर हाइब्रिड धान 27 स्र37 के विशेषता के बारे में किसानों को बताया गया। हजारीबाग से आये बीज कम्पनी मैनेजर समित कुमार एमडीआर राजेश कुमार और कपिल देव वर्मा ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि पायनियर 27 स्र37 अत्यधिक पैदावार देने वाला हाइब्रिड धान है।

# मेला हमारे पूर्वजों की धरोहर : योगेंद्र साव



खबर मंत्र संवाददाता

**बासल (रामगढ़)।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर पतरातू प्रखंड अंतर्गत सुदूरवर्ती ग्राम ओरियातू में मंगलवार की शाम आदिवासी देवठन जतरा मेला का आयोजन किया गया। इस दौरान पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इसके बाद भव्य सांसतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री योगेंद्र साव व बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने फीता काटकर किया। मौके पर योगेंद्र साव ने कहा कि मेला आपसी भाईचारगी व प्रेम का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि मेला हमारे पूर्वजों की धरोहर है, इसे संजोए रखना हमसबों का दायित्व है। श्री साव ने कहा कि ऐसे आयोजनो से ग्रामीणों को मनोरंजन करने का भी अवसर मिलता है। वहीं विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि मेला में हमारे झारखंड की सभ्यता व संसति झलकती है। मेला दो दिलों को जोड़ने का भी काम करता है। उन्होंने कहा कि समय-समय पर इस तरह के आयोजन होते रहना चाहिए ताकि ग्रामीण इससे आनंदित होकर खुद को तरोताजा महसूस कर सकें। मौके पर पार्षद जयराम बेदिया, विधायक प्रतिनिधि ष्णा सिंह व राजकिशोर पांडेय उर्फ राजू पांडेय, मुखिया कोमिला देवी, प्रमुख प्रतिनिधि सीताराम मुंडा, कार्यकारी अध्यक्ष योगेंद्र सिंह खरवार, चंदन प्रसाद, बलदेव राम, चरेन्द्र बेदिया, शिवदेव गंझू, राजेंद्र बेदिया सहित सैंकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

# विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत हुआ साइकिल रैली का आयोजन

खबर मंत्र संवाददाता


साईकल रैली में शामिल लोग

**रामगढ़।** मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 के मतदाता सूची प्रारूप प्रकाशन की 9 नवंबर को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह सचिव, झारखंड रांची से प्राप्त निर्देश के आलोक में बुधवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर पेडल फॉर पार्टिसिपेटिंग इलेक्शन विषय पर साइकिल रैली एवं स्टेप फॉर पार्टिसिपेटिंग इलेक्शन विषय पर वकाथोन का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त माधवी मिश्रा, उप सचिव, मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग रांची प्रदीप कुमार, वन प्रमंडल पदाधिकारी वेद प्रकाश कंबोज, अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी रामगढ़ एनी रिंकू कुजुर, अंचल अधिकारी रामगढ़ सुधीर कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने साइकिल रैली एवं वकाथोन में हिस्सा लिया। रैली संपन्न होने के उपरांत उपायुक्त माधवी मिश्रा ने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 के तहत सभी को जानकारी देते हुए कहा कि जो भी नए मतदाताओं ने अक्टूबर को 18 वर्ष की आयु पूरी कर ली है वे अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य जुड़वाएं। वहीं, उन्होंने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान किए जाने वाले कार्यो के संबंध में सभी को विस्तार से जानकारी दी। मौके पर उपायुक्त ने सभी से अपने अपने फोन पर वोटर हेल्पलाइन ऐप डाउनलोड करने एवं उसके माध्यम से निर्वाचन की प्रक्रिया को समझने एवं उसमें अपने योगदान को सुनिश्चित करने की अपील की। उपायुक्त ने सभी से कहा कि सभी मतदाता अपना मतदाता पहचान पत्र आधार कार्ड से अवश्य लिंक कराएं साथ ही उन्होंने आधार कार्ड को मतदाता सूची से लिंक करने संबंधित अफवाहों को भी दूर किया।

## उपायुक्त ने हरी झंड़ी दिखाकर जागरूकता रैली को किया रवाना



**हजारीबाग।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय ने मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर बुधवार को उपायुक्त आवास परिसर से जागरुकता रैली को हरी झंड़ी दिखाकर रवाना किया। मौके पर उन्होने कहा कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत नए मतदाताओं के नाम जोड़ने से लेकर हटाने तक का कार्य किया जाएगा। निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम आज नौ नवंबर से प्रारंभ होगा एवं विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का प्रकाशन किया जाएगा। आठ दिसंबर तक दावे एवं आपत्तियां का निस्तारण टोल फ्री नंबर 1950 पर संपर्क कर 26 दिसंबर तक किया जा सकता है साथ ही फोटो युक्त निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन पांच जनवरी को किया जाएगा। इस कार्यक्रम के तहत बीएलओ घर-घर जाकर सत्यापन का कार्य करेंगे। नया मतदाता बनने के लिए फार्म छह भरना होगा। 12, 13, 19 व 20 नवंबर विशेष अभियान चलाया जाएगा। बीएलओ द्वारा आश्रयहीन, घुमंतू मजदूरों, दिव्यांग आदि व्यक्तियों का पात्रता के अनुसार मतदाता सूची में शामिल किया जाएगा। 09 से 15 नवम्बर तक सभी शहरी क्षेत्र के अपार्टमेंट व कॉलोनी में बी०एल०ओ० पात्रता के अनुसार मतदाता सूची में नाम शामिल करेंगे 16 से 22 नवम्बर 2022 तक सभी प्लस टू स्कूल व 23 से 29 नवम्बर तक सभी कॉलेज एवं विश्वविद्यालय में विशेष निबंधन शिविर लगाया जायेगा ।

# सूखा क्षेत्रों के लिए धान की नई किस्म स्वर्ण श्रेया, स्वर्ण शक्ति धान का अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन

खबर मंत्र संवाददाता



कार्यक्रम में शामिल लोग

**मांडू।** सूखा सहनशील धान की नई प्रजाति स्वर्ण श्रेया एवं स्वर्ण शक्ति धान की किस्म की खोज किसानों के लिए वरदान साबित हुई है। यह प्रजाति भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर पटना के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉक्टर संतोष कुमार द्वारा विकसित की गई है। डॉ इंद्रजीत ने स्वर्ण श्रेया प्रजाति एवं स्वर्ण शक्ति धान किस्म की मुख्य विशेषता बताते हुए कहा कि यह प्रजाति सूखा सहनशील होने के कारण कम पानी वाले क्षेत्र और ऊंचाहार वाले क्षेत्र जहां पानी की उपलब्धता अन्य धान की प्रजाति के उपज लिए कम हो वहां भी इसकी उपज अच्छी होती है। स्वर्ण श्रेया एवं स्वर्ण शक्ति धान किस्म को लगाने से 40 से 45 प्रतिशत पानी की बचत होती है तथा इसमें कीट एवं रोग रोधी क्षमता भी अन्य प्रजाति के अपेक्षा ज्यादा है। किस प्रजाति के बीज को अग्रिम पंक्ति प्रत्यक्षण योजना के तहत भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना एवं कृषि विज्ञान केंद्र, रामगढ़ द्वारा संयुक्त रूप से मांडू प्रखण्ड के बरका चुंबा गांव के किसानों को खेत में लगाने हेतु दिया गया। फसल होने के उपरांत भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान पटना एवं कृषि विज्ञान केंद्र मांडू रामगढ़ द्वारा संयुक्त रुप से प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन किया गया जिसमें बरका चुंबा पंचायत के मुखिया श्री राजेंद्र प्रसाद, एवं पंचायत समिति मनोज कुमार महतो , उपेंद्र प्रजापति सहित 60 से अधिक किसान उपस्थित रहे कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ इंद्रजीत ने कहा कि स्वर्ण श्रेया एवं स्वर्ण शक्ति धान का प्रत्यक्षण सफल रहा। यह धान की किस्म किसानों के लिए कम पानी में होने वाला तथा अन्य धानों की प्रजातियों की अपेक्षा अधिक रोग रोधी क्षमता वाला धान प्रजाति है इसे अपनाकर किसान धान से होने वाली आमदनी को और बढ़ा सकते हैं। स्वर्ण श्रेया, एवं स्वर्ण शक्ति धान की उपज 45 से 50 क्विंटल प्रति हेक्टेयर है और यह फसल 115 से 120 दिनों में पक कर तैयार हो जाती है।

# झाकोमयू ने भुरकुंडा पीओ कार्यालय के समक्ष किया प्रदर्शन


प्रदर्शन के दौरान झाकोमयू के लोग

खबर मंत्र संवाददाता

**भदानीनगर (रामगढ़)।** झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन बरका-सयाल व भुरकुंडा शाखा द्वारा बुधवार को भुरकुंडा परियोजना कार्यालय के समक्ष भुरकुंडा कोलियरी खुलवाने को ले प्रदर्शन किया गया। साथ ही प्रबंधन को 25 सूत्री मांग-पत्र सौंपी गई। मौके पर यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष संजय कुमार वर्मा ने कहा कि प्रबंधन अविलंब भुरकुंडा कोलियरी को चालू करवाए। साथ ही यूनियन द्वारा सौंपे गये 25 सूत्री मांग-पत्र पर अविलंब पहल करे। अन्यथा यूनियन क्रमवार आंदोलन करेगी। सौंपे गये मांग-पत्र में 11वां राष्ट्रीय वेतन समझौता सिघ्र संपन्न कर लागू करने, आउटसोर्सिंग के मजदूरों को हाई पावर कमेटी द्वारा निर्धारित वेतन देने, परियोजना व क्षेत्रीय चिकित्सालय में नियमित डॉक्टर की उपस्थिति, यूनियन को सेफ्टी सहित एरिया स्तर की एसीसी परियोजना की सभी कमेटियों में प्रतिनिधित्व देने, विस्थापितों को कोल इंडिया पुनर्वास नीति के तहत मुआवजा व सुविधा देने सहित 25 मांगे शामिल हैं। प्रदर्शन में यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष संजय कुमार वर्मा, उदय मालाकार, अनिल एक्का, बासुदेव उरांव, छोटेलाल, सुखलाल मांझी, नन्दू नायक, शंकर घासी, मंगरा उरांव, सन्याल घोष, भादो मुर्मू, राजू राम, शहनवाज खान आदि शामिल थे।

## एक नजर में

### सीसीएल कुजू क्षेत्र में तीन दिवसीय अंतर क्षेत्रीय हॉकी प्रतियोगिता आज से प्रारंभ

**कुजू।** सीसीएल अंतर क्षेत्रीय हॉकी प्रतियोगिता 10 नवंबर से प्रारंभ हो रही है। यह प्रतियोगिता 3 दिनों तक चलेगी। प्रतियोगिता के सभी मैच सीसीएल कुजू क्षेत्र अंतर्गत जुबली मैदान, आरा कोलियरी में खेला जाएगा। इस संबंध में टूनामेंट आयोजन समिति सचिव सह स्टाफ ऑफिसर कार्मिक एवं प्रबंधन, कुजू क्षेत्र मोहम्मद फैयाजूल हक ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि टूनामेंट का उदघाटन पूर्वाहन 10:00 बजे होगा। प्रतियोगिता उद्घाटन के साथ हीं हॉकी प्रतियोगिता प्रारंभ हो जाएगी। टूनामेंट का समापन आगामी 12 नवंबर को होगा।

### जेएम कॉलेज में विभावि अंतर महाविद्यालय शतरंज प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जेएम कॉलेज भुरकुंडा में बुधवार को विभावि अंतर महाविद्यालय का दो दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। इसका उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य डॉ.विद्यानंद तिवारी ने प्रतिभागियों से परिचय प्राप्त कर किया। मौके पर प्राचार्य विद्यानंद तिवारी ने कहा कि शतरंज के खेल से बौद्धिक क्षमता का विकास होता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कॉलेज प्रबंधन हर सार्थक कदम उठाता रहेगा। प्रतियोगिता के पुरूष वर्ग के मैच में आनंदा कॉलेज हजारीबाग के अंकुश राज ने चतरा कॉलेज के ऋषभ राज को, आनंदा कॉलेज के जय अमन कुमार ने चतरा के राजकुमार निषाद को, संत कोलंबा हजारीबाग के नितिन राज सिंगर ने जेएम कॉलेज के अनिल कुमार को, संत कोलंबा के रूपेश सोनी ने चतरा के ऋषभ राज को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वहीं महिला वर्ग में संत कोलंबा की रक्षित सहाय ने जेएम कॉलेज की सुरभि को, संत कोलंबा की डौली ने जेएम कॉलेज की माही को व संत कोलंबा की सपना ने जेएम कॉलेज की नेहा को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश की। वहीं सेमीफाइनल के पुरूष वर्ग में संत कोलंबा के नितिन ने अंकुश को व रूपेश ने जय को हराकर फाइनल में अपनी जगह बनाई है। वहीं महिला वर्ग के सेमीफाइनल में में संत कोलंबा की रक्षित सहाय ने जेएम कॉलेज की मुस्कान को व संत कोलंबा की डौली ने माही को हराकर फाइनल मैच में अपनी जगह पक्की की है। फाईनल मैच गुरूवार को खेला जायेगा।

# गुरु नानक देव जी के जन्म उत्सव को लेकर गुरुद्वारा साहिब में रात को सजा विशेष दीवान

खबर मंत्र संवाददाता



**रामगढ़।** गुरु नानक देव जी के जन्म उत्सव को लेकर गुरुद्वारा साहिब में मंगलवार को रात्रि को विशेष दीवान सजाया गया । विशेष दीवान में प्रसिद्ध रागी जत्था मोहिन्दरजित सिंह खालसा ने सबद कीर्तन कर साध संगत को निहाल किया। इस मौके पर रामगढ़ के पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडेय की माता ने विशेष दीवान में शामिल होकर आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रबंधक कमिटी की ओर से कमलप्रीत कौर छाबड़ा ने माता जी शॉल देकर व रंजू अरोरा ने मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इसके पश्चात गुरुद्वारा साहिब में विशेष लंगर का आयोजन किया गया। विशेष दीवान 8:00 से लेकर रात्रि 1:00 बजे तक चला। मौके पर गुरुद्वारा प्रधान परमदीप सिंह कालरा ,मित प्रधान अमरजीत सिंह सैनी ,सचिव हरदीप सिंह होरा, मीडिया इंचार्ज कर्मजीत सिंह जग्गी, दलजीत सिंह, रविंद्र सिंह छाबड़ा, पुष्पेंद्र पाल सिंह छाबड़ा, कुलदीप सिंह लांबा,हरमीत सिंह कालरा ,बंटी चमन , तेजिंदर सिंह सोनी,बलजीत सिंह बेदी ,देवेंद्र सिंह अरोरा, इंद्रजीत सिंह कोहली, नरेंद्र पाल,यश छाबड़ा ,गुरप्रीत सिंह पवार ,गुरप्रीत सलूजा,राजू जस्सल, इकबाल सिंह ,रघुवीर होरा ,हरजीत सिंह छाबड़ा, विंकल कालरा रंजीत सिंह छाबड़ा, देवेंद्र सिंह सोनी , रमन कोहली , विक्रमजीत सिंह कोहली ,नवल मल्होत्रा, राजू जस्सल , हरिंदर छाबड़ा,दलजीत सिंह छाबड़ा ,इंद्रपाल सिंह जस्सल , मनी सिंह,विकी छाबड़ा, गुरजीत सिंह सलूजा,अजैब सिंह छाबड़ा ,पम्मी कालरा, जसमीत कौर सोनी, करमजीत कौर जग्गी, सुम्मी जोली ,सीमा कोहली, रंजू अरोरा, कमलप्रीत कौर छाबड़ा, इंद्रजीत कौर कोचर, रिक्की लांबा, विक्की लांबा, लवली गांधी, डॉ मनवीर कौर आदि मौजूद थे।

### पंचायत कमेटी विस्तार को लेकर बैठक संपन्न



**बरही।** तिलेश्वर साहू सेना के गौरियाकरमा पंचायत कमिटी विस्तार को लेकर प्रखंड अंतर्गत गौरियाकरमा शिव मंदिर प्रांगण में बैठक का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि प्रखंड अध्यक्ष संतोष रजवार के नेतृत्व में एक बैठक संपन्न हुई ।बैठक में पूरे ग्राम पंचायत से तिलेश्वर साहू सेना के सैकड़ों समर्थक व कार्यकर्ता शामिल हुए। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड प्रभारी प्रकाश विश्वकर्मा एवं संचालन राजू मेहता ने किया। बैठक में मुख्य रूप से तिलेश्वर साहू सेना के मूल विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और उस पर अमल करने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। जिसको लेकर तिलेश्वर साहू सेना के गौरियाकरमा पंचायत समिति में कुल 31 लोगों को पदभार सौंपा गया। सभी लोगों ने बारी बारी से अपना विचार दिया और संगठन को मजबूत करने पर बल दिया।

# आठ दिसंबर तक चलेगा मतदाता विशेष पुनरीक्षण

## गुमला जिले में युवाओं की भागीदारी को लेकर जागरूकता अभियान



जागरूकता कार्यक्रम में शामिल डीसी, डीडीसी व अन्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** मतदान में युवाओं की अधिक-से-अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बुधवार को मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उपायुक्त सुशांत गौरव, उप विकास आयुक्त हेमंत सती, उप निर्वाचन पदाधिकारी गुलाम समदानी, सुषमा नीलम सोरेंग आदि शामिल हुई। इस मौके पर पद यात्रा निकाला गया। जिसमें कई विद्यालयों के छात्रों, वरीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा मार्च करते हुए गांधी पार्क परिसर से जशपुर रोड सहित बस स्टैंड रोड होते हुए पुनः वापस समाहरणालय परिसर में समापन किया गया। इस दौरान आम जनों को अहर्ता तिथि के बारे में जागरूक किया गया। 01 अक्तूबर 2005 से पहले जन्म लेने वाला भारत का कोई भी नागरिक मतदाता पहचान पत्र के लिए आवेदन कर सकते है। उपायुक्त सुशांत गौरव ने कहा कि मतदाता विशेष पुनरीक्षण का कार्य आठ दिसंबर तक चलेगा। उन्होंने बताया कि एडवांस में एप्लिकेशन लेने का उद्देश्य मतदान में युवाओं की भागीदारी बढ़ाना है। साथ ही इससे समय की भी बचत होगी। उन्होंने कहा कि मतदाता पहचानपत्र के लिए आवेदन करने की अर्हता तिथि एक अक्तूबर 2005 रखने का उद्देश्य यही है कि 17 वर्ष की आयु वाले भी इसके लिए आवेदन कर सकते हैं, ताकि 2023 में 18 वर्ष पूरा होने पर वोटर आईडी उसके हाथ में रहेगा। इससे आने वाले मतदान में उसकी भागीदारी सुनिश्चित होगी। उप निर्वाचन पदाधिकारी गुलाम शमदानी ने कहा कि युवाओं को फोकस में रखकर पुनरीक्षण अवधि के दौरान तीन सप्ताह के कार्यक्रम तय किए गए हैं। जिसमें प्रथम सप्ताह में 9 नवंबर से 15 नवंबर तक शहरी क्षेत्रों के सभी अपार्टमेंट्स में, दूसरे सप्ताह में 16 नवंबर से 22 नवंबर तक सभी सरकारी एवं गैर सरकारी स्कूल में व तीसरे सप्ताह में 23 नवंबर से सभी कॉलेज और विश्वविद्यालयों में कैंप का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में एसडीओ रवि जैन, प्रशिक्षु आईएएस आशीष कुमार, जिला खेल पदाधिकारी हेमलता बुन, निर्वाचन विभाग के शेखर कुमार के अलावा सभी वरीय पाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे ।

## स्पीड न्यूज

### ऑलमुंडा पंचायत में लगा आपके द्वार शिविर



**सिसई।** आपका अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को सिसई प्रखंड के ऑलमुण्डा पंचायत में किया गया। शिविर में लाभुको को कार्य स्थल पर ही पेंशन स्वीकृति पत्र वितरण, कंबल वितरण, पीपीओ वितरण व सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ दिया गया। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख,बीडीओ सीओ और सभी विभागीय पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

### आदिवासी संघर्ष मोर्चा की बैठक 11 नवंबर को

**गुमला।** आदिवासी संघर्ष मोर्चा गुमला जिला ईकाई के कार्यकताओं की बैठक 11 नवम्बर को गुमला में होगी। जिसमें आदिवासी संघर्ष मोर्चा के राज्य अध्यक्ष जगरनाथ उरांव उपस्थित रहेंगे। बैठक में आदिवासी जमीन के सवाल पर संघर्ष की तैयारी पर चर्चा होगी। यह जानकारी जिला सचिव गजेंद्र सिंह ने दी है।

### गुमला के बल्बों को ठीक करने की मांग

**गुमला।** मिशन बदलाव महिला जिला सचिव सैयदा खातुन ने विद्युत कार्यपालक अभियंता से मुलाकात कर गुमला नगरपरिषद में लाइट की व्यस्था की मांग दुरुस्त करने की मांग की एवं विधुत कार्यपालक अभियंता के नाम पत्र भी सौंपा। सैयदा खातुन ने बताया कि गुमला नगरपरिषद के सरना टोली, डीएसपी रोड, बड़ा तालाब, नदी टोली, डुमरटोली, गुमला पार्क ,अंबेडकर नगर, आजाद बस्ती, खड़ियापाड़ा, कुरैशी मुहल्ला, भुइयां टोली, इस्लामपुर,एवं कई ऐसे इलाके है जहां नशेड़ी एवं असामाजिक तत्वों का अड्डा बना रहता है। जिसके वजह से रात के समय कुछ अप्रिय घटना का अंदेशा लगा रहता है।

### चैनपुर कॉलेज में मना राष्ट्रीय उधमिता दिवस

**चैनपुर।** परमवीर अल्बर्ट एक्का मेमोरियल कॉलेज चैनपुर में राष्ट्रीय उधमिता दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान कॉलेज कैंपस में छात्र-छात्राओं द्वारा अपने हाथों से बनाई गई कई वस्तुओं के प्रदर्शनी स्टॉल लगाए गए। सहायक प्रध्यापक अमित कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश के कई ऐसे उद्यमी है जिन्होंने जीरो से शुरूआत करते हुए बड़े उद्यमी बने और देश की आर्थिक विकास में अपना योगदान दे रहे हैं। सभी कारीगरों को कौशल विकास पर ध्यान देना होगा ताकी हमारी छोटी शुरूआत बड़ा रूप ले सके। इस अवसर पर प्राध्यापक अल्विन लकड़ा, प्रसंता खाखा सहित कॉलेज के कई छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### चैनपुर पुलिस ने महुआ शराब को किया ध्वस्त

**चैनपुर।** थाना प्रभारी चैनपुर आशुतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में एसआई मदन शर्मा व पुलिस बल को प्रेम नगर, सोहन चौक,अल्बर्ट एक्का चौक सहित कई जगहों पर महुआ शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान कई स्थानों से जब्त शराब को नष्ट किया गया। शराब बनाने वालों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि दोबारा शराब बनाते पकड़े गये तो जेल भेजा जायेगा।

### गुमला शहर में नियमित होगी जलापूर्ति : एसडीओ



**गुमला।** शहर में अनियमित जलापूर्ति की समस्या को लेकर कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल बुधवार को पीएचईडी के एसडीओ जितेंद्र लकड़ा से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि नियमित जलापूर्ति नहीं होने पर वे आंदोलन को बाध्य होंगे। जिसकी सारी जवाबदेही विभाग की होगी। एसडीओ ने आश्वासन दिया कि शहर नियमित होगी जलापूर्ति। मौके पर रमेश कुमार चीनी, अमर कुजूर, अरूण गुप्ता, रामनिवास प्रसाद मौजूद थे।

## मशरूम का उत्पादन कर किसान आर्थिक स्थिति में ला सकते हैं सुधार : नेहा



**गुमला।** कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखंड सरकार उद्यान विकास योजना अंतर्गत बुधवार को जिले के चयनित किसानों को मशरूम उत्पादन करी आधुनिक तकनीक की जानकारी देने हेतु पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर जिला उद्यान विभाग के सभागार में आरंभ हुआ। इस प्रशिक्षण शिविर के पहले चरण में गुमला व रायडीह के 67 किसान शामिल है।

मौके पर जिला उद्यान पदाधिकारी नेहा निश्चल ने कहा कि मशरूम का उत्पादन कर किसान अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार ला सकते हैं और अपनी आय दोगुनी कर सकते हैं। मशरूम की खेती कम लागत में होती और इसे लाभी अधिक है। विभाग की ओर से चयनित किसानों को मशरूम उत्पादन के लिए कीट प्रदान किया जाएगा। साथ ही किसानों को बेहतर बाजार भी उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसान मशरूम उत्पादन कर स्वरोजगार प्राप्ति के साथ आर्थिक रूप से स्वावलंबी बन सकते हैं। इस अवसर पर भूमि संरक्षण पदाधिकारी शिव पूजन राम, सहायक अभियंता आशिष प्रताप, बीएयू के डाक्टर वर्षा, उद्यान विभाग के तकनीकी पदाधिकारी दीपक कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

# कुर्सी से उठकर जरूरतमंदों की समास्याएं सुनें कर्मचारी

**▸▸ घाघरा के बेलगड़ा में सरकार आपके द्वार शिविर की लचर व्यवस्था देख भड़के डीसी, वृद्ध महिला के पैर को तुरंत इलाज कराने का दिया निर्देश**

खबर मन्त्र संवाददाता

**घाघरा (गुमला)।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर बुधवार को घाघरा प्रखंड के बेलागड़ा पंचायत में लगा। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त सुशांत गौरव व विशिष्ट अतिथि बीडीओ विष्णु देव कच्छप व सीओ प्रणव ऋतुराज शामिल हुए।

दिव्यांग बच्चे व उपायुक्त ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत 40 बच्चियों को स्वीकृति प्रदान की गई। वहीं जेएसएलपीएस के द्वारा 2 महिला मंडल समूह के बीच छह लाख,10 परिवार को जॉब कार्ड, 143 पीपीओ, 6 लाभुकों को केसीसी ऋण स्वीकृत कर वितरण किया गया। इस दौरान बीडीओ व सीओ को निर्देश देते हुए उपायुक्त ने कहा है कि जितने भी जरूरतमंद लोग हैं उन सभी को तत्काल योजना से जोड़ लाभान्वित करें। किसी भी कार्य के लिए कोई भी परेशान ने हो ग्राउंड लेवल पर काम हो। सभी योजनाओं का क्रियान्वयन सही तरीके से कराना सुनिश्चित करे। शिविर का निरीक्षण के दौरान लचर व्यवस्था को देख उपायुक्त ने कर्मियों को जमकर फटकार लगाई।



सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में वृद्ध महिला के पैर को देखते उपायुक्त सुशांत गौरव।

इस दौरान उपायुक्त ने स्टाल पर बैठे संबंधित पदाधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि बैठ कर कुर्सी तोड़ने से कोई फायदा नही। कुर्सी से उठ घूम घूम कर जरूरतमंद लोगों को देखें। उनसे पूछे कि किस चीज की कमी है वह क्यो आये हैं और तुरंत अपने से आवेदन भरकर लोगों के समस्या का समाधान करे। इस तरह से कुर्सी पर बैठकर कुर्सी तोड़ने से जनता दरबार का मकसद पूरा नहीं होगा। जमीन पर बैठकर उपायुक्त ने लोगों की समस्या सुनी और संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए त्वरित समाधान करने का निर्देश दिया। इस दौरान विकलांग बूढ़ी मां का पैर को छू-छू कर देखा और लाभ पहुंचाने हेतु डॉक्टर को कई दिशा निर्देश दिए। मौके पर चिकित्सा प्रभारी डॉ अमित एक्का, सीडीपीओ अनुपमा मिंज,राजेस्वरी देवी,अशोक कुमार,सावित्री देवी,मोनिशा कुमारी,मुखिया पंचायत समिति सदस्य,पंचायत सेवक रोजगार सेवक सहित ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

# भदौली पंचायत की पूर्व मुखिया रेणु कुमारी की संदिग्ध मौत

**किसी का फोन आने पर सिलम बाइपास की ओर गयी थी**

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के सिलम बाइपास के समीप मंगलवार रात सिसई प्रखंड के भदौली पंचायत की पूर्व मुखिया रेणु कुमारी (35) का संदिग्ध स्थिति में शव बरामद किया गया। पुलिस को सूचना मिलने पर घटना स्थल से शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिये गुमला अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार मृतका रेणु कुमारी सिसई भदौली से अपने स्कूटी से गुमला अपने बहन के यहां आयी थी।

जिसके बाद किसी का फोन आने पर वो अपने स्कूटी से सिलम बाइपास की ओर गयी थी। उसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उसे धक्का मार दिया, जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। घटना के समय मृतका का कान में हेडफोन लगा हुआ था परंतु मोबाइल वहां से गायब था। वहीं सूचना मिलने पर जिप अध्यक्ष किरण माला बाड़ा मृतका के बहन को ढांढस बंधाया और रेणु कुमारी के पति संजय भगत को घटना की जानकारी दी। बुधवार की सुबह मृतका की बहन बबली को घटना की जानकारी वाट्सएप पर मिला। जिसके बाद वे सदर अस्पताल पहुंच कर बहन रेणु के शव के समीप दहाड़ मार का रोने गली। इस दौरान बबली ने कहा कि बड़ी बहन मंगलवार दोपहर तीन बजे स्कूटी से लोहरदगा रोड बिंदेश होटल के पीछे स्थित मेरे किराये के घर में आयी थी। जिसके बाद हम दोनों बहनों ने शहर में खरीदारी किये थे। जिसके बाद शाम सात बजे किसी का फोन बहन रेणु के मोबाइल में आया था। जिसके बाद बहन ने कहा कि खाना बना कर रखना मैं वहां से लौट कर आती हूं उसके बाद खाना खाऊंगी।

# गेट टूगेदर प्रतियोगिता में खेले गये तीन मैच

**तीसरा दिन : पहले मैच में रॉयल स्ट्राईकर, दूसरे में रियल टाईगर और तीसरे में ग्लेडिएटर जीता**

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** गेट टू गेदर क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दिन बुधवार को तीन मैच खेले गये। पहला मैच सुबह 8:30 बजे से गोल्डन ईगल व रॉयल स्ट्राईकर के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए गोल्डन ईगल की टीम 10 ओवर में 62 रन बनाये। जवाबी पारी खेलने उतरी रॉयल स्ट्राईकर की टीम ने 3 ओवर एक गेंद में मैच जीत लिया। रॉयल स्ट्राईकर के बल्लेबाजों ने उतरते ही छक्कों की बरसात कर दी। जिसे तीन ओवर में मैच समाप्त कर दिया। दूसरा मैच रियल टाईगर व द रॉयल्स के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए रियल टाईगर की टीम ने निर्धारित दस ओवर में शानदार 159 रन बनाये। रियल की ओर से प्रेम ने शानदार अर्द्ध शतकीय पारी खेली। वहीं जवाबी पारी खेलने उतरी द रॉयल्स की टीम निर्धारित 10 ओवर में 119 रन ही बना पायी और 40 रन से मैच हार गई। तीसरा मैच ग्लेडिएटर व सालकंस की टीम के बीच खेला गया। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए ग्लेडिएटर की टीम ने 10 ओवर में 127 रन बनाये। गोलू ने नाबाद 86 रन व विनित ने 19 रन की पारी खेली। इसके बाद सालकंस की टीम 10 ओवर में 9 विकेट खोकर 104 रन बना सकी। टीम की ओर से रोहित ने नाबाद 41 रन बनाये। मौके पर सौरभ विश्वकर्मा, ज्ञान कुमार, लाल चंद्रशेखर नाथ शाहदेव, ओम सिंह आदि उपस्थित थे।



दूसरे मैच के खिलाड़ियों की टीम।

## राज्य स्थापना दिवस पर होगा बैडमिंटन टूर्नामेंट

**गुमला।** राज्य स्थापना दिवस पर जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसको लेकर बुधवार को उपायुक्त सुशांत गौरव ने बताया कि 13 नवंबर से 15 नवंबर तक एकल और युगल बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। अलग अलग आयुवर्ग 14-30, 31-50, 51-65 के अलावा ओपन कोटि एवं जिले के अधिकारी और कर्मचारियों के लिए भी मैच का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता का उदघाटन 13 नवंबर को 11 बजे से जबकि समापन 15 नवंबर को संध्या चार बजे किया जाएगा। पंजीयन नौ नवंबर से 12 नवंबर तक होगा। सभी वर्ग के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

# पहाड़ी क्षेत्रों के स्कूलों से गायब रहते हैं शिक्षक

**▸▸ ग्रामीणों बोले- लॉकडाउन के बाद दर्शन नहीं हुए शिक्षक के**
**▸▸ आदिवासी और लुप्तप्राय असुर जनजाति के बच्चों का भविष्य अंधकार में**
**▸▸ अब शिक्षक से स्पष्टीकरण मांगेगा विभाग**

रोशन शाहदेव

**लोहरदगा।** जिले में शिक्षा का स्तर लगातार गिर रहा है। खास कर ग्रामीण क्षेत्रों और पहाड़ी इलाकों में तो पढ़ाई के नाम पर खुलेआम खिलवाड़ किया जा रहा है। जिले के पहाड़ी क्षेत्रों में तो सालों साल विद्यालय में शिक्षक कदम नहीं रखते है । एक ऐसा ही मामला जिले के पेसरार प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय चापरोंग का है।

इस विद्यालय में नियुक्त शिक्षक सिकंदर उरांव हैं जो महीनों महीनों तक के स्कूलों से गायब रह रहे हैं। और बच्चों के जीवन को अंधकारमय कर रहे हैं।

यह हाल लोहरदगा के नक्सल प्रभावित क्षेत्र का है। जहां स्कूल में आपको बच्चे पढ़ते हुए नहीं मवेशी चरते हुए और गोशाला बन चुकी स्कूल बिल्डिंग में बंधे मिलेंगे। किताब कॉपियां नहीं गोबर का ढेर देखने को मिलेगा। जिले के पेशरार प्रखंड में स्थित मिडिल स्कूल चापरोंग मे बच्चे तो कभी यहां बैठते नहीं इसलिए अब ग्रामीणों ने इसे गाय बैल बांधने के लिए इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। दरअसल स्कूल के नाम पर यहां केवल बिल्डिंग है। पढ़ाई शिक्षा से दूर दूर तक इस स्कूल का कोई वास्ता नहीं। इस स्कूल में 23 बच्चे नामांकित हैं। मगर यहां क्लास रूम में बैठकर इन्होंने कभी पढ़ाई की ही नहीं है। क्योंकि स्कूल में नियुक्त एकमात्र शिक्षक यहां आते ही नहीं। ग्रामीणों का कहना है कि शिक्षक पिछले लॉकडाउन के समय आए थे फिर इनके दर्शन नहीं हुए। क्लास रूम का नजारा देखकर पूरे स्कूल में कहीं कोई भी जगह आपको दिखाई नहीं पड़ेगी, जिसे देखकर कोई कह सके कि यहां बच्चे बैठकर पढ़ते भी होंगे। साल 2008 में इसे प्राइमरी स्कूल से अपग्रेड कर मिडिल स्कूल बनाया गया। यहां 23 बच्चे नामांकित हैं। यह बच्चे पढ़ाई से महरुम तो हो ही रहे हैं और मध्यान भोजन भी इन्हें नहीं मिल रहा है। गांव के ज्यादातर परिवार आदिवासी और लुप्तप्राय असूर जनजाति के हैं। इनके विकास और कल्याण के लिए बड़ी-बड़ी बातें करने वाली सरकार और जनप्रतिनिधियों के लिए भी यह शर्मसार करने वाली बात है। नक्सलियों के प्रभाव का इलाका होने के कारण शिक्षा विभाग के अधिकारी और कर्मचारी इधर झांकने भी नहीं आते। विद्यालय के इन बच्चों ने शायद ही कभी गुरु जी के दर्शन किए हों। बच्चों से पूछने पर यह मासूम कहते हैं कि मास्टर साहब नहीं आते तो उनकी पढ़ाई कैसे होगी। अचंभे की बात यह है कि शिक्षा विभाग क्या कर रहा है। जब यह बात शिक्षा विभाग के अधिकारी से पूछी गई की इतने दिनों से शिक्षक स्कूल नहीं जा रहे बच्चों की पढ़ाई बंद है तो विभाग ने कोई कार्रवाई क्यों नहीं की। तो उनका जवाब था कि इसकी जानकारी उन्हें नहीं थी अभी जानकारी हमसे मिल रही है तो अब शिक्षक से स्पष्टीकरण होगा और उच्च अधिकारियों को इसकी जानकारी दी जाएगी।



पेशरार के चापरोंग मिडिल स्कूल बना गाय- बैल का आशियाना

## एक नजर में

### आकाशी में 25 लाख की योजनाओं का शिलान्यास



**भंडरा।** प्रखंड के आकाशी पंचायत अंतर्गत झखरा मैदान के समीप स्थित खेल मैदान में आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन जिला आपूर्ति पदाधिकारी अमित बेसरा,बीडीओ रणजीत सिन्हा,सीओ दिनेश गुप्ता, बीस सूत्री अध्यक्ष डोमना उरांव, प्रमुख बरिया देवी,जिप सदस्य राजमणि उरांव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इससे पूर्व अतिथियों का स्वागत पारंपरिक रूप स्वागत करते हुए बुके देकर सम्मानित किया गया। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने झारखंड सरकार की ओर से चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि झारखंड सरकार द्वारा हर गरीब का राशन कार्ड बनाया जा रहा है। राशनकार्ड धारियों को धोती साड़ी एंव पेट्रोल सब्सिडी का लाभ दिया जा रहा है। इसके बाद मनरेगा के तहत करीब 25 लाख की लागत से विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास फीता काटकर किया गया। महिला मंडल के सदस्यों को चार लाख का चेक दिया गया ।इस मौके पर बीडीओ,सीओ, मुखिया,पंचायत सचिव,सभी विभागों के पदाधिकारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### विधिक सेवा दिवस के अवसर पर लगी प्रदर्शनी



**लोहरदगा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा के तत्वाधान में राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के अवसर पर बुधवार को लोहरदगा सिविल कोर्ट के प्रांगण में तथा विभिन्न प्रखंडों में प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य विधिक सेवा द्वारा किए जा रहे कार्यों से लोगों को अवगत कराना है। इस संबंध में जानकारी देते हुए डालसा के अध्यक्ष-सह-प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेन्द्र बहादुर पाल ने बताया कि 9 नवंबर 1995 को आज के ही दिन विधिक सेवा प्राधिकार अधिनियम 1987 प्रभाव में आया था, इसी उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष 9 नवंबर को राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के रूप मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा द्वारा जिले में विधिक जागरूकता का कार्यक्रम चलाती रहती है। साथ ही नालसा नई दिल्ली एवं झालसा, रांची के निर्देश पर लोक अदालतों का आयोजन, मध्यस्थ के माध्यम से वादों का निपटारा, विभिन्न कानूनों पर शिक्षण - प्रशिक्षण का कार्यक्रम कराती है। साथ ही निर्धन लोगों को मुकदमा लड़ने के लिए निःशुल्क अधिवक्ता मुहैया कराती है। पीड़ित पक्ष को सरकार द्वारा मुआवजा दिलवाने का भी कार्य डालसा द्वारा किया जाता है। डालसा सचिव राजेश कुमार ने बताया कि नालसा नई दिल्ली के निर्देश पर 31 अक्टूबर से 13 नवंबर तक कई कार्यक्रम लोहरदगा जेल एवं विभिन्न प्रखंडों में चलाए जा रहे हैं।

### हेसवे में कुणाल सिंह फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू



**लोहरदगा।** सेन्हा प्रखंड के हेसवे में स्व कुणाल सिंह फुटबॉल टूर्नामेंट का बुधवार को उद्घाटन हुआ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधान पार्षद प्रवीन कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि के रूप में भिखारी भगत, राजमोहन राम, बिपिन बिहारी सिंह और एस राजा मौजूद थे।प्रवीण कुमार सिंह ने कहा कि खेल के क्षेत्र में भविष्य को संवारने की असीम संभावनाएं हैं। खिलाड़ी यदि ईमानदारी के साथ अपनी क्षमता को निखार कर नियम के अनुसार खेल खेलें तो वह निश्चित रूप से अपने लक्ष्य को पा सकते हैं` खेल का मैदान वह पाठशाला है जहां जाति -धर्म और द्वेष का बंधन तोड़कर आपसी भाईचारा का पाठ पढ़ाया जाता है वास्तव में प्रतिभाएं सुदूर गांव में ही छिपी हुई है। उन्हें सिर्फ उभारने की आवश्यकता है और यह तभी संभव होगा जब हम सभी मिलजुल कर इसके लिए सतत प्रयास जारी रखें ` उल्लेखनीय है कि दो दिवसीय स्वर्गीय कुणाल सिंह मेमोरियल फुटबॉल टूनामेंट में कुल 16 टीम भाग ली है` उद्घाटन मैच एसटी बोंगा और ब्लैक रॉक बघराई टोली के बीच खेला गया। जिसमें ब्लैक रॉक बघराई टोली ने एस टी बोंगा को 3-0 से हरा कर आगे चक्र में प्रवेश किया।

### कांग्रेस की विचारधारा हर बूथ तक पहुचाएं युवा



**घाघरा।** यूथ कांग्रेस बिशुनपुर विधानसभा के बैनर तले बुधवार को घाघरा प्रखंड के जलका रोड में यूथ कांग्रेस बिशनपुर विधानसभा उपाध्यक्ष आदित्य भगत की अध्यक्षता में यूथ जोड़ो, बूथ जोड़ो कार्यक्रम के तहत बैठक हुई। मौके पर कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता शिवकुमार भगत ने कहा की युवा कांग्रेस की विचारधारा को हर बूथ तक लेकर जाएंगे। आदित्य भगत ने कहा कि यूथ जोड़ो ,बूथ जोड़ो , कार्यक्रम के तहत युवाओं को हर बूथ में कम से कम 10 युवा को जोड़ने के लिए निर्देश प्राप्त है। देश का नेतृत्व युवा कर सकता है। प्रभारी कार्तिक कुजुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी 150 वर्ष पुराना पार्टी है। कांग्रेस पार्टी एक परिवार हैं। जब कांग्रेस का केंद्र में सरकार थी तो लोगों के लिए जीवन जीने का बहुत ही सरल व्यवस्था था। हर तबके के लोग आसानी से अपना जीवन निर्वाह कर रहे थे। वर्तमान की सरकार में महंगाई से आम जनता त्राहिमाम कर रही है। कार्यक्रम में प्रखंड अध्यक्ष अरुण कुमार पांडे, जिला प्रभारी कार्तिक कुजूर, जिला अध्यक्ष आजाद अंसारी, जिला उपाध्यक्ष, पल्लव कुजुर, जिला उपाध्यक्ष विनय भगत, सिसई विधानसभा अध्यक्ष निलेश उरांव, उपाध्यक्ष दिलबहार अंसारी, महासचिव बसंत उरांव, मंडल अध्यक्ष शहजाद खान, युवा कांग्रेस के प्रखंड घाघरा अध्यक्ष नितेश उरांव, युवा प्रखंड अध्यक्ष बिशनपुर बंधन उरांव, सदस्य इलाही राय, संजेश उरांव, विनोद भगत, सुरेंद्र यादव ,कैलाश महतो, एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

### घाघरा में भाजपा जन आक्रोश रैली 12 को



**घाघरा।** 12 नवंबर को भाजपा की जन आक्रोश रैली की तैयारी को लेकर घाघरा एवं आदर मंडल की संयुक्त बैठक बुधवार को भाजपा कार्यालय चांदनी चौक में हुई। बैठक की अध्यक्षता आदर मंडल अध्यक्ष गोपाल गोप ने की। बैठक की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र के समक्ष भाजपाइयों ने दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण कर किया। बैठक में 12 नवंबर दिन शनिवार को भाजपा कार्यालय घाघरा के चांदनी चौक से ब्लॉक चौक तक झारखंड सरकार के खिलाफ जन आक्रोश रैली निकालने की तैयारी पर चर्चा की गई। साथ ही सभी कार्यकताओं को उक्त कार्यक्रम में शामिल होने की बात कही ताकि कार्यक्रम को सफल कराया जा सके। मौके पर मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी घाघरा मंडल अध्यक्ष श्याम किशोर पाठक भाजयुमो घाघरा मंडल अध्यक्ष आशीष कुमार सोनी, प्रदेश एसटी मोर्चा कार्यसमिति सदस्य भिखारी भगत, सांसद प्रतिनिधि अनिल प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, जिला कार्यसमिति सदस्य बिपिन बिहारी सिंह, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सतवंती देवी, आदर महामंत्री श्याम साहू , लाल साहू, अशीत कुमार सिंह, सुशीत गोस्वामी, हरिलाल उराव घाघरा भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष सोनी देवी , आदर महिला मोर्चा अध्यक्ष लक्ष्मी बड़ाईक , सलावती देवी, कांता देवी, सोनी देवी,एसटी मोर्चा अध्यक्ष सूर्यमुनि उरांव, चंद्रावती मिश्रा, दिल बंधु मांझी ज्ञान सिंह ,रामजी प्रजापति, बलिराम दास सहित कई लोग उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

### बारीनगर, हुरलूंग और घोड़ाबांधा की बिजली 10 बजे से कटेगी

**जमशेदपुर।** वृहस्पतिवार को विद्युत आपूर्ति अवर-प्रमंडल छोटागोविंदपुर के अंतर्गत विद्युत शक्ति उपकेंद्र छोटागोविंदपुर के 11 केवी बारीडीह फीडर तथा विद्युत शक्ति उपकेंद्र सिदगोड़ा के 11केवी बागुन्हातु फीडर में लाईन मरम्मती तथा रखरखाव (जंपर, पेड़ की डाली छटाई, ट्रांसफार्मर, एबी स्वीच, कनेक्टर इत्यादि का सप्ताहिक मरम्मत) के कारण इन सभी फीडरों से विद्युत आपूर्ति सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक बंद रहेंगे। प्रभावित क्षेत्र बारीनगर झरना के आसपास, धुआं कॉलोनी, गोयलाडेरा, साई हैरिटेज, निर्मल विहार, सहारा ड्रीमनेस्ट, शांतिनगर कंपूता, हुरलुंग, नुतनडीह, झुमका टोला, मांझीडीह, मनपीटा, शान्ति नगर बारीडीह, बारीडीह बस्ती, हरि मैदान, बैशाली नगर, भोजपुर कॉलोनी, शक्तिनगर, मिथिला कॉलोनी, फ्रेन्स कॉलोनी, प्रेमचंद पथ, दिनकर पथ, पटना लाइन, निराला पथ, बजरंग चौक का कुछ हिस्सा, बागुन नगर, कृष्णा रोड, गांधी रोड, बागुन हातु रोड नंबर 1, 2, 3, 4, 5, तिलक नगर, नागा डूंगरी इत्यादि।

### चेंबर और टाटा नेक्सार्क का व्यापारियों के लिए विशेष सेमिनार आज

**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री जमशेदपुर के व्यवसायियों एवं उद्यमियों को अपने व्यापार को बढ़ाते हुये पूरे देशभर में व्यापार करने हेतु उचित प्लेटफॉर्म एवं उसके लिये साधन उपलब्ध कराने की दिशा में एक बड़ी पहल करते हुये टाटा नेक्सार्क के साथ मिलकर काम करेगा। यह बातें सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष विजय आनंद मूनका एवं मानद महासचिव मानव केडिया ने कही। उन्होंने बताया कि चैम्बर हमेशा से जमशेदपुर एवं कोल्हान के स्थानीय व्यवसायियों को आगे बढ़ाने के लिये कार्य कर रही है। इसके लिए सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने टाटा नेक्सार्क के साथ मिलकर कार्य करने की योजना बनाई है। इसी के तहत चैम्बर भवन में एक वृहत सेमिनार 10 नवंबर को शाम 5.30 बजे से कर रहा है। इसमें शहर के व्यवसायी एवं उद्यमियों को आमंत्रित किया गया है। सेमिनार में टाटा नेक्सार्क की तरफ से मुंबई से उनके उच्च अधिकारियों की टीम जिसमें सीनियर बीडीएम राहुल शुक्ला, पूर्वी क्षेत्र के रिजनल डिलीवरी हेड शांतनु बोस, सिटी डिलीवरी मैनेजर बिनय कुमार, कलस्टर डिलीवरी मैनेजर अवधेश रंजन, यश चौरे, चैनल सेल्स मैनेजर नजीस हसन रहेंगे।

### उर्दू सिर्फ मुसलमानों की नहीं, बल्कि पूरे देश की भाषा है : मौलाना फैजी

**जमशेदपुर।** यूनाइटेड बॉयज क्लब एंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी ने अंतर्राष्ट्रीय उर्दू दिवस आजाद नगर में धूमधाम से मनाया गया। मौके पर आयोजित उर्दू दिवस समारोह को संबोधित करते हुए मौलाना सगीर आलम फैजी ने कहा कि उर्दू भाषा मात्र मुसलमानों की भाषा नही बल्कि देश की मान्यता प्राप्त 22 भाषाओं मे से एक है इस लिए हम इसे भारतीय भाषा कह सकते हैं। उन्होंने कहा कि उर्दू भाषा की लोकप्रियता का कारण मदारिस इस्लामिया है जहां से उर्दू को उन्नति मिली है। उन्होंने उर्दू भाषियों से अपने घरों के बाहर नेम प्लेट पर हिंदी, अंग्रेजी के साथ उर्दू में भी नाम लिखने की अपील की। अपने वकतव्य मे कवि अशरफ अली अशरफ ने कहा कि झारखंड की राजधानी रांची से 14 उर्दू दैनिक का प्रकाशन होता है इस के बावजूद सरकार द्वारा उर्दू अकेडमी का गठन नही किया गया जो उर्दू वालों के लिए दुख की बात है। हाफिज जलालुद्दीन ने कहा कि 9 नवंबर को अल्लामा इकबाल का जन्म हुआ था, इस दिन को उर्दू दिवस के रूप मे मनाया जाता है। डॉ इकबाल ने ढेर सारी रचनाएं कही हैं जिन मे सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा गीत आज इतने वर्ष बाद भी हर जुबान पर है। उर्दू भाषा एक शीरीं भाषा नाम है जो कानों मे रस घोलती है। मौके पर तीन उर्दू काव्य संग्रह के रचयिता जानेमाने कवि अशरफ अली अशरफ को सोसाइटी के अध्यक्ष अशफाक आलम ने गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। समापन अशफाक आलम द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# कल से रवींद्र भवन परिसर में 36वां जमशेदपुर पुस्तक मेला, 20 तक चलेगा

- उपायुक्त विजया जाधव शाम छह बजे करेंगी मेले का विधिवत उद्घाटन : आशीष चौधरी
- हिन्दी, बांग्ला, अंग्रेजी, संथाली, उर्दू भाषाओं के लगाये जा रहे 67 पुस्तक स्टॉल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** विद्यार्थियों, साहित्य प्रेमियों, लेखक, कवियों और पाठकों को वर्ष भर जिसका इन्तजार रहता है, वह पुस्तक मेला 36वां जमशेदपुर पुस्तक मेला के रूप में 11 नवम्बर से 20 नवम्बर 2022 तक टैगोर सोसाईटी जमशेदपुर के तत्वावधान में रबीन्द्र भवन परिसर, साकची में आयोजित होगा। 36वें पुस्तक मेला का उद्घाटन 11 नवम्बर को संध्या 6.30 (साढ़े छह) बजे पूर्वी सिंहभूम जिला के उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी विजया जाधव, विशिष्ट अतिथि के रूप में कोल्हान युनिवर्सिटी के उप कुलपति डॉ. (प्रो.) गंगाधर पाण्डा एवं टैगोर सोसाईटी के पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से किया जायेगा। मेले में सुरक्षा का पुख्ता प्रबंध किया गया है। साकची थाना के अलावा निजी सुरक्षा गार्ड का अतिरिक्त बल मेले के बाहर और अंदर तैनात रहेगा। मेले के प्रवेश द्वार से लेकर पूरे मेला परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाये गए हैं। मेले में लंबे अंतराल के बाद इंटरनेशनल पब्लिसर ऑक्सफोर्ड की ओरिजनल कंपनी अपना स्टॉल लगा रही है।

टैगोर सोसाईटी परिसर में संवाददाता सम्मेलन के दौरान जानकारी देते हुए टैगोर सोसाईटी के महासचिव आशीष चौधुरी ने बताया कि यह आयोजन टैगौर सोसाईटी का जमशेद्पुर वासियों को एक वार्षिक उपहार के रूप में है, जो हर जाति धर्म भाषा सभी से उपर उठकर एक ऐसा आयोजन है, जिसमें सभी की सहभागिता झलकती है। उन्होने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति देश दुनिया के जाने माने प्रकाशकों के साथ साथ अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर के वितरक भी पुस्तक मेला में शामिल होकर एक से एक बेहतरीन पुस्तकों के साथ अपने स्टॉल लगायेंगे, जिससे शहरवासी रु-ब-रू होंगे।

बताया कि हर वर्ष की तरह दिल्ली, कोलकाता, पटना, मुंबई आदि नगरों के प्रकाशकों द्वारा हिन्दी, बांग्ला, इंग्लिश, उर्दू, सहित यहां के स्थानीय भाषाओं में संथाली, हो, कुरमाली के साहित्य भी उपलब्ध रहेंगे। इस वर्ष पुस्तक मेले में 67 स्टाल विभिन्न प्रकार के पुस्तकों को पुस्तकप्रेमियों के सामने प्रस्तुत करेंगे। पुस्तकों के विषय में यह सर्वविदित है कि ज्ञान का इससे अच्छा स्थायी साधन नहीं है। आज जब सोशल और इलेक्ट्रानिक मीडिया का इतना जोर और दौड़ है, उसके बावजूद भी किसी भी विषय में स्थायी और सम्पुष्ट जानकारी के लिए पुस्तक ही खंगाले जाते हैं और जिनपर पूर्णतः विश्वास किया जाता है। पुस्तकों का इतिहास उतना ही पूराना है, जब भोजपत्र में रचनाओं की अभिव्यक्ति की जाती थी।



पुस्तक मेले की जानकारी देते बायें से आशीष चौधरी, अध्यक्ष डॉ एसएस पाल, सुदीप्ता बसु और मेला प्रभारी जयदेव घोष।

## छात्र-छात्राओं को पुस्तकों के मेले में लायें माता-पिता

उपरोक्त जानकारी के साथ साथ महासचिव श्री चौधुरी ने बताया कि वर्तमान समय में जब अपुष्ट एवं अविश्वसनीय माध्यम लोगों को दिग्भ्रमित कर रहे हैं ऐसे में पुस्तक ही एकमात्र सही राह दिखाने का माध्यम है, इसलिए उन विद्वान एवं रचनात्मक पीढ़ियों से भी आग्रह है, जिन्होने पुस्तकों को हमेशा अपना मित्र समझा है, वे नयी एवं युवा पीढ़ी को पुस्तक एवं पुस्तक मेला से जोड़ें। उन्होने कहा कि इस पुस्तक मेले की सफलता इसी में है कि यहां हर वर्ग विशेषकर युवा पीढ़ि जो मोबाईल एवं इलेक्ट्रानिक्स गैजेट की दुनिया में फंसा है, वे भी बाहर आकर पुस्तक मेला का आनन्द लें, इससे अच्छा शौक कोई नहीं और इससे प्राप्त होने वाला ज्ञान भी अन्य किसी माध्यम में उपलब्ध नहीं है। श्री चौधुरी ने सभी वर्गो से आग्रह किया कि वे इस पुस्तक मेला में शामिल होकर वर्ष भर के लिए अपनी ज्ञान का खुराक यहां से लें। उन्होने साथ ही स्थानीय पुस्तकालय, कारपोरेट वर्ल्ड द्वारा संचालित विभिन्न बहुउद्देशीय भवनों में उपलब्ध पुस्तक श्रृंखला को इस पुस्तक मेले के माध्यम से और बढाने तथा एक बेहतरीन खरीददारी यहां से करने का आग्रह किया। संवाददाता सम्मेलन में टैगोर सोसायटी के अध्यक्ष डा एचएस पॉल, सह सचिव सुदिप्तो बसु और मेला प्रभारी जयदेव घोष भी उपस्थित थे।

**बड़ों के लिए 5 और स्कूली विद्यार्थियों के लिए मात्र दो रुपये प्रवेश शुल्क**

पुस्तक मेले में प्रवेश शुल्क मात्र पांच रुपये प्रति व्यक्ति रखा गया है। छात्र-छात्राओं के लिए दो रुपये का शुल्क रखा गया है। एक छात्र अपने नाम पर अधितम चार कूपन खरीद सकता है। यानी छात्र के साथ उसके माता-पिता के साथ एक और व्यक्ति को इंट्री मिल सकती है।

# हैदराबाद ने हीरो आइएसएल में पहली बार जमशेदपुर को हराया

**जमशेदपुर।** मौजूदा चैम्पियन हैदराबाद एफसी ने अपने अपराजित रहने का सिलसिला जारी रखते हुए लगातार पांचवीं जीत हासिल कर ली है। हैदराबाद ने बुधवार को यहां जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 20,189 दर्शकों की उपस्थिति में खेले गए हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2022-23 के मुकाबले में मेजबान जमशेदपुर एफसी को 1-0 से हरा दिया। हैदराबाद के स्पेनिश सेंटर-बैक ओडेई ओनेंडिया को डिफेंस में रॉक सॉलिड प्रदर्शन के लिए हीरो ऑफ द मैच घोषित किया दिया। रेड माइनर्स के खिलाफ पहली जीत के बाद हेड कोच मैनोलो मार्कुएज की टीम हैदराबाद एफसी अंक तालिका में शीर्ष पर बरकरार है। उसके छह मैचों में पांच जीत और एक ड्रा से 16 अंक हो गए है। वहीं, तीसरी हार के बाद जमशेदपुर नौवें स्थान पर बनी हुई है। हेड कोच ऐडी बूथरायड के रेड माइनर्स एक जीत, एक ड्रा और तीन हार से चार अंक जुटा सके हैं। साथ ही हैदराबाद एफसी ने गोल नहीं खाकर लगातार पांचवीं क्लीन शीट भी रखी है। इसके साथ ही मौजूदा चैम्पियनों ने एफसी गोवा (2018-19) और मुम्बई सिटी एफसी (2014) के पांच लगातार क्लीन शीट के रिकॉर्ड के बराबरी कर ली है।मैच का एकमात्र गोल 48वें मिनट में आया, जब राइट विंगर मोहम्मद यासिर ने हैदराबाद एफसी को 1-0 से बढ़त दिला दी। बॉक्स के अंदर बायीं तरफ से लेफ्ट विंगर हालिचरण नर्जरी के क्रॉस को जमशेदपुर के सेंटर-बैक पीटर हार्टली ने ब्लॉक तो जरूर किया लेकिन गेंद सीधे बॉक्स के बाहर मौजूद यासिर के पास पहुंची और उन्होंने लेफ्ट फुटर शॉट लगाकर गेंद को गोलाइन के पार पहुंचा दिया जबकि गोलकीपर रेहेनेश टीपी अपने बायीं तरफ डाइव लगाने के बावजूद नियर पोस्ट की तरफ से गच्चा खा बैठे। पहला हाफ गोलरहित रहा, क्योंकि दोनों ही टीमें गतिरोध को तोड़ने में विफल रही। हालांकि जमशेदपुर गेंद पर कम नियंत्रण रखने के बावजूद बेहतर अटैकिंग मोड में नजर आई। रेड माइनर्स ने छह शॉट लगाए, जिसमें से दो टारगेट पर थे। वहीं, मौजूदा चैम्पियनों ने गेंद पर 69 फीसद नियंत्रण रखा लेकिन उनके खेल में आक्रामकता का अभाव नजर आया। इसकी वजह जमशेदपुर की डिफेंस का बढ़िया प्रदर्शन था। रेड माइनर्स ने हैदराबाद के खिलाड़ियों को महज एक शॉट लेने दिया, जो कि टारगेट पर नहीं था।



## टीएमएच में हुआ हिलिंग गार्डेन का भव्य उद्घाटन



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** बुधवार को यहां टाटा मुख्य अस्पताल में पहली बार एक उपचार उद्यान का उद्घाटन किया गया। अस्पताल के न्यू केबिन के बगल के क्षेत्र में 'मातृत्व हीलिंग गार्डन' की स्थापना टाटा स्टील फाउंडेशन और सूरी सेवा फाउंडेशन की एक पहल है जो रोगियों, परिवार और अस्पताल के कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य सुविधा के भीतर एक प्राकृतिक स्थान प्रदान करती है। श्रीमती रुचि नरेंद्रन ने इस अवसर पर टाटा स्टील फाउंडेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री सौरव रॉय और सूरी सेवा फाउंडेशन के श्री कुलवीन सूरी की उपस्थिति में उद्यान का उद्घाटन किया। गार्डेन का उद्घाटन करते हुए शहर की फर्स्ट लेडी श्रीमती नरेंद्रन ने कहा कि हीलिंग गार्डन जमशेदपुर शहर के लिए एक उपयुक्त उपहार है और ऐसे स्थान पर जहां ऐसे स्थानों की सबसे अधिक आवश्यकता होती है। यह उन मूल्यों का एक अवतार है, जिन्हें हम अपनाते हैं।

**एक नजर में**

### लोगों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील है राज्य की महागठबंधन सरकार : मंगल कालिंदी



**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधानसभा के जमशेदपुर प्रखंड अंतर्गत घोड़ाबांदा में झारखंड सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए सत्तारूढ़ दल के सचेतक सह जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी। मौके पर विधायक ने उपस्थित लोगो के बीच योजनाओं की जानकार दी और कई योजनाओं के स्वीकृति पत्र, पेंशन योजना पत्र और कंबल आदि का वितरण भी किया। विधायक ने शिविर के दौरान वहां लगाए गए स्टालों पर पहुंच कर स्थानीय लोगों के लिए सहूलियत का जायजा लिया और अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। मंगल कालिंदी ने कहा कि लोगों की समस्याओं के प्रति हेमंत सरकार संवेदनशील है। क्योंकि जो कार्य भारजपा ने 17 वर्षों में नहीं किया, वह काम हेमंत सरकार ने 3 वर्ष में कर दिखाया है। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का लाभ हर गांव हर मोहल्ले के लोगों को मिल रहा है। कार्यक्रम में मुखिया गुलाबी सरदार, प्रमिला बेसरा,छोटा टूडू, पंसस सरिता त्रिपाठी, आशीष पाल,झामुमो कार्यकर्ता विक्रम सिंह, प्रकाश सहाय बिनीत जायसवाल, रजत प्रसाद,सुमन सोनी, सुकुमार सरदार, वार्ड मेमबर सुनील गोराई, वाड मेमबर देबू गोराई,लकी चरण महतो और स्थानीय लोग उपस्थित थे।

### कैंसर के इलाज के लिए 10 लाख तक का अनुदान दे रही है राज्य की हेमंत सरकार : डॉ साहिर पाल



**जमशेदुपर।** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी शाखा एवं सुरभि शाखा के संयुक्त तत्वाधान में इो दिवसीय नि:शुल्क कैंसर जांच शिविर के प्रथम दिन बुधवार को 120 लोगों का पंजीकरण कर जांच की गयी। साकची धालभूम क्लब में दूसरे दिन गुरुवार 10 नवंबर को भी शिविर जारी रहेगा। कार्यक्रम का विधिवत उदघाटन बतौर मुख्य अतिथि जिला सिविल सर्जन डॉ साहिर पाल ने दीप प्रज्जवलित कर किया। मुख्य अतिथि सिविल सर्जन डॉ साहिर पाल ने बताया कि कैंसर से लोगों को डरने की आवश्यकता नहीं, इसका इलाज संभव है। साथ ही मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना के अंतर्गत कैंसर के इलाज हेतु 10 लाख तक का अनुदान सरकार द्वारा इलाज हेतु दिया जा रहा है। उदघाटन कार्यक्रम में समाजसेवी पियूष अडेसरा, संजय देबूका, अरुण बकरेवाल, प्रांतीय उपाध्यक्ष अजय चेतानी, प्रांतीय महामंत्री अरुण गुप्ता, प्रांतीय कैंसर जांच संयोजक पारुल चेतानी, स्टील सिटी शाखा अध्यक्ष सार्थक अग्रवाल एवं सुरभि शाखा अध्यक्ष उषा चौधरी उपस्थित थे। इस अवसर पर सार्थक अग्रवाल ने बताया की लोग जानकारी के आभाव में या लापरवाही और बुरी आदतों के वजह से कैंसर से ग्रसित हो जाते है। नि:शुल्क कैंसर जांच शिविर के माध्यम से समाज के हर वर्ग के लोग अपनी जांच अवश्य करायें। प्रारंभिक स्तर पर कैंसर पाए जाने पर सही उपचार हो सकेगा। प्रांतीय महामंत्री अरुण गुप्ता ने बताया कि 2016 से एस आर रूंगटा ग्रुप द्वारा प्रदत्त मोबाइल कैंसर वैन पूरे देशभर के अपनी सेवाएं लगातार दे रहा है। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन सुरभि शाखा कार्यक्रम संयोजिका ज्योति अग्रवाल ने किया।

### टेल्को उर्दू मध्य विद्यालय में मना उर्दू दिवस



**जमशेदपुर।** विश्व उर्दू दिवस पर टेल्को उर्दू मध्य विद्यालय के प्रांगण में हर्षोल्लास के साथ पारंपरिक तरीके से उर्दू दिवस मनाया गया जिसमें विद्यालय के बच्चों ने उर्दू की महत्ता पर रचनाएं प्रस्तुत की और सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए टेल्को उर्दू स्कूल की पैरेंट बॉडी टेल्को वेलफेयर सोसाइटी के सचिव रियाजउद्दीन खान ने उर्दू दिवस के अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा- उर्दू भाषा भारत की गंगा जमुना संस्कृति का प्रतीक है, इससे देश की राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सद्भाव को बल मिलता है। उन्होंने आगे कहा स्वतंत्रता संग्राम में उर्दू के नारों जैसे सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है ,देखना है जोर कितना बाजुए कातिल में है से स्वतंत्रता सेनानियों को और वीर शहीदों को बहुत बल मिलता था। अल्लामा इकबाल का उर्दू में लिखा हुआ तराना सारे जहां से अच्छा हिंदुस्ता हमारा, हम बुलबुले हैं इसकी यह गुलसिता हमारा, इंकलाब जिंदाबाद जैसे उर्दू भाषा के नारों से किसी भी तरह के जन आंदोलन मे शक्ति और क्रांति का संचार होता है। टेल्को उर्दू उच्च विद्यालय के सचिव इनामुल हक ने कहा कि उर्दू भाषा में इतने मिठास है के यह लोगों के दिलों को जोड़ती है। उर्दू मध्य विद्यालय टेल्को के प्रधानाध्यापक खालिद हुसैन ने अपने संबोधन में कहा कि उर्दू को फलने फूलने में हमारे बहुसंख्यक हिंदू और सिख भाइयों का बहुत योगदान है। उर्दू के बड़े-बड़े कभी हिंदू और सिख समाज से आते हैं जैसे कुंवर महेंद्र सिंह बेदी, डॉ जगन्नाथ आजाद, कृष्ण बिहारी नूर, डॉ नारंग जैसे उर्दू की विभूतियां रहे हैं जिन्हें हम भुला नहीं सकते हैं। कार्यक्रम में हिल व्यू स्कूल के सचिव शाह आलम खान, टेल्को उर्दू मध्य विद्यालय के संयुक्त सचिव मुख्तार अहमद, कोषाध्यक्ष खुर्शीद अनवर, टेल्को उर्दू उच्च विद्यालय के सचिव इनामुल हक आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन टेल्को उर्दू मवि के शिक्षक जनाब बदरुद्दोजा साहब ने किया और अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य खालिद हुसैन साहब और धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय की शिक्षिका सबरीन फातिमा ने किया।

## मदरसा जामियातून निसा में मनाया गया उर्दू दिवस

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**जमशेदपुर।** कपाली ताजनगर स्थित मदरसा जामियातून निसा मे अंतरराष्ट्रीय उर्दू दिवस मनाया गया। इस मौके पर हाजी डा. नूरजमा खान की अध्यक्षता मे डॉ सर इकबाल के जन्म दिन से संबोधित उपस्थित बच्चों ने अपने विचार व्यक्त किए। समारोह के मुख्य अतिथि उर्दू डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन के अध्यक्ष मुश्ताक अहमद ने मदरसा की शिक्षिकाओं व छात्राओं की प्रशंसा की। उन्हें संस्था की ओर से शॉल देकर व पुष्पगुच्छ सौंपकर स्वागत किया गया। मौके पर मुबारक अंसारी, अनवरी बानो, सलमा खातून, गौसिया हुसैन सहित छात्राओं ने अल्लामा इकबाल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन के कुछ काव्य रचना प्रस्तुत किया। मौलाना वसीम अंसारी, हाफिज साईदुज्जमां, खादिम रसूल, राजदा खातून ने समारोह के आयोजन में उल्लेखनीय भूमिका अदा की।

## सीएम हेमंत सोरेन तीन वर्षो से सत्ता में हैं, पर एक भी चुनावी वायदे पूरा नहीं किया : रघुवर

- पोटका में मना भाजपा किसान मोर्चा का कार्यकर्ता मिलन समारोह

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**

**पोटका।** भाजपा किसान मोर्चा के कार्यकर्ता मिलन समारोह में भाग लेने पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास बुधवार को पोटका पहुंचे। उनके आगमन पर हाता चौक में कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। रघुवर दास हाता चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा को माल्यार्पण कर नमन किया। यहां से रघुवर दास काफिले के साथ जुड़ी स्टेडियम के कार्यक्रम स्थल पहुंचे। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदेमातरम गीत गाकर किया गया। अपने संबोधन में रघुवर दास ने कहा कि वर्तमान में एक भ्रष्टाचारी सरकार सत्ता में है। यह सरकार राज्य के संसाधन बालू,पत्थर को माफिया और बिचौलियों के हवाले कर दिया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार 3 वर्षों से सत्ता में है,लेकिन एक भी चुनावी वायदा पुरा नहीं कर पाए है। चुनाव के पूर्व एक साल में 5 लाख युवाओं को नौकरी देने, वृद्धा पेंशन की राशि बढ़ाकर 2500 रुपए प्रतिमाह करने का वादा किया था, लेकिन वादा भुला दिया।



किसान मोर्चा के कार्यकर्ता मिलन समारोह को संबोधित करते पूर्व सीएम रघुवर दास व उपस्थित अन्य भाजपाई।

## राज्यपाल से मिले देशभक्त उमेश गोपीनाथ जाधव और वेटरन्स ऑफ झारखंड के सदस्य

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** बुधवार को देशभक्त उमेश गोपीनाथ जाधव के साथ पूर्व राज्य सैनिक निदेशक ब्रिगेडियर वी जी पाठक (अवकाश प्राप्त) एयर कमोडोर के अधिकारी, पूर्व प्रदेश महामंत्री सार्जेंट अनिरुद्ध सिंह, पूर्व प्रदेश महामंत्री पेटी ऑफिसर सुशील कुमार सिंह, जिला उपाध्यक्ष जे डब्लू ओ डॉ कमल शुक्ला अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद एवं धनंजय कुमार संस्थापक कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स रांची ने महामहिम राज्यपाल रमेश बैस से मुलाकात कर देशभक्त उमेश गोपीनाथ जाधव की उपलब्धियों की चर्चा की। जिन्होंने 14 फरवरी 2019 को पुलवामा अटैक के बाद सी आर पी एफ के वीर बलदानियों के घर जाकर उनके आंगन की पवित्र मिट्टी संग्रह करने का काम किया और उस मिट्टी को पुलवामा के वार मेमोरियल बनने में उपयोग के लिए स्पेशल डायरेक्टर जनरल श्री जुल्फिकार हसन आई पी एस को सुपुर्द किया। जिससे 16 राज्य के वीर बलदानियों के परिवार का सम्मान जुड़ गया। इसके साथ ही उमेश गोपीनाथ ने 150 भारतीय तीनों सेना (जल थल



राज्यपाल से मिलते उमेश गोपीनाथ व पूर्व सैनिक।

## मनुष्य को दौलत-ताकत पर घमंड नहीं करना चाहिए : श्रीराम महाराज

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**जमशेदपुर।** साकची श्री अग्रसेन भवन में चल रहे श्रीराम हनुमत कथा के चौथे दिन बुधवार की सुबह 9 से 1 बजे तक को व्यासपीठ से कथा वाचक परम श्रद्धेय श्रीराम मोहन महाराज ने भगवान की बाल लीला, नाम करण, तड़का वध, धनुष यज्ञ, भगवान की विवाह, फुलवरी प्रसंग सुनाया। भगवान की विवाह की कथा का श्रवण कर श्रद्धालु झूम उठे। भाई-भाई में राम और भरत जैसा प्रेम हो तो कथा और पूजा की सार्थकता हैं। राम के लिए भरत ने और भरत के लिए राम ने राज्य का मोह त्याग दिया। दोनों ने भातृ प्रेम को महत्व दिया और 14 वर्ष का वनवास भोगा। राम ने घर छोड़कर वन की राह ली और भरत ने अयोध्या में रहते हुए वनवासी का जीवन व्यतीत किया। संसार मानव जीवन में मुसाफिर हैं, मंजिल नहीं। मंजिल तो आत्म स्वरूप का बोध करना हैं। कहा कि मनुष्य को कभी दौलत और अपनी ताकत पर घमंड नहीं करना चाहिए।

# एक्सएलआरआइ ऑनसेंबल-वल्हल्ला में बॉलीवुड के सलीम-सुलेमान की जोड़ी 13 को मचायेगी धमाल

- आइडिया समिट में इंडस्ट्री के दिग्गज देंगे लक्चर, 10 को होगी शुरुआत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**


**जमशेदपुर।** एक्सएलआरआइ जमशेदपुर में ऑनसेंबल-वलहल्ला का 23वां संस्करण 11 से 13 नवंबर तक होने जा रहा है, जिसमें बालीवुड के सुप्रसिद्ध संगीतकार सलीम व सुलेमान की जोड़ी 13 नवंबर को धमाल मचायेगी। एक्सएलआरआइ की ओर से होने वाले इस एनुअल कल्चरल, स्पोर्ट्स व मैनेजमेंट फेस्ट की तैयारियाँ लगभग अंतिम चरण में है। इस दौरान करीब 40 से ज्यादा कार्यक्रम आयोजित की जायेगी। इसमें इसमें देश भर के 45 से ज्यादा बिजनेस स्कूलों की टीम हिस्सा ले रही है। इस वर्ष थीम के साथ पूर्वी भारत के सबसे बड़े त्योहार सिम्फनी इन कैओस का उद्घाटन 10 नवंबर को टाटा स्टील के वीपी चाणक्य चौधरी द्वारा किया जायेगा। वे टाटा आडिटोरियम में बी स्कूल के छात्रों-शिक्षकों को संबोधित भी करेंगे। इस दौरान द नेक्स्ट जेन लीडर, स्ट्राइक या यील्ड, वार आफ विट और कई अन्य जैसे 30 से ज्यादा प्रमुख सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेल व मैनेजमेंट से जुड़े कई इवेंट होंगे। फेस्ट में आफलाइन और आनलाइन दोनों मोड के लिए बने इवेंट में हजारों छात्र शामिल होंगे।



बॉलीवुड सिंगर, कंपोजर सलीम और सुलेमान।

**आइडिया समिट में आयेंगे नेय विचार :** इस कार्यक्रम में आइडिया समिट भी आयोजित होगा, जिसमें सभी क्षेत्रों के दिग्गज शामिल होने के साथ अपनी बातें प्रस्तुत करेंगे। इस साल, एसएचओ, सीएच आरओ और बिजनेस जैसे कई पैनल के साथ कृष शंकर, मालिनी और सोनल अग्रवाल जैसे वक्ता छात्रों को संबोधित करेंगे। इस साल पैनल का एक विशेष संस्करण शार्क टैंक पैनल है, जहां शो 'शार्क टैंक सीजन-1' के सुले लवसी, अनुश्री मालू, रवि और अनुजा काबरा जैसे लोकप्रिय प्रतिस्पर्धियों

### लोगों को गुदगुदायेंगे कामेडियन अजीम बनतवाला



फेस्ट का सबसे मनोरंजक सेगमेंट- प्रो-शो इस साल आफलाइन मोड में आयोजित किया जायेगा। जहां कलाकार एक्सएलआरआइ कैंपस में लाइव परफार्म करेंगे। कोविड की वजह से यह नहीं हो पा रहा था। इसमें शहर के लोग शामिल हो सकते हैं। 12 नवंबर की शाम 7 बजे से स्टैंडअप कॉमेडियन अजीम बनतवाला कामेडी नाइट में परफार्म करेंगे।

**पास से ही इंट्री**

इस शो में शामिल होने के लिए पास एन्सेंबल वलहल्ला की वेबसाइट से बुक किए जा सकते हैं।

# कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठा कर सभी स्वावलंबन की राह पर चलें : वैद्यनाथ राम

## आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लाधुप में लगा विकास शिविर

खबर मन्त्र संवाददाता



शिविर में कंबल प्रदान करते विधायक।

**चंदवा।** हेमंत सोरेन सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ गांव के हर गरीब व जरूरतमंद तक पहुंच सके, इस उद्देश्य से झारखंड सरकार द्वारा चलाये जा रहे आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बुधवार को चंदवा प्रखंड के लाधुप पंचायत सचिवालय में विकास शिविर लगाया गया। शिविर का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि झामुमो के लातेहार विधायक वैद्यनाथ राम, बीडीओ विजय कुमार, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष सुरेश गंझू, मुखिया विफई मुंडा व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया।

उद्घाटन के उपरांत विधायक व अन्य अतिथियों ने विभिन्न योजनाओं के दर्जनों लाभुकों को स्वीकृति पत्र व जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया।

शिविर को संबोधित करते हुए विधायक वैद्यनाथ राम ने कहा कि सरकार द्वारा चलायी जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ गांव-गांव तक पहुंचे, इसे लेकर ही सरकार आपके गांव आयी है। सरकार द्वारा चलायी जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाकर आप सभी स्वावलंबन की राह पर चलें। इस दौरान विधायक वैद्यनाथ राम ने बालिकाओं से सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह योजना किशोरियों के उत्थान के लिए अति लाभकारी सिद्ध होगा।

इधर, शिविर में जेएसएलपीएस, पीएम आवास, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग समेत कई अन्य विभागों के द्वारा स्टाल लगाये गये थे। शिविर का संचालन बीडीओ विजय कुमार ने किया।

मौके पर जिला बीस सूत्री सदस्य पपन खान, मोहन गंझू, राजकुमार साहू, युवा नेता अंकित पांडेय, दीपक कुमार, मो. सरफराज, मो. आलम आजाद, वीरेंद्र पाठक, राजू विश्वकर्मा समेत सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों व प्रबुद्ध जन मौजूद थे।

# गैर मजरूआ आम भूमि में पीएम आवास का हो रहा है निर्माण

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के छिपादोहर थाना क्षेत्र अंतर्गत चुंगरू पंचायत के हेहेगड़ा ग्राम में गैर मजरूआ आम भूमि पर अवैध तरीके से प्रधानमंत्री आवास बनाए जाने का मामला प्रकाश में आया है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और लोगों ने बीते दिनों 02 नवंबर को बरवाडीह प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी राकेश सहाय को आवेदन देकर मामले की जांच कराते हुए निर्माण कार्य पर अविलंब रोक लगाने की मांग की हैं।

सीओ को दिए गए आवेदन में बताया गया है कि हेहेगड़ा निवासी कमलेश यादव, पिता रामस्नेही यादव और संजीत कुमार यादव, पिता कमलेश यादव का वर्ष 2021/22 में प्रधानमंत्री आवास योजना स्वीकृत हुआ हैं। दोनो पिता पुत्र गैर मजरूआ आम भूमि पर अतिक्रमण कर आवास बना रहें हैं। जिस भूमि का खाता 92, प्लॉट 122 और रकबा 0.75 एकड़ है। स्थानीय लोगो ने सीओ से इस मामले में जल्द से जल्द जांच कराते हुए उचित कार्रवाई की मांग की हैं। मिली जानकारी के अनुसार उपरोक्त भूमि पर उक्त परिवार के लोगों के द्वारा 2019/20 में भी अतिक्रमण कर कच्चे मकान का निर्माण कराया जा रहा था। स्थानीय के लोगों के हस्तक्षेप के बाद अंचलाधिकारी राकेश सहाय द्वारा कारवाई करते हुए निर्माण कार्य पर रोक लगाने का आदेश निर्गत किया था। बावजूद यादव परिवार के द्वारा दुबारा उक्त भूमि पर अतिक्रमण कर आवास का निर्माण करवाया जा रहा है। वहीं हेहेगड़ा में सुखी संपन्न लोगों को भी आवास योजना का लाभ दिया गया हैं।

### क्या कहते हैं अंचलाधिकारी

इस संबंध में जब बरवाडीह अंचल अधिकारी राकेश सहाय से दूरभाष पर वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों द्वारा शिकायत प्राप्त हुई थी। इसके उपरांत निर्माण कार्य को रोक दिया गया है। अगर लाभुक द्वारा कार्य कराया जा रहा है, तो जांचोपरांत कारवाई की जाएगी।

## स्पीड न्यूज

### बालूमाथ के युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष बने एजाज अहमद



**बालूमाथ।** युवा कांग्रेस कमेटी लातेहार के द्वारा युथ जोड़ों बूथ जोड़ो कार्यक्रम का आयोजन बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित होटल देव इन में किया गया। जिसकी अध्यक्षता युवा जिला अध्यक्ष अमित यादव के द्वारा किया गया। वहीं मुख्य अतिथि के तौर पर प्रदेश महासचिव सह लातेहार प्रभारी रमन सिंह उपस्थित रहे। आयोजित बैठक में सबसे पहले प्रखंड कमेटी का विस्तार करते हुए सर्वसम्मति से बालूमाथ का कांग्रेस युवा प्रखंड अध्यक्ष एजाज अहमद को चुना गया। मौके पर एजाज अहमद के साथ दर्जनों युवाओ ने काग्रेस का दामन थामा। मौके पर बोलते हुए लातेहार प्रभारी रमन सिंह ने संगठन में अधिक से अधिक लोगों को को जोड़ने की बात कही। वंही युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अमित यादव ने गांव-गांव तक कांग्रेस की नीतियों और सिद्धांतों का प्रचार-प्रसार करने के साथ-साथ संगठन विस्तार करने की बात कही। वहीं जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र उरांव ने कहा कि कांग्रेस ही ऐसी पार्टी है जो देश हित मे काम हमेशा से करती आई है।

### हेरहंज पंचायत भवन में आधार सेंटर का हुआ उद्घाटन

**हेरहंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित हेरहंज पंचायत सचिवालय मे मुखिया प्रीति कुजूर, उप मुखिया राजबली यादव, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष मनीष जयसवाल एवं राजद प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ उरांव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर आधार सेंटर का उद्घाटन किया। वहीं अतिथियों ने कहा कि पंचायत भवन में आधार सेंटर खुल जाने से लोगों को परेशनी नहीं होगी। इससे पहले यहां के ग्रामीणों को कई किलामीटर दूर जाकर आधार का काम करवाना पड़ता था। मौके पर पंचायत सेवक अवतार सिंह, रोजगार सेवक परमजीत सिंह, जितेश यादव, जितेंद्र यादव समेत दर्जनों लोग शामिल हुए।

### सुदामा को संयुक सहायक अभियंता परीक्षा में 431वां रैंक



**हेरहंज।** सदर प्रखंड के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र कसमार ग्राम के सुदामा पासवान पिता जगरनाथ पासवान ने जेपीएससी के संयुक सहायता अभियंता परीक्षा को पास कर क्षेत्र का नाम रौशन किया है। 2019 में इस परीक्षा की विज्ञापन प्रकाशित किया गया था। जिसका परिणाम अप्रैल 2021 में घोषित किया गया। मुख्य परीक्षा का आयोजन 22-24 अक्टूबर 2021 तक लिया गया। जिसका परिणाम मई 2022 को घोषित किया गया। सुदामा वर्तमान में जल संसाधन विभाग में कनीय अभियंता के पद पर कार्यरत हैं।

# लातेहार में विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

**लातेहार।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार अखिल कुमार के निर्देशानुसार बुधवार को स्थानीय टाउन हॉल में प्रशासन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कानूनी जागरूकता फैलाने व पात्र लाभार्थियों को कानूनी अधिकार प्रदान करने, संस्थानों और वंचितों के बीच की खाई को पाटने के लिए एक अखिल भारतीय अभियान के तहत विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्वाति विजय उपाध्याय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने उक्त शिविर के महत्वपूर्ण और लाभकारी पक्षों का वर्णन किया। आईटीडीए लातेहार ने सरकार के द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।

# बारियातू में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन

## हेमंत हटाओ झारखंड बचाओ के तहत प्रखंड कार्यालय तक निकाली रैली

खबर मन्त्र संवाददाता



धरना-प्रदर्शन करते भाजपा कार्यकर्ता।

**बारियातू।** प्रदेश भाजपा नेतृत्व व भाजपा जिलाध्यक्ष के निर्देशानुसार भाजपा मंडल अध्यक्ष लव कुमार सिंह के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने हेमंत हटाओ झारखंड बचाओ के बैनर लेकर भाजपा कार्यालय से प्रखंड कार्यालय तक आक्रोश प्रदर्शन बुधवार को किया गया। आक्रोश प्रदर्शन रैली भाजपा कार्यालय से शुरू होकर टीओपी होते प्रखंड कार्यालय परिसर पहुंच सभा में तब्दील हो गई।

आक्रोश प्रदर्शन में शामिल भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा मंत्री नीलम देवी ने संबोधित करते हुए कहा कि जबसे झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार बनी है तब से यहां के बेटी बहनो को स्कूल कॉलेज जाना मुश्किल हो गया है। महिलाओं पर अत्याचार बढ़ गई है। हाल के दिनों में छात्राओ को पेट्रोल व एसिड से जला देने की घटना आम हो गई है। इस तरह के अनेको घटना घट रही है जिससे यहां के बेटी बहन असुरक्षित महसूस करने लगी है। जिला महामंत्री पंकज सिंह ने कहा की हमारी भाजपा की सरकार ने कृषि सम्मान योजना के तहत पांच हजार देने की घोषणा की थी उसे हेमंत सरकार ने निरस्त कर दिया। जिससे गरीब किसान को भी छलने का काम कर रही है। महिला सशशक्ति करण के नाम पर भाजपा की सरकार ने एक रुपये में पचास लाख रुपये तक कि भूखंड की रजिस्ट्री हो रही थी उसे भी बंद कर दिया गया। हेमंत सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है। महिला मोर्चा चंदवा के उपाध्यक्ष मंजू देवी, जिला मंत्री ब्रजमोहन राम, जिला परिषद सदस्य रमेश राम, ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष देवनन्दन साव, ओबीसी मोर्चा जिला महामंत्री बिशुन प्रसाद ने भी संबोधित किया। मौके पर पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष आनंद सिंह, निरंजन राम, महेशवरी सिंह, तुलसी यादव, गोपाल यादव, अरविन्द सिंह, संदीप केशरी, मो तौहीद, महिला मोर्चा के नीलू सिंह, चांदनी देवी, टिंकू शर्मा, नीलू शर्मा, रिंकू यादव सहित काफी संख्या मे लोग मौजूद थे।

## एक नजर में

### लातेहार के डीएमओ ने एक हजार सीएफटी बालू किया जब्त



**चंदवा।** लातेहार डीएमओ आनंद कुमार और एसडीएम लातेहार शेखर कुमार की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के चिरो गांव के एक अज्ञात स्थल से करीब एक हजार सीएफटी बालू को जब्त किया है। उक्त बालू किसका है किसकी जमीन पर है इसकी जांच हेतु मामला चंदवा पुलिस को सौंप दिया है। उक्त करवाई के मामले में डीएमओ ने बताया कि एक मामले की जांच करने चिरो आया था, इसी दौरान उक्त बालू का अवैध भंडारण पाया। बालू को जब्त कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान डीएमओ व एसडीओ ने चंदवा पूर्वी मुखिया रंजीव उरांव व पश्चिमी पंचायत की मुखिया संगीता लकड़ा के साथ बालू घाटो का निरीक्षण किया व विकास योजनाओं की जानकारी ली।

### बारियातू में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता ने राशन कराया उपलब्ध



**बारियातू।** प्रखंड के डाढा पंचायत अंतर्गत डुमरा व कसमार गांव में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता ने मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर कुशल क्षेम पूछते हुए राशन उपलब्ध कराया। डाढा पंचायत के डुमरा गाँव के मृतक राजेश उरांव पिता बैद्यनाथ उरांव के घर आम आदमी पार्टी के जिला संयोजक परमेश्वर गंझु, जिला उपाध्यक्ष निर्मल उरांव, चंदवा प्रखंड उपाध्यक्ष दिनेश प्रसाद, जिला कमिटी विकास भगत व अमृत बांसपति ने परिजनों से मुलाकात कर कुशल क्षेम पूछते हुए चावल दाल आलू सहित अन्य राशन सामग्री सहायता दिया। इधर कसमार मे मृतक मुकेश उरांव पिता गणेश उरांव के परिजनों से भी मुलाकात कर राशन उपलब्ध कराया है। इस दुख की घड़ी मे सहायता करने पर आसपास के ग्रामीणों ने आम आदमी पार्टी की कार्यकर्त्ताओ को को खूब सराहा।

### सीआरपीएफ ने स्कूली बच्चों के बीच पठन पाठन सामग्री का किया वितरण



**छिपादोहर।** सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत सीआरपीएफ ने ग्रामीणों और स्कूली बच्चो के बीच पठन पाठन की सामग्री का वितरण किया। छिपादोहर थाना क्षेत्र के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में करमडीह एवं लाभर पिकेट में सीआरपीएफ के उपमहानिरीक्षक बिनय नेगी के निर्देश पर सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत सीआरपीएफ के कमांडेंट प्रमोद कुमार साहू के नेतृत्व में ग्रामीणों के रोजमर्रा की जरूरत के चीजें ओर स्कूली बच्चों के बीच पठन पाठन की सामग्री का किया गया। सीआरपीएफ के द्वारा इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों और ग्रामीणों ने खूब प्रशंसा किया। सीआरपीएफ के 112वीं बटालियन के सहायक कमांडेंट बी एन भोई ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने बच्चों को नियमित स्कूल भेजे ओर उन्हें पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करें। जिससे बच्चों का भविष्य उज्जवल हो। वहीं करमडीह के सहायक कमांडेंट राकेश कुमार ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सीआरपीएफ हमेशा से ही लोगों के सुख दुख का सहभागी रही है और ग्रामीणों के सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रहती है, इस तरह के कार्यक्रम से ग्रामोणों और सीआरपीएफ के बीच समन्वय स्थापित होता है। सीआरपीएफ के इंस्पेक्टर देशराज यादव ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम हमेशा होते रहेंगे। मौके पर सहायक कमांडेंट धनजंय यादव सहित ग्रामीण ओर सीआरपीएफ के जवान मौजूद थे।

### मनिका के जुंगुर में सरना स्थल पर झंडा गड़ी का किया गया आयोजन



**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत स्थित जुंगुर पंचायत के गोरैयाटांड में दिन बुधवार को पड़हा सरना प्रार्थना सभा के द्वारा झंडा गड़ी सरना स्थल चाला का टोंका स्थापना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लातेहार जिले के विभिन्न प्रखंड से आए हुए सरना धर्मावलंबियों के द्वारा सरना धर्म के पारंपरिक विधि विधान पूर्वक अस्थल पूजन कर झंडा गड़ी का कार्यक्रम संपन्न करवाई गई। मौके पर जिप सदस्य बलवंत सिंह ने कहा कि आज जुंगूर पंचायत में सरना स्थल की पूजा कर झंडा गड़ी का कार्यक्रम किया जा रहा है। आदिवासी समुदाय के लोगों के पूजा के लिए सरना स्थल का काफी महत्व होता है। लोग यहां पर आकर विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना व प्रार्थना करते हैं। कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए रांची के राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा सचिव प्रोफेसर प्रवीण उरांव ने कहा कि सरना स्थल आदिवासी समुदाय के लोगों के पूजा के लिए मुख्य स्थान होती है। हमारे समुदाय के लोग सरना स्थल पर प्रत्येक गुरुवार को पूजा अर्चना करते हैं। उन्होंने कहा कि सरना धर्मावलंबियों के लोग पेड़ पौधों की पूजा करते हैं और प्राकृतिक पूजा ही सबसे बड़ी पूजा होती है।

# वन विभाग की टीम ने चकला वन क्षेत्र में जब्त की 80 पीस सखुआ की बल्ली

खबर मन्त्र संवाददाता



जब्त सखुआ बल्ली व वन विभाग के कर्मी।

**चंदवा।** वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी राकेश कुमार की अगुवाई में अभियान पर निकली वन विभाग की टीम ने चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत चकला वन प्रक्षेत्र में जंगलों से कटाई कर रखा गया लगभग 80 पीस सखुआ का बल्ली को बरामद करने में सफलता पायी है। बरामद सखुआ बल्ली को जब्त कर वन विभाग की टीम द्वारा वन प्रक्षेत्र कार्यलय लाया गया है व विभाग द्वारा अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। मामले में रेंजर राकेश कुमार ने बताया कि चकला वन क्षेत्र में जंगली हाथियों के झुंड के होने की सूचना मिली थी, सकी झुंड को क्षेत्र से दूर भगाने को लेकर वन विभाग की टीम जंगल मे गयी थी, इसी दौरान जंगल मे भारी मात्रा में सखुआ का लकड़ी कटा हुआ बरामद हुआ है। हालांकि देर शाम तक सखुआ बल्ली किसका है, इसकी जानकारी नही हो पाई थी। टीम में विश्वास देव पांडेय, वीरेंद्र कुमार समेत वन विभाग के अधिकारी व कर्मी शामिल थे।

### पुलिस ने बालू लदा ट्रैक्टर पकड़ा, दो गये जेल

**चंदवा।** चंदवा थाना पुलिस ने मंगलवार को शिबाटोली के समीप एक बालू लदा ट्रैक्टर जब्त किया है। पुलिस के अनुसार ट्रैक्टर जे एच 08जी 6875 पर अवैध ढंग से बालू की ढुलाई की जा रही थी। मामले में शामिल राजेश गंझू एवं विवेक साहू को बुधवार को लातेहार जेल भेज दिया है। पुलिस मामला दर्ज कर मामले की तहकिकात में जुटी है। इधर दूसरी ओर पकड़े गए युवक विवेक साहू के भाई राहुल कुमार ने प्रेस बयान जारी कर बेवजह फंसाये जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि बालू संबंधी कागजात उनके पास था, लेकिन दुर्भावना से ग्रसित होकर कार्रवाई की गई है। मामले में पूछे जाने पर इंस्पेक्टर मदन शर्मा ने कहा कि आरोप बेबुनियाद है, बालू लोड वाहन पकड़े जाने के बाद कागजात पेश करने को कहा गया था, लेकिन कोई कागजात पेश नही किया गया, जिसके बाद कार्रवाई की गई है। दूसरी ओर डीएमओ आनन्द कुमार व एसडीओ शेखर कुमार की अगुवाई में गठित टीम द्वारा मामले में जांच भी की जा रही है।

### चंदवा पुलिस ने छापेमारी कर कुजरी के समीप स्क्रैप लदा ट्रक पकड़ा, 3 गिरफ्तार



स्क्रैप लदा ट्रक।

**चंदवा।** लातेहार एसपी अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर चंदवा पुनि सह थाना प्रभारी मदन शर्मा की अगुवाई गठित टीम ने चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत कुजरी कबाड़ी दुकान के समीप छापा मारा। इस दौरान पुलिस टीम ने लगभग 8 टन अवैध स्क्रेप लदा ट्रक जेएच 01ई/1337 को जब्त कर लिया। साथ ही, मौके से खालीग खान पिता जोरावर खान (कुजरी), आशिम खान बियास्त खान (चकला) व महताब अंसारी पिता सुल्तान अंसारी कुजरी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि लोहा स्क्रेप ले जाने की गुप्त सूचना मिली थी, इसी आलोक में कार्रवाई की गई, उसी क्रम में उक्त सफलता मिली है। जब्त स्क्रेप अभिजीत या एस्सार प्लांट का प्रतीत हो रहा है। स्क्रेप को कहां ले जाया जा रहा था इसकी जांच की जा रही है। मामले को लेकर चंदवा थाना में कांड संख्या 126/22 में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# राज्य स्थापना दिवस का आयोजन धूमधाम से होगा : उपायुक्त

## भोर सिंह यादव ने की बैठक, कार्यक्रम को लेकर विस्तार से हुई चर्चा, अधिकारियों को ससमय तैयारियां पूर्ण करने का निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता




बैठक करते उपायुक्त।

**लातेहार।** आगामी 15 नवंबर राज्य स्थापना दिवस की तैयारियों को लेकर उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में राज्य स्थापना दिवस को भव्य रूप से मनाये जाने के उपलक्ष्य में रूपरेखा तैयार की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि राज्य स्थापना दिवस का आयोजन धूमधाम से किया जाएगा। इसके लिए सभी पदाधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। इस दौरान बैठक में राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम के आयोजन को लेकर विस्तार से चर्चा कर रणनीति तय किए गए। राज्य स्थापना दिवस पर प्रभात फेरी प्रातः 6:30 बजे निकालने का निर्णय लिया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र छात्राएं भाग लेंगे। कारगिल पार्क में प्रातः 8:00 बजे मल्यार्पण किया जायेगा तथा प्रातः 8:30 बजे से सदभावना मार्च कारगिल पार्क से समाहरणालय तक आयोजित की जाएगी। राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर आयोजित करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि संध्या में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। उपायुक्त ने निर्देशित करते हुए कहा कि राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 15 नवंबर को शहर में बृहद स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया जाए। साथ ही उपायुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि सम्पूर्ण समाहरणालय में लाइटींग की व्यवस्था करवाना सुनिश्चित करें। बैठक में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, डीएफओ रोशन कुमार, उप विकास आयुक्त सुरेंद्र कुमार वर्मा, जिला परिषद अध्यक्षा पूनम देवी, अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार शेखर कुमार अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, बीडीओ एवं जिला के प्रबुद्ध नागरिक एवं मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### नया मतदाता बनने को फॉर्म 6 भरना होगा

**लातेहार।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 को लेकर प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण, 2023 कार्यक्रम के तहत नये मतदाताओं के नाम जोड़ने से लेकर हटाने तक का कार्य किया जाएगा। आगे उन्होंने कहा कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के लिए 09 नवंबर 2022 को प्रारूप का प्रकाशन किया जाएगा। वहीं 09 नवंबर से 08 दिसंबर तक दावा दावे एवं आपत्ति किया जा सकता है। जबकि 26 दिसंबर को दावा/आपत्ति का निष्पादन किया जाएगा। वहीं पांच जनवरी 2023 को निर्वाचक सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। फोटो युक्त निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 5 जनवरी 2023 को किया जाएगा। बीएलओ घर-घर सत्यापन का कार्य करेंगे। नया मतदाता बनने के लिए फॉर्म 6 भरना होगा। इसको लेकर विशेष अभियान भी चलाया जाएगा। जिसके तहत 12,13,19, एवं 20 नवंबर 2022 को अभियान चलाकर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम संपन्न कराया जाएगा। बैठक में अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप, अनुमंडल पदाधिकारी शेखर कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) सह उप निर्वाचन पदाधिकारी लातेहार बंधन लांग, राजनीतिक दल के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

# कतरासगढ़ स्टेशन में इंटरसिटी ट्रेन का ठहराव शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद रेल मंडल के कतरासगढ़ स्टेशन होकर 26 जोड़ी ट्रेन गुजरती थी साथ ही ठहराव भी था।लेकिन डीसी रेल लाइन को अग्निप्रभावित बता कर ट्रेनों का परिचालन को बन्द कर दिया था। लंबे आंदोलन के बाद पुनः डीसी रेल लाइन में ट्रेनों का परिचालन को शुरू किया गया था। इसी दौरान कोरोना काल मे ट्रेनों को बन्द कर दिया गया। 26 जोड़ी ट्रेनों में कुछ को शुरू रेलवे द्वारा किया गया लेकिन कतरासगढ़ स्टेशन में ठहराव की व्यवस्था नही की गई थी। जिसे लेकर आंदोलन के साथ जनप्रतिनिधियों ने रेलवे, रेल मंत्री से कई बात बात रखी।

नतीजन बुधवार से इंटरसिटी ट्रेन का ठहराव शुरू कर दिया गया है। इंटरसिटी ट्रेन के कतरासगढ़ स्टेशन पहुचने पर जोरदार स्वागत किया गया। गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, बाघमारा विधायक हजारो कार्यकर्ताओ के



साथ ट्रेन चालक का स्वागत किये। विधायक और सांसद ने इंटरसिटी चालक को माला पहना मिठाई खिलाकर गाजे बाजे के साथ स्वागत करते हुए, हरि झंडी दिखाकर रवाना किया।

इंटरसिटी के ठहराव से लोगो मे भारी खुशी है। वही सीनियर डीसीएम आशीष कुमार इस मौके पर महजूद रहे।

वही इंटरसिटी ठहराव को लेकर जेएमएम विधायक मथुरा महतो और पूर्व बियाडा अध्यक्ष जेएमएम नेता राजा महतो के लोगों ने सराहना की। सीनियर डीसीएम ने कहा कि सांसद विधायक के प्रयास से इंटरसिटी ट्रेन का ठहराव कतरासगढ़ में सम्भव हुआ है। इंटरसिटी ठहराव के लिये रेल मंत्री से कई बार मिले तब यह आज से शुरू हो पाया है बहुत जल्द डीसी ट्रेन भी शुरू होगा यह आश्वस्त करते है।

अब कुछ लोग अपना श्रेय लेने में लगे है। वही सांसद सीपी चौधरी ने कहा कि सभी समस्याओं को वह दूर करने का प्रयास करते है। आज यह ट्रेन ठहराव शुरू हुआ है। अन्य ट्रेनों का परिचालन, ठहराव भी जल्द शुरू किया जाएगा।

## आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा द्वारा एक दिवसीय सत्याग्रह



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** झारखण्ड आन्दोलनकारी संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में बोकारो जिला सहित झारखण्ड के सभी जिलों से हजारों झारखण्ड अलग राज्य आन्दोलनकारियों ने रांची मोहराबादी स्थित बापू वाटिका में एक दिवसीय सत्याग्रह आंदोलन किया। आन्दोलनकारियों ने कहा कि उनके संघर्ष की वजह से अलग राज्य का निर्माण हुआ लेकिन 22वर्षो के बाद भी वर्तमान सरकार सहित विपक्ष के नेताओं द्वारा भी आन्दोलनकारियों के मान-सम्मान, पहचान और अधिकार के लिए सही ढंग से आवाज नहीं उठाई गई।अपने हक के लिए आन्दोलनकारियों को कई वर्षों से लगातार आन्दोलन करना पड़ रहा है जो दुखद पहलू है। झारखण्ड मंत्री परिषद् की बैठक एवं झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र में प्रदेश सरकार द्वारा आन्दोलनकारियों की मांगों पर पहल नहीं करने पर 15नवम्बर को कोकर स्थित भगवान बिरसा के समाधि स्थल पर आन्दोलनकारी गिरफ्तारी देने के लिए बाध्य होंगे। सत्याग्रह की अध्यक्षता केन्द्रीय कार्यकारी अध्यक्ष राजू महतो ने की। बोकारो से मोर्चा के जिला महामंत्री राजदेव माहथा, जिला संयोजक हाबुलाल गोराईं, सहित सैकड़ों की संख्या में एक दिवसीय सत्याग्रह आंदोलन में भाग लिये।

## हर योग्य व्यक्ति को अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए : उपायुक्त

### निर्वाचन में सहभागिता व मतदाताओं को जागरूक करने के लिए 4.3 किलोमीटर का वॉकाथोन आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** निर्वाचन में सहभागिता के लिए तथा मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से बुधवार को झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार की अध्यक्षता में ए स्टेप फॉर पार्टिसिपेटीव इलेक्शन थीम पर वॉकथोन का आयोजन किया गया। इसकी शुरूआत सुबह 7:30 बजे सिटी सेंटर से की गई। सिटी सेंटर से रणधीर वर्मा चौक होते हुए डीआरएम चौक, धनबाद रेलवे स्टेशन, श्रमिक चौक, पूजा टॉकिज, सर्किट हाउस होते हुए पुनः सिटी सेंटर पर वॉकथोन का समापन हुआ।

इस दौरान पदाधिकारियों सहित सैंकड़ों लोगों ने लगभग 4.3 किलोमीटर की पैदल यात्रा की। यात्रा समाप्त होने के बाद झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने



कहा कि लोकतंत्र के महापर्व का हिस्सा बनने के लिए पहले मतदाता बनना आवश्यक है।

वर्ष 2024 में दो महत्वपूर्ण चुनाव होंगे। इसमें हिस्सा लेने के लिए योग्य लोगों को पहले मतदाता बनना है।

मतदाता बनने के लिए मोबाइल ऐप से या अपने बीएलओ से संपर्क कर मतदाता सूची में नाम दर्ज कराना आवश्यक है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने घर के आस-पास छुटे हुए लोगों को जागरूक करें और उन्हें मतदाता बनने के लिए प्रेरित करें। लोकतांत्रित देश में एक आम आदमी अपने मताधिकार का प्रयोग कर एक बेहतर सरकार के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वहीं उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह ने कहा कि मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 के तहत मतदाता सूची प्रारूप प्रकाशन की तिथि के अवसर पर वॉकथोन का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि हर योग्य व्यक्ति को अपने मताधिकारी का प्रयोग अनिर्वाय रुप से करना चाहिए। इसकी पहली कड़ी होती है अपने लिए एक वैध मतदाता पहचान पत्र का बनवाना। इसलिए सभी योग्य व्यस्क हो चुके लोग अपने लिए वोटर कार्ड बनवाना सुनिश्चित करें। जिन योग्य व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में नहीं है वे अपना नाम मोबाइल ऐप या विशेष कैंप के माध्यम से अवश्य दर्ज कराएं।

पुनरीक्षण के दौरान मतदाता सूची में अपना नाम, पता व अन्य विवरण की जांच करें। किसी प्रकार की त्रुटि होने पर उसमें सुधार करा ले। वॉकथोन में झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार, उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार, (एसएसएलएनटी) महिला महाविद्यालय के छात्र - छात्राएं के साथ साथ सैंकड़ों लोगों ने सहभागिता निभाई।

## लोयाबाद सालाना उर्स में मुशायरा का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**लोयाबाद।** लोयाबाद में चल रहे छः दिवसीय हजरत सैयद अब्दुल अजीज शाह बाबा का सालाना उर्स मुबारक के पर मंगलवार की रात में नातिया मुशायरा का आयोजन किया गया। बाहर से आए शायरों ने नबी और वलियों के अलावा मां की शान में एक से बढ़कर एक कलाम सुनाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। देर रात तक चला इस कार्यक्रम में श्रोताओं ने खुब लुत्फ उठाया। शायरों को खुब दाद दी। बिहार भागलपुर से आए अजमत भागलपुरी ने ₹बुलवा लो मुझको भी एक बार, कैसा है शहर मदीना दिखा दो एक बार। वलियों की बारात चली है शाह अजीज के आंगन में। रब की रहमत बरस रही शाह अजीज के आंगन में। गया से चलकर आऐ नसीम सहर गयावी ने जुल्म की चिराग को बुझाने वाला कौन, यजिदियत को दहर से निकालने वाला कौन मेरा बादशाह हुसैन। नदीम फैजी ने दुनिया को रुठने देना, रिश्तेदारों को टूटने देना लेकिन मां के नाम को झुकने ना देना। आरा बिहार से आए मुजफ्फर रजा आरवी ने दुनियावी ऐश व आराम और मां की शान उम्दा अंदाजा में कलाम प्रस्तुत किया 'क्यों करते हो इतना गुमान तु अपनी ताकत और धन पर, बंद मुट्ठी कर आया था जग में खाली हाथ जाएगा। लाती है कोई चीज कहीं से अगर, खुद खाती नहीं मुझको खिलाती है मेरी। सुना कर खुब दाद लूटी। इसके अलावा कोलकाता के गुलाम सरवर ने भी उम्दा अंदाज में नाते नबी पढीं। संचालन जमशेदपुर के सनव्वर रजा फैजी ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत हाफिज व कारी गुलाम रजा नुमानी ने कुरान शरीफ की आयत की तिलावत से की। सामूहिक दुआओं के साथ नातिया मुशायरा का प्रोग्राम समाप्त हो गया।मौके पर हाजी गुलाम रसुल मुफ्ती मोहसिन रजा मौलाना मुबारक हुसैन मौलाना मो खालिद कादरी मौलाना अब्दुल कबीर मौलाना इरफानुल कादरी हाफिज मो शरफुद्दीन सहित अन्य उलेमा मौजूद थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुस्लिम कमेटी के अध्यक्ष इम्तियाज अहमद महामंत्री मो असलम मंसूरी गुलाम जिलानी नईम उद्दीन अयूबी जमालउद्दीन मकसूद आलम सिकंदर आदि सक्रिय योगदान दे रहे हैं।

### रैयत विस्थापितों ने भी दिया हर्ल को अल्टीमेटम

**सिन्दरी।** हर्ल खाद कारखाना सिन्दरी में नियोजन सहित पाँच सूत्री मांगों को लेकर रैयत विस्थापित एवं ग्रामीण मजदूर संघ आगामी 11 नवंबर को हर्ल गेट पर धरना देगी। इसकी जानकारी देते हुए नेतृत्वकर्ता संजय महतो ने बताया कि एफसीआई को सिन्दरी के 15 मौजा के किसानों ने अपनी जमीन खाद कारखाना लगाने के लिए दी थी। उसे हर्ल को एफसीआई ने हस्तांतरित कर दिया है लेकिन हर्ल उक्त किसानों के वंशजों को दरकिनार कर बाहरी श्रमिकों से काम करा रही है। उक्त 15 मौजा के क्षेत्रों में सीएसआर के तहत सड़क, पानी, बिजली सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं हर्ल प्रबंधन को मुहैया कराना चाहिए।

## खैराचातर के स्कूलों में हुआ नये पोशाक तथा जूतों का वितरण



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/ कसमार।** कसमार प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय बसरिया तथा नव प्राथमिक विद्यालय मेरमहारा के छात्रों के बीच नए पोशाक व जूतों का वितरण किया गया। सामग्री वितरण कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि खैराचातर मुखिया विजय कुमार जायसवाल ने बताया कि झारखंड सरकार द्वारा संचालित इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ सभी छात्रों को मिल रहा है। इससे सरकारी स्कूलों के छात्रों में शिक्षा को लेकर माहौल बन रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा छात्रों को विभिन्न प्रकार की योजना जैसे छात्रवृत्ति, साइकिल, शिक्षा सामग्री, पुस्तक, मध्यान्ह भोजन, पोशाक वितरण की जा रही हैं जिसका उद्देश्य है कि ग्रामीण इलाकों में शिक्षा का स्तर में सुधार हो सकें।

कार्यक्रम के दौरान स्कूल के प्रधानाध्यापक सूर्यकिरण चटर्जी, विमल कुमार राय ,संदीप कुमार राय, बिगन महली, बिपिन राय, माता शरण मांझी, पंकज कुमार महतो तथा स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष निर्मला देवी, रंजीत कुमार जायसवाल, कुमार गौरव आदि उपस्थित थे।

### भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद किया गया

**चिरकुंडा।** मैथन टोल प्लाजा के समीप पुलिस और एक्साइड विभाग के संयुक्त रूप से मंगलवार की देर शाम जांच अभियान में चलाया गया । इस दौरान ऑल्टो 800 में भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद किया गया है। इस संबंध में मैथन पुलिस ने बताया कि पकड़े गए शराब पश्चिम बंगाल से बिहार बॉर्डर तक ले जाया जा रहा था। इस दौरान तीन युवकों की गिरफ्तारी की गई है। जो पुलिस हिरासत में है। पुलिस ने कहा कि अभी तक किसी प्रकार की कोई कागजात प्रस्तुत नहीं की गई है।

### साइकिल से गांवों का भ्रमण कर लोगों को किया जागरूक

**बोकारो/कसमार।** झारखंड में झारखंडी संस्कृति के प्रति झारखंडियों को जागरूक करने के लिए साइकिल से ही राज्य भ्रमण पर निकले धनबाद के साधुबाइद गांव निवासी विकास कुमार महतो कसमार प्रखंड के मंजूरा, बगियारी, बगदा, खैराचातर, सिंहपुर, रांगामाटी, कुरको, मधुकरपुर चौक होते हुए चंडीपुर बेमरोटाड़ होते हुए पेटरवार पहुंचे।

### सहारा इंडिया के अभिकर्ताओं द्वारा भुगतान की मांग को लेकर धरना

**धनबाद।** सहारा इंडिया के अभिकर्ताओ द्वारा संयुक्त ऑल इंडिया जन आंदोलन संघर्ष न्याय मोर्चा के बैनर तले बुधवार को रीजनल कार्यालय सरायढेला में एक दिवसीय धरना दिया एवं आम सभा का आयोजन किया। जिसमें सभी कार्यकताओं ने एक स्वर में कहा की अति शीघ्र सहारा कंपनी द्वारा जमा कताओं का भुगतान करने की बातें कही। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नागेंद्र कुशवाहा ने कहा यदि केंद्र सरकार सहारा इंडिया के पैसों का भुगतान जमाकताओं और कार्यकताओं को नहीं करवाती तो आगामी 2024 के मतदान में जमकतायों द्वारा वर्तमान केंद्र सरकार के विरोध में मतदान किया जाएगा। कार्यकताओं ने सहारा इंडिया मुदार्बाद, सुब्रतो राय चोर का लगाया नारा।

## राज्य में सरकार के संरक्षण में कोयला, बालू, पत्थर सहित अन्य खनिज पदार्थो की लूट : रविंद्र

### भाजपा द्वारा भ्रष्टाचार के खिलाफ बेरमो प्रखंड कार्यालय के समक्ष विशाल जनप्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** झारखंड राज्य में सरकार के संरक्षण में कोयला, बालू, पत्थर सहित अन्य खनिज पदार्थो की लूट मची है। ये बाते ने 16 वी लोकसभा सांसद रविंद्र कुमार पांडेय ने बोकारो जिले के बेरमो प्रखंड कार्यालय के समीप भाजपा के द्वारा हेमंत हटाओ - झारखंड बचाओ, सरकार के भ्रष्टाचार तुष्टीकरण और वादा खिलाफी नीति के विरूद्ध विशाल जन प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कही।भाजपा की सरकार बनते ही राज्य के दलाल, भ्रष्टाचारी और जमीन लुटेरे नहीं बख्शे जाएंगे। श्री पांडेय ने कहा कि निर्माण कार्य के लिए नहीं मिल रहा है बालू। कहा कि राज्य का बालू, कोयला, पत्थर अवैध खनन करके बाहर के राज्यो में भेजा जा रहा है। यहां के स्थानीय गरीब निवासियों को प्रधानमंत्री आवास बनाने तक के लिए भी बालू नहीं मिल रहा है। अगर वे ट्रैक्टर से बालू लाते भी हैं तो पुलिस उन्हें पकड़ रही है। अब हमें बालू के लिए पैसा लेकर थाने जाना होगा और बालू की खरीदारी करनी होगी।

**खतियानी जमीन भी राज्य में लूटी जा रही है :** उन्होंने कहा कि अब तो यह भी देखने को मिल रहा है कि खातियानी जमीन को भी ये दलाल और बिचौलिये लूट रहे हैं और सरकारी अधिकारियों के मिली-भगत से अपने नाम पर गलत तरीके से दाखिल खारिज करवा रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही ये लुटेरे, जमीन दलाल के साथ साथ पुलिस वालों को भी अंजाम भुगतना पड़ेगा।

**भाजपा के आंदोलन से भयभीत है राज्य सरकार :** भाजपा



ने राज्य की हेमंत सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ जो आंदोलन चला रही है, उससे वर्तमान सरकार पूरी तरह से भयभीत है। राज्य के मुख्यमंत्री, मंत्री और अन्य नेता बौखलाहट में अनाप-शनाप बक रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की आंदोलन की शुरूआत होने से ही सरकार इतनी बौखला गयी है कि सरकार में बैठे लोग भाजपा के कार्यकताओं को धमका रहे हैं। इसलिए मैंने कहा कि कार्यक्रम ब्लॉक या थाना के समीप ही करो ताकि इनलोगों को कार्यकताओं की फोटो लेने और पहचान करने में परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि सरकार जो कर सकती है वह करे भाजपा के कार्यकर्ता डरने वाले नहीं हैं।

पार्टी का यह चरणबद्ध आंदोलन चलता रहेगा जब तक भ्रष्टाचारियों को जेल नही भेज देती है और हेमंत सोरेन सरकार को हटा नहीं देती है। कहा कि फुसरो नगर परिषद के विकास कार्यों में लूट मची है, इसकी जांच होनी चाहिए। कहा कि राज्य में आयकर विभाग द्वारा लगातार दो दिन दो विधायक और कोयला व्यापारी के यहां छापेमारी की गई। कार्यक्रम को पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल, जिला अध्यक्ष भरत यादव, पूर्व 20 सूत्री जिला अध्यक्ष लक्ष्मण नायक, जिला महिला मोर्चा के अध्यक्ष गिरिजा देवी, उपाध्यक्ष अर्चना सिंह ,कार्यक्रम प्रभारी रोहित लाल सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य देवी दास,विनय सिंह, जगरनाथ राम, विनोद कुमार ,ओमप्रकाश सिंह, मनोज ठाकुर आदि ने संबोधित किया। घारना प्रदर्शन के पश्चात वीडिओ को मांग पत्र सौंपा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता फुसरो मंडल अध्यक्ष रामकिंकर पांडेय और संचालन बेरमो प्रखंड अध्यक्ष संजय प्रसाद ने किया। मौके पर निवर्तमान अध्यक्ष भाई प्रमोद सिंह, महामंत्री दिनेश सिंह, श्रीकांत यादव, बिणा देवी, शिवलाल रवि, सूरजमल नायक, कमलेश महतो, भैरव महतो, ईश्वर प्रजापति, अशोक मिश्रा, संजय सिंह ,मनोज तिवारी, रमेश स्वर्णकार, नवल किशोर सिंह, दिनेश यादव, सुखदेव तुरी,मदन खुराना, प्राण गिरी, शनि सिंह, पुष्पा देवी, चदन राम, लालमोहन महतो,टीना सिंह, आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## एक नजर में

### निर्माणाधीन इवीएम वेयर हाउस का डीसी-एसपी ने किया निरीक्षण

**बोकारो।** विभिन्न चुनाव कार्य में इस्तेमाल होने वाले ईलेक्ट्रानिक वोटिंग मशिन (ईवीएम) को सुरक्षित रखने के लिए जिले में निमार्णाधीन वेयर हाउस का जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कुलदीप चौधरी एवं एसपी चंदन झा ने निरीक्षण किया। इस दौरान विभिन्न कमरों व अन्य संरचना का जायजा लिया। वेयर हाउस का लगभग कार्य पूर्ण हो गया है, जो छोटा झ मोटा कार्य शेष है उसे अविलंब पूरा करने का उपायुक्त ने निर्देश दिया ताकि आने वाले निर्वाचन कार्य में उक्त वेयर हाउस का इस्तेमाल किया जा सके। उल्लेखनीय हो कि लगभग पांच करोड़ की लागत से निर्मित वेयर हाउस में विधानसभावार ईवीएम रखने के लिए कमरे एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी आदि का चेंबर एवं कांफ्रेंस हाल है।मौके पर अपर नगर आयुक्त चास अनिल कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी चास दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, उप निर्वाचन पदाधिकारी विवेक सुमन समेत अन्य उपस्थित थे।

### जिप उपाध्यक्ष बबीता ने प्रेरित किया कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने को

**बोकारो/कसमार।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत कसमार प्रखंड के मधुकरपुर पंचायत सचिवालय में शिविर का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिप उपाध्यक्ष बबीता कुमारी,आवासीय दंडाधिकारी मनीषा वत्स, प्रखंड प्रमुख नियोती कुमारी,ज़िप सदस्य अमरदीप महाराज,बीडीओ, बीपीओ राकेश कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे। आयोजन शिविर में सैकड़ों आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में वनविभाग का स्टॉल छोड़कर लगभग सभी विभागो ने स्टॉल लगाए। शिविर में पेंशन, ग्रीन राशन कार्ड, सावित्रीबाई फुले समृद्धि योजना, फूलों झानो आशीर्वाद योजना के कई लाभुकों को स्वीकृति पत्र एवं परिसंपत्ति कार्य वितरण किया गया। इस दौरान जिप उपाध्यक्ष बबीता कुमारी ने कहा कि सरकार की ओर से संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीण अवश्य उठायें। ग्रामीणो को ज्यादा से ज्यादा समस्याओं का निराकरण हो,यही इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। मौके पर उप प्रमुख संजु कुमारी, मुखिया राजेन्द्र महतो, पंसस इन्द्रजीत पांण्डेय, पंचायत सेवक राज किशोर मिश्रा, शांति राम मोदी, किशोर कांत, एटीएम गोमती कुमारी, डॉक्टर संतोष महतो, जेई मनोज कुमार, सुनीता देवी, सुरेश कुमार, समेत सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

### भागवत कथा वाचिका देवी श्री हरी प्रिया जी का संस्कार ज्ञानपीठ ने किया स्वागत

**बाघमारा।** वृंदावन से पधारे श्रीमद् भागवत कथा वाचिका देवी श्री हरी प्रिया जी आगमन संस्कार ज्ञानपीठ 10+2 विद्यालय , पीयूष विहार, हरिना नवागढ़ धनबाद प्रांगण में हुआ। विद्यालय परिवार की ओर से देवी श्री हरी प्रिया मनदीप पांडे एवं प्रीति पांडे ,अशोक सिकरवार को शॉल ओढ़ाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया । देवी श्रीहरी प्रिया जी की ओर से भी विद्यालय परिवार को प्रसाद स्वरूप सुसज्जित एक टोकरी फल प्रदान की गई। उन्होंने अपने संदेश में विद्यालय की उज्जवल भविष्य की कामना की तथा विद्यालय के छात्र छात्राओं को अपने जीवन को सफल बनाने के लिए संस्कार और ज्ञान के महत्व पर चर्चा की। इस मौके पर भागवत कथा मंडली के संयोजक श्री अशोक सिकरवार, आचार्य मंदीप कुमार शास्त्री, प्रीति पांडे एवं विद्यालय की ओर से ज्ञानपीठ के निदेशक मुकेश कुमार राय, नीरजा राय, रश्मि मिश्रा राहुल सिंह, मलय मिश्रा, नीरज रावत संगीता चौहान, आनंद गौतम, लखन महतो, चंडी मिश्रा, प्रमिला कुमारी, पूजा चौहान, शिप्रा सालनी, एकता जयसवाल, शिल्पा राय, रानी सिंह, ठाकुर महतो आदि उपस्थित रहे।

### सब जूनियर नेशनल कुराश चैम्पियनशिप में झारखंड को 2 पदक

**धनबाद।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम मे 3 दिवसीय सब जूनियर नेशनल कुराश चैम्पियनशिप का शानदार आयोजन किया गया जिसमे लगभग 28 राज्यों की टीमों ने भाग लिया। झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए आदित्य गुप्ता ने 45 किलो भार वर्ग एंव अलाफिया जोहा ने 50 किलो ग्राम से उपर के भार वर्ग मे कांस्य पदक जीत कर राज्य का मान बढ़ाया। दोनों खिलाड़ी धनबाद पब्लिक स्कूल हिरक ब्रांच के छात्र हैं। इन्हें भारतीय कुराश महासंघ के अध्यक्ष रमेश पोपली,महासचिव विनय लाल सिंह ने पुरस्कृत किया। झारखंड कुराश संघ के अध्यक्ष चन्द्र शेखर अग्रवाल, महासचिव पप्पू कुमार, कोषाध्यक्ष दिनेश मंडल, तोराब खान, पंचम शर्मा, अरूण कुमार, संजय रवानी ने विजेता खिलाड़ी आदित्य वा अलाफिया एंव टीम के कोच प्रेरित शंकर व माया चौहान को बधाई दी है।

### जिप अध्यक्ष ने फीता काटकर किया लहासा मार्केट का उद्घाटन

**धनबाद।** जिला परिषद मैदान, हीरापुर में तिब्बती रिफ्यूजी स्वेटर सेलर एसोसिएशन के लहासा मार्केट का उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह ने फीता काटकर किया। ल्हासा मार्केट के प्रधान थॉमसन ने कहा विगत कई वर्षों से वे धनबाद में लहासा मार्केट कोहिनूर मैदान हीरापुर में लगाते आ रहे हैं लेकिन इस बार यह मार्केट जिला परिषद मैदान हीरापुर में लगी है इस गर्म कपड़ों के मार्केट में लेडीस और जेंट्स के लिए फैशनेबल, नवीनतम डिजाइन एवं विभिन्न रंगो और रेंज में स्वेटर-जैकेट,बच्चों के लिए मुलायम स्वेटर, टोपी, मफलर,स्टॉल्स, सिंगल एंड डबल कंबल कुर्ता बंडी समेत अन्य लेटेस्ट अन्य गर्म कपड़ों की वैरायटी सभी उम्र के लिए उचित एवं फिक्स दामों में लेकर आए हैं। आप सभी सपरिवार आकर निश्चित होकर गर्म कपड़ों की खरीदारी करें। लहासा मार्केट के उद्घाटन के अवसर पर तिब्बतियों द्वारा पारंपरिक नृत्य की प्रस्तुति की गई।

### एफसीआई आवासों के निवासियों को हर्ल में नियोजन का हक नहीं : रमेश टुडू

**सिन्दरी।** एफसीआईएल सिन्दरी के आवासों में रहनेवाले स्थानीय नहीं हैं और इस आधार पर उन्हें हर्ल व अन्य कंपनियों में नियोजन का हक नहीं है। हर्ल में स्थानीय को नियोजन के मामले पर आगामी 14 नवंबर को एकदिवसीय हर्ल गेट का चक्का जाम किया जाएगा। उक्त बातें झामुमो धनबाद जिलाध्यक्ष रमेश टुडू ने हर्ल गेट पर पंद्रह दिनों से छः सूत्री मांगों को लेकर चल रहे धरना स्थल पर प्रेसवार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि हर्ल प्रबंधन के कानों में जूँ नहीं रेंग रही है। पिछले वर्ष भी अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय में हुई वार्ता के आधार पर हर्ल कदम नहीं उठा रही है। उन्होंने कहा कि हर्ल का बिचौलिया का काम कर रहे हर्ल एच आर के द्वारा यूरिया पैकिंग हाउस में रातोंरात अरोड़ा एंड अरोड़ा कंपनी के लगभग 70 बाहरी श्रमिकों को लगाया गया है।

### सौ गरीबों के बीच कंबल का वितरण

**बेरमो /कथारा।** बुधवार को कथारा पंचायत सचिवालय में कथारा मुखिया श्रीमती पुनम देवी के द्वारा कथारा पंचायत के गरीब और असहायो के बीच लगभग 100 कम्बल बांटी। ज्ञात हो कि यह सरकारी कम्बल मुखिया को प्रखंड द्वारा तब सौपा था जब पंचायत मे आपकी योजना, आपके द्वारा, आपकी सरकार कार्यक्रम आयोजित की गई थी। इस मौके पर मुखिया ने कही की बाकी बचे हुए जरुरत मंदो को भी कम्बल दिया जायेगा। इस अवसर पर पंचायत समिति दुलारी देवी, वार्ड सदस्य रोजी लूईस, विरेन्द्र कुमार पाण्डेय, मजलूल, के अलावा सतेन्द्र कुमार, संजय कुमार, दिनेश कुमार के अलावे अनेको ग्रामीण उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### शिवसेना नेता संजय राउत को मिली जमानत



**मुंबई।** शिवसेना नेता व राज्यसभा सांसद संजय राउत को कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। बुधवार को राउत की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए मुंबई की पीएमएलए कोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी है। राउत पात्रा चॉल भूमि घोटाले के आरोप में लंबे समय से जेल में बंद हैं।

### हरजिंदर सिंह धामी ने जीता एसजीपीसी अध्यक्ष का चुनाव

**अमृतसर।** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) दफ्तर के तेजा सिंह समुद्री हाल में आयोजित कमेटी के चुनाव में हरजिंदर सिंह धामी ने 104 वोट हासिल कर बीबी जागीर कौर को 62 वोटों से पराजित किया। जागीर कौर को कुल 42 वोट मिले।

### पुंछ में दुर्घटनावश गोली चलने से सैनिक की मौत

**जम्मू।** जम्मू संभाग के जिला पुंछ के मनकोट सेक्टर में बुधवार को सेना के एक जवान की अपने राइफल से गोली चलने से मौत का मामला सामने आया है।

### पूर्व सीएम विजय रुपाणी और नितिन पटेल नहीं लड़ेंगे चुनाव

**अहमदाबाद।** गुजरात चुनाव से पहले राज्य के पूर्व सीएम विजय रुपाणी और पूर्व डिप्टी सीएम नितिन पटेल ने चुनाव नहीं लड़ने का ऐलान किया है।

### शेयर बाजार में गिरावट

मुंबई। वैश्विक स्तर के कमजोर संकेतों के साथ ही घरेलू स्तर पर रियलटी, ऑटो सहित अधिकांश प्रमुख समूहों में हुयी बिकवाली से शेयर बाजार में बुधवार को गिरावट रही। इस दौरान सेंसेक्स 151.60 अंक टूटकर 61033.55 अंक पर और निफ्टी 45.80 अंक टूटकर 18157 अंक पर रहा।

### आइबी ने देश में शांति बनाये रखने में अहम योगदान दिया : शाह

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि आइबी ने आजादी से अब तक देश में शांति बनाए रखने के लिए बिना किसी यश के गुप्त रहकर कार्य करते हुए बेहद अहम योगदान दिया है और सुरक्षा एजेन्सियों के बलबूते सरकार राष्ट्र की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। शाह ने बुधवार को आइबी के देश भर के अधिकारियों की उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए देश की आंतरिक सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की।

पड़ोसी देश में दर्जनों मकान ढहे, उत्तराखंड, दिल्ली में महसूस हुए झटके

# नेपाल में आया भूकंप, 6 लोगों की मौत, उत्तर भारत भी कांपा

एजेंसी

**काठमांडू।** हिमालयी क्षेत्र में मंगलवार की देर रात आए शक्तिशाली भूकंप से कम से कम छह लोगों की मौत हो गई है, जबकि पांच अन्य लोग घायल हुए हैं। भूकंप के झटके नेपाल के कुछ हिस्सों और उत्तरी भारत में भी महसूस किए गए। भारत के राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, देर रात एक बजकर 57 मिनट पर 6.3 तीव्रता का भूकंप आया, जिसका केंद्र उत्तराखंड के पिथौरागढ़ से लगभग 90 किलोमीटर पूर्व-दक्षिण पूर्व में नेपाल में था। इस क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से कम तीव्रता के भूकंप के झटके कई बार महसूस किए गए हैं। एनसीएस के अनुसार, उत्तराखंड-नेपाल क्षेत्र में तड़के तीन बजकर 15 मिनट पर और सुबह छह बजकर 27 मिनट पर क्रमशः 3.6 और 4.3 की तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। नेपाल के राष्ट्रीय भूकंप निगरानी केंद्र के अनुसार, नेपाल में देर रात दो बजकर 12 मिनट पर 6.6 तीव्रता का भूकंप आया। इसका केंद्र डोटी जिले में था। इससे पहले पश्चिमी नेपाल में भूकंप के दो झटके महसूस किए गए। मंगलवार रात नौ बजकर सात मिनट पर 5.7 तीव्रता का और इसके कुछ देर बाद रात नौ बजकर 56 मिनट पर 4.1 तीव्रता का भूकंप का झटका महसूस हुआ।



**भूकंप से छह लोगों की मौत**

नेपाल के गृह मंत्रालय के प्रवक्ता फणींद्र पोखरेल ने बताया कि भूकंप से छह लोगों की मौत हो गई। पोखरेल ने बताया कि गंभीर रूप से घायल पांच लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। भूकंप में एक पुलिस चौकी और आठ मकानों के ढहने की सूचना है। नेपाल के डोटी जिले में भूकंप के दौरान कई मकान क्षतिग्रस्त हुए।

**2015 में भी आया था नेपाल में भूकंप, 9 हजार से ज्यादा जानें गईं**

नेपाल भूकंप 25 अप्रैल 2015 को सुबह 11 बजकर 56 मिनट पर नेपाल में 7.8 तीव्रता का भूकंप आया था। इस विनाशकारी भूकंप में 9,000 से ज्यादा लोग मारे गए और 23,000 से ज्यादा घायल हुए। इसका केंद्र नेपाल से 38 किलोमीटर दूर लामजुंग में था। नेपाल में 81 साल में ऐसा भूकंप आया था। इससे पहले 1934 में नेपाल और उत्तरी बिहार में 8.0 तीव्रता का भूकंप आया था।

**उत्तराखंड में महसूस किए गये झटके**

दिल्ली और उसके पड़ोसी शहर गाजियाबाद तथा गुरुग्राम और यहां तक कि लखनऊ में भी झटके महसूस किए गए। पिथौरागढ़, बागेश्वर, अल्मोड़ा, चंपावत, ऊधम सिंह नगर, नैनीताल, रुद्रप्रयाग, चमोली, टिहरी, पौड़ी, हरिद्वार, उत्तरकाशी और देहरादून जिले सहित उत्तराखंड में कई स्थानों पर भूकंप के झटके महसूस किए गए।

## कांग्रेस को विकास कार्यों से दुश्मनी : पीएम मोदी



एजेंसी

**शिमला।** विधानसभा चुनाव प्रचार के आखिरी दौर में वोटर्स को रिझाने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी बुधवार को हिमाचल आए। उन्होंने पहुंचे कांगड़ा के शाहपुर में चंबी मैदान में विशाल रैली को संबोधित किया। इसके बाद उन्होंने हमीरपुर के सुजानपुर में जनसभा को संबोधित किया। दोनों जगह उन्हें सुनने के लिए हजारों की संख्या लोग पहुंचे। इस दौरान मोदी ने कहा कि हिमाचल चुनाव में यह उनकी आखिरी सभा है। मोदी बोले- मैं हिमाचल के लोगों से पूछना चाहता हूं कि रिवाज बदलना है कि नहीं बदलना है। मैं जहां भी गया हूं, मैंने देखा है कि हिमाचल के लोग समझ चुके हैं कि अब दोबारा भाजपा को सत्ता में लाएंगे और हिसाब मांगेंगे। इसके जवाब में भीड़ ने हांजी-हांजी कहा। रैली के बाद मोदी दिल्ली रवाना हो गए।

**विकास रोकना चाहती है कांग्रेस**

मोदी ने कहा कि कांग्रेस हिमाचल में विकास की चक्की को रोकना चाहती है। कांग्रेस को विकास कार्यों से दुश्मनी है, इसलिए वह इन कार्यों को रोकना चाहती है। रेल नेटवर्क के विस्तार में हजारों करोड़ भाजपा सरकार खर्च कर रही है। बल्क ड्रग पार्क के लिए देश में 3 राज्य चुने गए, इनमें से एक हिमाचल को भी चुना गया।

5 सालों में शिक्षा व स्वास्थ्य हर क्षेत्र में डबल विकास हो रहा, हिमाचल को डबल लाभ मिला है। हिमालयी राज्यों के लिए हिमाचल रोल मॉडल बन सकता है, छोटे राज्यों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बन सकता है।

### रामपुर उप-चुनाव की अधिसूचना पर सुप्रीम कोर्ट का ब्रेक

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सपा नेता आजम खान की रामपुर सदर सीट के लिए 10 नवंबर को जारी होने वाली उप-चुनाव की अधिसूचना को एक दिन के लिए रोक दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने सेशन कोर्ट को आदेश दिया है कि वो सजा के खिलाफ आजम खान की अपील पर गुरुवार यानी 10 नवंबर को सुनवाई करे और उसी दिन फैसला करे। कोर्ट के इस फैसले से रामपुर के उप-चुनाव का भविष्य भी तय होगा क्योंकि इसी सजा के आधार पर आजम खान को अयोग्य घोषित करते हुए रामपुर सीट को रिक्त घोषित किया गया था।

## नोटबंदी पर केंद्र सरकार का नहीं आया जवाब, सुप्रीम कोर्ट नाराज

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 2016 की नोटबंदी के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर विस्तृत हलफनामा दायर करने के निर्देश पर केंद्र सरकार और रिजर्व बैंक के अमल नहीं करने और एक बार फिर अतिरिक्त समय की मांग करने पर बुधवार को उनके प्रति गहरी नाराजगी व्यक्त की। पीठ ने अटॉर्नी जनरल के अनुरोध पर मामले को फिलहाल स्थगित कर दिया। अटॉर्नी जनरल ने इस मामले में एक विस्तृत हलफनामा दाखिल करने के लिए एक सप्ताह का समय की मांग करते हुए पिछले निर्देश पर



ऐसा नहीं कर पाने के लिए पीठ से माफी मांगी। पीठ ने इस सुनवाई स्थगन की स्थिति को शर्मनाक बताते हुए केंद्र और आरबीआइ से एक सप्ताह के भीतर अपना जवाब दाखिल करने का फिर निर्देश दिया। कोर्ट ने सुनवाई के लिए 24 नवंबर की तारीख मुकर्रर करते हुए स्पष्ट कर दिया कि सरकार और आरबीआई को एक सप्ताह के भीतर अपना हलफनामा जमा करना होगा।

### हमेशा पूरी तरह तैयार रहे सेना : राजनाथ

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि सेना को किसी भी तरह की आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए हर समय तैयार रहना चाहिए और इसके लिए संचालन तैयारियों को हमेशा पुख्ता तथा चौकस रखने की जरूरत है। सिंह ने बुधवार को सेना के शीर्ष कमांडरों के सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने सीमाओं की रक्षा, आतंकवाद का मुकाबला करने और जरूरत पड़ने पर प्रशासन की मदद करने में सेनाओं की भूमिका की सराहना करते हुए जोर देकर कहा कि देश की एक अरब से भी अधिक आबादी को सेना पर पूरा भरोसा है और सेना देश का सबसे विश्सनीय संगठन है। उन्होंने कहा मुझे सेना और उसके नेतृतव पर पूरा भरोसा है।

## छंटनी : मेटा ने 11,000 कर्मचारियों को निकाला

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** ट्विटर के बाद अब दिग्गज सोशल मीडिया कंपनी फेसबुक ने बड़े पैमाने पर छंटनी की घोषणा की है। फेसबुक की मूल कंपनी मेटा ने बुधवार को इसकी घोषणा की। मेटा ने कहा कि वह 11,000 से अधिक कर्मचारियों की छंटनी करेगी। कंपनी लागत को कम करने के लिए यह छंटनी करेगी। कंपनी के अनुसार, बढ़ी हुई लागत मुनाफे को खा रही है और इससे राजस्व में गिरावट हो रही है। इससे पहले एलन मस्क के ट्विटर और माइक्रोसॉफ्ट ने बड़े पैमाने पर कर्मचारियों को बाहर निकाला है।

**13 फीसदी कर्मचारियों की होगी छुट्टी**

मेटा के सीईओ मार्क जकरबर्ग ने एक ब्लॉग पोस्ट में कहा, 'आज मैं आपसे मेटा के इतिहास के कुछ सबसे कठिन फैसले शेयर कर रहा हूं। मैंने अपनी टीम के आकार को 13 फीसदी घटाने का फैसला लिया है। इससे हमारे 11,000 प्रतिभाशाली कर्मचारियों की नौकरी चली जाएगी।'

**मिलेगा 16 हफ्ते का बेसिक वेतन**

जकरबर्ग ने कहा कि हम विवेकाधीन खर्च में कटौती करके और हायरिंग फ्रीज करने जैसे अतिरिक्त कदम उठा रहे हैं, जिससे कंपनी को अधिक कुशल बनाया जा सके।' कंपनी ने कहा कि इन कर्मचारियों को सेवा के प्रत्येक वर्ष के लिए दो अतिरिक्त सप्ताह के साथ 16 हफ्ते का बेसिक वेतन दिया जाएगा।

### नीरव को भारत लाने का रास्ता साफ, ब्रिटेन की कोर्ट से याचिका खारिज

**लंदन।** भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी को भारत लाने का रास्ता साफ हो गया है। ब्रिटेन की हाईकोर्ट ने उसकी याचिका खारिज कर दी है। इस याचिका में भगोड़े हीरा कारोबारी ने अपने प्रत्यर्पण को रोकने के लिए अपील की थी। उसकी तमाम दलीलों के बाद भी ब्रिटेन की हाईकोर्ट ने उसके प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी है। अदालत ने उसकी याचिका खारिज करते हुए कहा कि नीरव का प्रत्यर्पण किसी भी नजरिए से अन्यायपूर्ण या दमनकारी नहीं होगा। गौरतलब है कि पिछले साल फरवरी में वेस्टमिंस्टर जज ने उसे भारत प्रत्यर्पित करने का आदेश सुनाया था।

## अमेरिका ने की तारीफ, कहा- युद्ध समाप्ति के लिए भारत का संदेश सुने रूस

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** यूक्रेन संघर्ष के बीच दो दिनों की रूस यात्रा पर गए भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर पर दुनिया की नजरें लगी हुईं थीं और अब अमेरिका के विदेश विभाग की प्रतिक्रिया सामने आ गई है। प्रवक्ता नेड प्राइस ने जयशंकर की तारीफ करते हुए कहा है कि रूस को यूक्रेन युद्ध रोकने के लिए भारत का संदेश सुनना चाहिए। उन्होंने कहा कि रूस को भारत से कूटनीति समझनी चाहिए। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर और रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के बीच मॉस्को में हुई वार्ता पर



प्रतिक्रिया देते हुए नेड प्राइस ने कहा कि बीते महीनों में भारत के विदेश मंत्रालय से हमारी कई बार बातचीत हुई है। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन की जयशंकर से मुलाकात भी हो चुकी है। नेड प्राइस ने कहा कि भारत ने फिर यह बात दोहराई है कि वह युद्ध के खिलाफ है। यही सलाह भारत के पीएम नरेंद्र मोदी ने रूस के राष्ट्रपति पुतिन को भी दी थी और अब वही बात जयशंकर ने कही है। नेड प्राइस ने कहा कि भारत ने यह संदेश दिया है कि वह रूस-यूक्रेन के बीच जारी युद्ध का हल बातचीत और कूटनीति के जरिए देखना पसंद करता है। भारत ने कहा है कि यह समय युद्ध का नहीं है, ऐसे में दोनों देशों को भारत की भूमिका अहमियत समझनी चाहिए। एस जयशंकर ने कहा कि भारत, रूस से तेल खरीदना जारी रखेगा। ऐसे में अमेरिकी प्रवक्ता नेड प्राइस ने इसको लेकर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि यह मामला रूस और भारत के द्विपक्षीय हितों से जुड़ा हुआ है।

### टेलीविजन चैनलों के लिए नये दिशा निर्देश

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 'टेलीविजन चैनलों के अपलिंकिंग और डाउनलिंकिंग के लिए दिशानिर्देश 2022' को मंजूरी दे दी है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि इन दिशानिदेशों से पंजीकृत कंपनियों को टीवी चैनलों के अपलिंकिंग और डाउनलिंकिंग, टेलीपोर्ट्स और टेलीपोर्ट हब की स्थापना, डिजिटल सैटेलाइट समाचार कवरेज (डीएसएनजी), सैटेलाइट समाचार कवरेज (एसएनजी), इलेक्ट्रॉनिक समाचार कवरेज (ईएनजी), भारतीय समाचार एजेंसियों द्वारा अपलिंकिंग और लाइव कार्यक्रम की अस्थायी अपलिंकिंग के इस्तेमाल की अनुमति लेने में आसानी होगी।

## अवनीत कौर ने बिखेरा अदाओं का जलवा, शॉर्ट ड्रेस में पोस्ट की फोटो

अवनीत की इन फोटोज के साथ इंस्टाग्राम का पारा भी बढ़ गया है। फैन्स ने भी अवनीत की जमकर तारीफ की है। अवनीत सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। अवनीत के इंस्टाग्राम पर 32 मिलियन से भी ज्यादा फॉलोअर्स हैं। अवनीत कौर ने महज 21 साल में शोहरत का एक बड़ा मुकाम हासिल किया है। 31 अक्टूबर 2001 को पंजाब के जलंधर में जन्मी अवनीत ने अपने करियर की शुरूआत जी टीवी के डांस शो 'डांस इंडिया डांस लिटिल मास्टर' से की थी। इस शो में अवनीत सेमी फाइनल में ही बाहर हो गईं थीं। लेकिन इस शो के जरिए अवनीत ने अपनी पहचान बना ली। इसके बाद अवनीत ने लाइफ ओके के सीरियल 'मेरी मां' से टीवी की दुनिया में कदम रखा और जल्द ही टीवी की दुनिया का एक चमकता सितारा बन गईं। अवनीत झलक दिखला जा 5, सावित्री, एक मुट्ठी आसमान, हमारी सिस्टर दीदी, चंद्र नंदिनी, अलादीन- नाम तो सुना होगा जैसे कई टीवी शोज में नजर आ चुकी हैं। अवनीत सोशल मीडिया पर भी खासी पॉपुलर हैं।






# फाइनल पहुंचा किस्मत का पहलवान पाकिस्तान



## न्यूजीलैंड को सात विकेट से हराया

एजेंसी

**मेलबर्न।** पाकिस्तान ने पहले सेमीफाइनल मैच में न्यूजीलैंड को सात विकेट से हरा दिया है। न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 152 रन बनाए थे। न्यूजीलैंड के लिए डेरेल मिचेल ने 53 और केन विलियमसन ने 46 रन बनाए थे। पाकिस्तान के लिए शाहीन अफरीदी ने दो विकेट लिए थे। 153 रन का पीछा करते हुए बाबर और रिजवान की जोड़ी ने पाकिस्तान को शानदार शुरूआत दी। दोनों ने पहले विकेट के लिए 105 रन की साझेदारी कर पाकिस्तान की जत तय कर दी। बाबर ने 53 और रिजवान ने 57 रन बनाए। अंत में हारिस रऊफ ने 30 रन की पारी खेल पाकिस्तान को जीत के पार पहुंचाया। न्यूजीलैंड के लिए ट्रेंट बोल्ट ने दो विकेट लिए। पाकिस्तान की टीम 2009 के बाद पहली बार टी20 विश्व कप के फाइनल में पहुंची है। अब फाइनल मुकाबले में पाकिस्तान का सामना भारत और इंग्लैंड के मैच के विजेता से होगा।

**अहम मौके पर पाई फॉर्म कप्तान बाबर आजम की पहली हाफ सेंचुरी**

पाकिस्तान ने 5.3 ओवरों में ही हाफ सेंचुरी पूरी की। देखते ही देखते 11वें ओवर की आखिरी गेंद पर बाबर आजम ने 38 गेंदों में 50 रनों का स्कोर छुआ। यह उनका टूर्नामेंट में पहली फिफ्टी रही। दूसरी ओर, रिजवान ने 50 रन पूरा करने के लिए 36 गेंदों का सामना किया। हालांकि, 13वें ओवर में बाबर आजम को बोल्ट ने मिशेल के हाथों कैच आउट कराया। वह 42 गेंदों में 7 चौके की मदद से 53 रन बनाए।

**लेकिन न्यूजीलैंड नहीं बचा पाया मैच**

पाकिस्तान जीत के करीब था तभी मोहम्मद रिजवान का विकेट गिर गया। मोहम्मद रिजवान ने 43 गेंदों में 7 चौके की मदद से 57 रन बनाए। इसके बाद मोहम्मद हारिस ने नाबाद 30 ने 2 चौके और एक छक्का उड़ाते हुए 19.1 ओवरों में जीत हासिल कर ली। मैच में ट्रेंट बोल्ट ने 2 विकेट झटके।

## भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरा सेमीफाइनल मैच आज

**एडिलेड।** भारत और इंग्लैंड के बीच गुरुवार 10 नवंबर को आइसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2022 का दूसरा सेमीफाइनल एडिलेड में खेला जाना है। टूर्नामेंट के दौरान कई मैचों में बारिश ने खलल डाली, कुछ मैच के रिजल्ट इससे प्रभावित हुए तो कुछ धुल गए। ऐसे में फैंस के मन में भारत बनाम इंग्लैंड मुकाबले से पहले एडिलेड के मौसम को लेकर बड़ा सवाल यह होगा कि क्या इस मुकाबले पर भी बारिश का असर दिखेगा। वहीं अगर बारिश की वजह से मुकाबला धुला तो क्या होगा। आपके इन सभी सवालों का जवाब लेकर हम आए हैं।



**अगर बारिश की वजह से धुला मैच तो क्या होगा? :** भारत बनाम इंग्लैंड मुकाबला अगर बारिश की भेंट चढ़ता है तो सुपर-12 के ग्रुप में टॉप पर रहने वाली टीम को फाइनल का टिकट मिल जाएगा। इसका मतलब यह है कि अगर बारिश की वजह से भारत बनाम इंग्लैंड मुकाबला धुलता है तो भारत फाइनल में जगह बना लेगा क्योंकि टीम इंडिया ने ग्रुप-2 के टॉप पर रहते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया है।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–
Based on JCERT

Class - VIII
• Class VIII Today (Combined) ₹ 250
• Class VIII Today (English Medium) ₹ 280
• Mathematics Practical ₹ 60
• Science Practical ₹ 60
• S. Science Practical ₹ 60
• Hindi Vyakaran–I ₹ 60
• English Grammar–I ₹ 60
• Sanskrit Vyakaran–I ₹ 50

Classes VI & VII
• Class VII Today (Combined) ₹ 240
• Class VI Today (Combined) ₹ 240
• Hindi Vyakaran–I ₹ 60
• English Grammar–I ₹ 60
• Sanskrit Vyakaran–I ₹ 50

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!